**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 35.1 | 27.6 |
| जमशेदपुर | 29.2 | 23.8 |
| डालटनगंज | 36.7 | 21.3 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* *

धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



चुनावी समर 2024

मंगलवार 09 अप्रैल 2024 ● चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 1

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


जगदलपुर

## हमने कांग्रेस की लूट की व्यवस्था बंद कर दी: मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के दौर में भ्रष्टाचार देश की पहचान बन गई थी. मोदी ने कहा कि 2014 से पहले लाखों-करोड़ों रुपये के घोटाले होते थे. कांग्रेस की सरकार में दिल्ली से एक रुपया भेजा जाता था, तो गांव तक सिर्फ 15 पैसा पहुंचता था. उन्होंने जिक्र किया कि यह बातें कांग्रेस के ही तब के एक प्रधानमंत्री (राजीव गांधी) ने कही थी. प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मोदी ने कांग्रेस की लूट की इस व्यवस्था को बंद कर दिया है. भाजपा सरकार ने अपने 10 साल के कार्यकाल में 34 लाख करोड़ रुपये सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजा है. दिल्ली से एक रुपये भेजा गया और पूरे 100 पैसे गरीब के खातों में जमा हो गए. मोदी ने आगे कहा कि वह कहते हैं कि 'भ्रष्टाचार हटाओ', तो विपक्षी दल कहते हैं कि 'भ्रष्टाचारी बचाओ'.



नयी दिल्ली

## देश को बांटने की कोशिश कर रही कांग्रेस: जेपी नड्डा

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को कांग्रेस के घोषणापत्र पर मुस्लिम लीग की छाप होने का आरोप लगाया. नड्डा ने 'एक्स' पर वीडियो पोस्ट करते हुए कांग्रेस पर सत्ता की लोलुपता में देश को बांटने की कोशिश करने का भी आरोप लगाया. उन्होंने कहा, कांग्रेस को जनता ने बार-बार नकारा, लेकिन इसके बावजूद कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति से बाज नहीं आ रही है. मैंने कांग्रेस का मेनिफेस्टो देखा, तो मुझे आश्चर्य हुआ कि ये कांग्रेस का घोषणापत्र है या मुस्लिम लीग का''. उन्होंने आरोप लगाया कि जिस मुस्लिम लीग ने 1929 में धर्म के आधार पर आरक्षण की बात की थी, आज कांग्रेस उसी बात को दोहरा रही है. भाजपा अध्यक्ष वायनाड में राहुल गांधी के नामांकन जुलूस में कांग्रेस के झंडे नहीं होने का भी मुद्दा उठाया और दावा किया कि मुस्लिम लीग को तुष्ट करने के लिए कांग्रेस ने यह कदम उठाया. उन्होंने कहा कि ये देश बांटने की जो चाल है, देश इसको माफ नहीं करेगा.



मध्य प्रदेश

## आदिवासियों की जमीन मित्रों को देना चाहती है भाजपा: राहुल

कांग्रेस नेता व सांसद राहुल गांधी ने सोमवार को आगामी लोकसभा चुनाव जीतने का भरोसा जताया और कहा कि नई सरकार अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग की महिलाओं के बैंक खाते में सालाना एक लाख रुपये अंतरित करेगी. मध्य प्रदेश के सिवनी जिले के धनोरा में एक रैली को संबोधित करते हुए गांधी ने बेरोजगार युवाओं को गारंटीकृत प्रशिक्षण प्रदान करने का भी आश्वासन दिया. उन्होंने कहा कि हमारे घोषणा पत्र में हमारे द्वारा उठाए जाने वाले तीन से चार क्रांतिकारी कदमों का उल्लेख है. गांधी ने कहा कि केंद्र में हमारी सरकार बनाने के बाद हम रोजगार में ठेकेदारी प्रथा खत्म करेंगे और सरकारी क्षेत्र में 30 लाख रिक्तियां भरेंगे. गांधी ने आरोप लगाया कि भाजपा जानबूझकर आदिवासियों को उनकी जमीन से उखाड़ने के मकसद से उन्हें 'आदिवासी' कहने की बजाय 'वनवासी' कह रही है. वे आदिवासियों की जमीन उद्योगपतियों को देना चाहते हैं.



रांची

## कल्पना के डर की कल्पना नहीं कर नहीं कर पा रहे मरांडी: सुप्रियो

झामुमो ने प्रदेश भाजपा प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी के इलेक्शन कमीशन में शिकायत की है. पार्टी ने झारखंड पुलिस-प्रशासन से वाजपेयी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर के जेल भेजने की मांग की. वाजपेयी को झामुमो ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि यह उत्तर प्रदेश नहीं, झारखंड है. अपनी भाषा पर संयम बरतें और सोच समझ कर बोलें. क्योंकि झारखंड झुकेगा नहीं, डरेगा नहीं और वाजपेयी को छोड़ेगा नहीं. पार्टी महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि जिस दिन से हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन सार्वजनिक जीवन में कदम रखा है. उस दिन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे बौखला गए हैं. ये लोग कल्पना के डर की कल्पना किस तरह करें, उसकी कल्पना नहीं कर पा रहे हैं. कल्पना सोरेन और झामुमो अपने पूर्व सीएम के कार्यों को लेकर जनता से आशीर्वाद मांग रहे हैं.



### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 66,500 |
| चांदी (किलो) | 85,000 |

### ब्रीफ खबरें

#### सरोगेसी मानव गरिमा के लिए खतरा: वेटिकन

**वैटिकन सिटी।** वैटिकन ने लिंग परिवर्तन सर्जरी और सरोगेसी को मानव गरिमा के लिए खतरा बताया और कहा कि ये मानव जीवन के लिए ईश्वर की योजना का उल्लंघन करने वाले गर्भपात एवं इच्छा-मृत्यु के बराबर हैं. वैटिकन ने 20 पृष्ठ की अनंत गरिमा नामक घोषणा जारी की जिस पर पांच साल से काम चल रहा है. हाल के महीनों में पर्याप्त संशोधन के बाद, इसे 25 मार्च को पोप फ्रांसिस द्वारा अनुमोदित किया गया, जिन्होंने इसके प्रकाशन का आदेश दिया.

#### पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने भाजपा छोड़ी

**चडीगढ़।** पूर्व केंद्रीय मंत्री राव बीरेंद्र सिंह ने सोमवार को कहा कि उन्होंने भाजपा छोड़ दी है और वह कांग्रेस में शामिल होंगे. करीब एक महीने पहले उनके बेटे बृजेन्द्र सिंह भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल हो गए थे. बीरेंद्र की पत्नी और हरियाणा से भाजपा की पूर्व विधायक प्रेम लता ने भी भाजपा छोड़ दी है. वो भी पति के साथ कांग्रेस में शामिलि होंगी.

#### कांग्रेस व नेकां में सीट शेयरिंग का ऐलान

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस ने सोमवार को ऐलान किया कि वे इस लोकसभा चुनाव में जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख की कुल छह सीटों पर मिल कर चुनाव लड़ेंगे. दोनों तीन-तीन सीटों पर चुनाव लड़ेंगी. ऊधमपुर, जम्मू और लद्दाख सीटों से कांग्रेस चुनाव लड़ेगी. नेशनल कॉन्फ्रेंस अनंतनाग, श्रीनगर और बारामूला लोकसभा सीटों से चुनाव लड़ेगी.

#### केजरीवाल पर आज आएगा फैसला

**नयी दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली सीएम अरविंद केजरीवाल की याचिका पर मंगलवार को फैसला सुनाएगा. हाईकोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड की गई वाद सूची के अनुसार, न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा मंगलवार को दोपहर 2:30 बजे याचिका पर आदेश सुनाएंगी.

#### 'परमाणु बम' की धमकी देने पर दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने कथित तौर पर 'परमाणु बम' साथ ले जाने का उल्लेख करने पर दो लोगों को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा से गिरफ्तार कर लिया. पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को जानकारी दी कि घटना पांच अप्रैल की है, जब गुजरात के राजकोट निवासी जमीन करोबारी जिग्नेश मलानी और कश्यप कुमार ललानी ने अहमदाबाद जाने वाली उड़ान में सवार होने से पहले सुरक्षा कर्मियों द्वारा जांच करने पर आपत्ति जताई. दोनों ने सुरक्षाकर्मी से कहा, 'तुम क्या करोगे, जब कहेंगे कि हम परमाणु बम ले जा रहे हैं.'

**कड़ा रुख : टीएमसी ने अब केंद्रीय चुनाव आयोग से कर दी बड़ी मांग, कहा-**

# ईडी, सीबीआई, एनआईए और आईटी चीफ को बदलें

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**

लोकसभा चुनाव में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर चुनाव आयोग के पास लगातार शिकायतें आ रही हैं. इस बीच टीएमसी का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को दिल्ली में केंद्रीय चुनाव आयोग के कार्यालय पहुंचा. टीएमसी ने ईडी, सीबीआई, एनआईए और इनकम टैक्स के चीफ को तुरंत बदलने की मांग की. इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने आयोग के बाहर धरने का ऐलान किया. हालांकि, बैठते ही पुलिस एक्शन में आ गई और सभी नेताओं को हिरासत में ले लिया. टीएमसी के 10 नेताओं ने अपनी मांग को लेकर दबाव बनाने के लिए आयोग की पूर्ण पीठ से मिलने के बाद धरने की घोषणा की थी. सांसद डेरेक ओ ब्रायन, मोहम्मद नदीमुल हक, डोला सेन, साकेत गोखले व सागरिका घोष, विधायक विवेक गुप्ता, पूर्व सांसद अर्पिता घोष, शांतनु सेन, अबीर रंजन विश्वास और पार्टी की छात्र शाखा की पश्चिम बंगाल इकाई के उपाध्यक्ष सुदीप राहा को हिरासत में ले लिया गया. तृणमूल कांग्रेस आरोप लगा रही है कि केंद्रीय जांच एजेंसियां भाजपा की केंद्र सरकार के इशारे पर विपक्षी दलों को निशाना बना रही हैं.



- मांग को ले आयोग के बाहर धरने पर बैठे टीएमसी नेता
- टीएमसी नेताओं को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया

### केंद्रीय एजेंसियों का दुरूपयोग कर रही भाजपा : डोला

डोला सेन ने कहा, भाजपा हमारे खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों का दुरूपयोग कर रही है. जिस तरह से एनआईए, ईडी और सीबीआई काम कर रही हैं तथा टीएमसी नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है, वह शर्मनाक है. हम निर्वाचन आयोग से सभी राजनीतिक दलों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने का अनुरोध कर रहे हैं. टीएमसी ने चुनाव से पहले एनआईए और भाजपा के बीच मिलीभगत का आरोप लगाया. हालांकि, जांच एजेंसी ने इन आरोपों से इनकार किया और विवाद को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया. एनआईए की टीम शनिवार को पूर्व मेदिनीपुर में विस्फोट के मामले में दो मुख्य संदिग्धों को गिरफ्तार करने गई थी, लेकिन भीड़ ने जांच एजेंसी की टीम पर कथित तौर पर हमला कर दिया था.

#### भाजपा और एनआईए की है सांठ-गांठ : साकेत गोखले

टीएमसी नेता साकेत गोखले ने कहा कि क्या केंद्र ने एनआईए के नये डीजी की नियुक्ति से पहले आयोग की मंजूरी ली थी. इस नियुक्ति की जांच हो. लोस चुनाव के दौरान केंद्रीय एजेंसियों के साथ भाजपा की सांठगांठ गहराती जा रही है. गोखले ने आरोप लगाया कि भाजपा के नेता जीतेंद्र तिवारी ने 26 मार्च को एनआईए के एसपी डीआर सिंह से मुलाकात की थी और उसी दिन सदानंद दाते को एजेंसी का नया प्रमुख नियुक्त किया गया.

#### बीते सप्ताह हुआ था बंगाल में एनआईए की टीम पर हमला

बता दें कि बीते हफ्ते एनआईए की टीम भूपतिनगर में साल 2022 में हुए बम धमाके के मामले में छापेमारी करने और दो आरोपियों (मनोब्रतो जाना और बालीचरन मैती) को गिरफ्तार करने पहुंची थी. इस दौरान जब एनआईए टीम दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लौट रही थी, तो स्थानीय लोगों ने एनआईए टीम पर पथराव किया. जिसमें एनआईए की गाड़ियों के शीशे टूट गए और कई अधिकारी घायल हुए.

#### मोदी की गारंटी' मतलब विपक्षी नेताओं को जेल में डालना: ममता



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने दावा किया कि पीएम मोदी के, चार जून के बाद भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करने के वादे का अभिप्राय है कि विपक्षी नेताओं को चुनाव के बाद सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा. बांकुड़ा में ममता ने कहा कि मोदी जिस तरह से कह रहे हैं कि चुनाव नतीजे आने के बाद भ्रष्टाचार को लेकर विपक्ष के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, वह अस्वीकार्य है.

हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस को गैंगस्टर का बंदी पत्र

## दूसरों को डरानेवाले अमन साहू को लग रहा मौत का डर!

शुभम संदेश एक्सक्लूसिव

**सौरभ सिंह। रांची**

दूसरों को डरानेवाले गैंगस्टर अमन साहू को खुद की मौत का डर सता रहा. उसने हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस को बंदी पत्र लिख कर दावा किया है कि उसकी हत्या की साजिश हो रही है. उसने आरोप लगाया कि साजिश में पुलिस अफसर, कोयला माफिया और राजनेता शामिल हैं. साजिश के तहत उसे एक से दूसरे जेल में शिफ्ट किया जा रहा है.

बता दें कि उसे फिर से गिरिडीह जेल में शिफ्ट करने का निर्णय सरकार ने लिया है. वहां पहले भी भेजा गया था. वहां से सिमडेगा शिफ्ट हुआ था. अब लगता है कि दुबारा गिरिडीह भेजने के पीछे कोई बड़ा षडयंत्र है. अपने बंदी पत्र पत्र में साहू ने जिक्र किया है कि धनबाद जेल में न्यायिक हिरासत में रहने के दौरान अमन सिंह की हत्या की जा चुकी है. ऐसी घटना उसके साथ भी हो सकती है. वर्तमान में अमन साहू पलामू जेल में बंद है.

**नियमों का नहीं होता पालन :** अमन ने बंदी पत्र में लिखा है कि जेल शिफ्ट के दौरान नियमों का पालन नहीं होता है. केसों से संबंधित ट्रायल कोर्ट से स्वीकृति भी नहीं ली जाती है. इस कारण कई बार कोर्ट ने जेल अधीक्षक से स्पष्टीकरण मांगा है. जेल अधीक्षक द्वारा अगली बार जेल शिफ्ट से पहले कोर्ट की स्वीकृति लेने की बात कही जाती है, लेकिन फिर से यही सब दुहराया जाता है.

साहू ने लिखा है- बार-बार जेल ट्रांसफर होने के कारण मेरे खिलाफ चल रहे मुकदमों की सुनवाई बाधित हो रही है. चार साल से जेल में हूं. बार-बार जेल ट्रांसफर होने से अपने वकील, परिजनों से भी मुलाकात नहीं कर पाता. जेल शिफ्ट के दौरान ही कैदी वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण मैं स्लिप डिस्क का मरीज हो गया हूं. इलाज के लिए मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, लातेहार के आदेश पर पलामू जेल में मेडिकल बोर्ड का गठन हुआ था. मेडिकल बोर्ड ने जांच के लिए रिम्स भेजने को कहा था. पर, चार माह बीतने के बाद भी रिम्स नहीं ले जाया गया.



गैंगस्टर अमन साहू

#### अमन सिंह ने भी जताई थी आशंका, हो गई हत्या

तीन दिसंबर 2023 को धनबाद जेल में बंद गैंगस्टर अमन सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी. इससे पहले 18 जुलाई 2022 को जब अमन सिंह एक मामले में पेशी के लिए धनबाद कोर्ट लाया गया था, तब उसने मीडिया को दिए बयान में खुद की हत्या की आशंका जतायी थी. छह जून 2022 को उसके वकील मो. जावेद ने धनबाद कोर्ट में अपील दाखिल कर जेल के अंदर हत्या की आशंका जतायी थी. इसके बाद अमन सिंह को दुमका जेल में शिफ्ट कर दिया गया था. धनबाद जेल से दुमका जेल में शिफ्ट करने के दौरान भी अमन सिंह ने कहा था कि उसकी हत्या हो सकती है. उसकी यह आशंका सच साबित हुई थी.

#### बंदी पत्र में लिखा - कब कहां ट्रांसफर किया गया

- 29 अक्टूबर 2021 को रांची से पाकुड़ जेल
- 13 अप्रैल 2022 को गिरिडीह जेल
- 23 जुलाई 2022 को मंडल कारा सिमडेगा
- 17 सितंबर 2022 को पलामू जेल
- 24 नवंबर 2022 को दुमका जेल
- 19 अगस्त 2023 को चाईबासा जेल
- 11 अक्टूबर 2023 को पुन: पलामू जेल

## 'मुस्लिम लीग' वाली टिप्पणी पर ईसी कार्रवाई करे: कांग्रेस

**भाषा। नई दिल्ली**

कांग्रेस ने उसके चुनावी घोषणापत्र में 'मुस्लिम लीग की छाप'' होने संबंधी पीएम नरेंद्र मोदी की टिप्पणी को लेकर निर्वाचन आयोग से कार्रवाई की मांग की है. पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को आयोग के समक्ष इस विषय को रखा. प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस के मुकुल वासनिक, सलमान खुर्शीद, पवन खेड़ा और गुरदीप सप्पल शामिल थे. खुर्शीद ने कहा कि पीएम मोदी ने अपने भाषणों में कांग्रेस के घोषणा पत्र को झूठ का पुलिंदा कहा है, यह दुखद है. मोदी ने यह भी कहा कि यह उन पार्टियों का घोषणा पत्र लगता है, जो हमारे धर्मनिरपेक्ष समाज की आजादी का विरोध कर रहे हैं. हम समझते हैं कि मोदी को ऐसी बात कहने का अधिकार नहीं है. खुर्शीद ने कहा कि हमने मामले को आयोग के समक्ष रखा और इस पर विचार कर कार्रवाई करने का आग्रह किया है. वहीं, खेड़ा ने कहा कि हमने चुनाव आयोग के सामने ऐसी बातें रखी हैं, जिन पर हम पहले भी आपत्ति दर्ज कराते रहे हैं.

## अंबा व उनके भाई से ईडी ने 8 घंटे की पूछताछ

**संवाददाता। रांची**

बड़कागांव की कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद और उनके भाई अंकित राज सोमवार को ईडी कार्यालय पहुंचे. दोनों से ईडी के अधिकारियों ने करीब आठ घंटे तक पूछताछ की. इससे पहले दोनों ईडी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए थे और ईडी से 15 दिनों का समय मांगा था. ईडी के द्वारा समय नहीं दिए जाने पर सोमवार को दोनों हुए.

इससे पहले तीन अप्रैल को ईडी ने अंबा के पिता और पूर्व मंत्री योगेंद्र साव से पूछताछ की थी. वहीं, अंबा प्रसाद व उनके भाई अंकित राज ने रंगदारी, लेवी वसूली, बालू के अवैध व्यापार सहित अन्य आरोपों पर सवाल पूछे हैं.



- जमीन पर कब्जा रंगदारी, लेवी वसूली, बालू के अवैध व्यापार पर पूछे सवाल

**अंबा पर ईडी ने दर्ज किया है ईसीआईआर :** ज्ञात हो कि ईडी ने अंबा और उनके पारिवारिक सदस्यों के खिलाफ हजारीबाग के विभिन्न थानों में दर्ज केस को मिलाकर ईसीआईआर दर्ज किया है. इसमें जमीन पर कब्जा, रंगदारी, लेवी वसूली, बालू के अवैध व्यापार सहित अन्य आरोप लगाए गए हैं. ईसीआईआर दर्ज करने के बाद ईडी ने 12 मार्च को अंबा प्रसाद, योगेंद्र साव सहित उनके रिश्तेदारों और करीबी लोगों के 20 ठिकानों पर छापेमारी की थी. इस दौरान विधायक और उनके पारिवारिक सदस्यों के मोबाइल और अन्य डिजिटल डिवाइस जब्त किए गए थे. इसके बाद इस मामले में आगे की जांच और पूछताछ के लिए ईडी ने योगेंद्र साव, अंबा प्रसाद और अंकित राज को समन भेज कर हाजिर होने का निर्देश दिया था.

# एसेट या लॉयबिलिटी-संपत्ति या जिम्मेदारी और समस्या


**सुरजीत सिंह**

किसी भी देश के लिए यह बड़ी खुश होने वाली बात होती है कि उसके पास कुल आबादी की अधिकांश आबादी वर्किंग एज ग्रुप की है. वर्किंग एज ग्रुप यानी 15 साल से अधिक उम्र के महिला-पुरुष. वर्किंग एज ग्रुप के लोग देश के लिए एसेट (संपत्ति) माने जाते है, लेकिन यही वर्किंग एज ग्रुप के लोग देश के लिए तब लॉयबिलिटी (जिम्मेदारी) और समस्या बन जाते हैं, जब उनके पास काम नहीं होता. यानी उन्हें जॉब (नौकरी) नहीं मिलती. सवाल यह है कि क्या हम इसी स्थिति में पहुंच रहे हैं या सब ठीक-ठाक है. जो आंकड़े उपलब्ध हैं, वो भयावह हालात की तरफ इशारा कर रहे हैं.

### सीएमईआई के अनुसार


- देश की कुल जनसंख्या ₹140 करोड़
- वर्किंग एज ग्रुप की संख्या ₹111 करोड़
- अलग-अलग कामों में लगे परुषों की संख्या ₹40 करोड़
- 111 करोड़ में से 92.2 प्रतिशत महिलाएं बेरोजगार हैं ₹51 करोड़
- 111 करोड़ में से 33.6 प्रतिशत पुरुष बेरोजगार हैं ₹18.50 करोड़
- अलग-अलग कामों में लगे महिलाओं की सं. ₹04 करोड़

### कृषि क्षेत्र में सबसे अधिक रोजगार




### देश में नौकरी की स्थिति

- केंद्र सरकार के संस्थानों में स्वीकृत पदों की संख्या ₹39.77 लाख
- केंद्र सरकार के संस्थानों में खाली पदों की संख्या ₹9.64 लाख
- सिर्फ रेलवे में खाली पदों की संख्या ₹2.50 लाख
- देश भर के विद्यालयों में शिक्षकों के कुल रिक्त पद ₹8.40 लाख
- कक्षा एक से सात के लिए शिक्षकों के रिक्त पद ₹7.00 लाख
- कक्षा आठ से 10 के लिए शिक्षकों के रिक्त पद ₹1.20 लाख
- मनरेगा में काम करने वाले रजिस्टर्ड मजदूरों की संख्या ₹44 करोड़



### ब्रीफ खबरें

## अमित व अफसर अली पर फैसला सुरक्षित



**रांची।** सेना के कब्जे वाली जमीन और चेशायर होम रोड स्थित एक भूखंड की फर्जी दस्तावेजों के सहारे खरीद-बिक्री से जुड़े लैंड स्कैम के आरोपी अमित अग्रवाल और अफसर अली की डिस्चार्ज पिटीशन पर सोमवार को सुनवाई पूरी हो गयी. रांची पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की स्पेशल कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया. ईडी ने इस संबंध में कांड संख्या 5/2023 दर्ज किया है. दरअसल लैंड स्कैम की अब तक की जांच में अमित अग्रवाल, दिलीप घोष, रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, बड़ागाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, कथित रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान व मोहम्मद सद्दाम को गिरफ्तार कर चुकी है. सभी आरोपी फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं.

## टीपीसी कमांडर बिनोद गंझू को मिली जमानत

**रांची।** टेरर फंडिंग केस के आरोपी प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीपीसी के कमांडर बिंदेश्वर गंझू उर्फ बिनोद गंझू को झारखंड हाईकोर्ट ने बेल दे दी है. हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय की बेंच में विनोद गंझु की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई. चतरा जिले के टंडवा थाना में बिनोद गंझू के खिलाफ वर्ष 2017 में कांड संख्या 2 दर्ज की गयी थी, जिसे टेकओवर कर एनआईए ने जांच की है. विनोद गंझू पर एनआईए ने आईपीसी की धारा 147, 148, 149, 427, 3, 4, आर्म्स एक्ट की धारा 27 और सीएलए (क्रिमिनल लॉ एमेंडमेंट) एक्ट की धारा 17(i), (ii) के तहत चार्जशीट दाखिल की है. जांच एजेंसी ने उसके ठिकानों से करीब 90 लाख से ज्यादा कैश बरामद की थी.

## पलामू जेल के कैदी की रिम्स में मौत

**रांची/पलामू।** पलामू जेल के कैदी अजय चौधरी की रिम्स में आज सोमवार को इलाज के दौरान मौत हो गयी. अजय चौधरी पर बीते 26 मार्च को (होली के दिन) अपने चचेरे भाई की गोली मारकर हत्या करने अरोप था. घटना के बाद पुलिस ने आरोपी अजय चौधरी को 28 मार्च को मेदिनीनगर टाउन थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया था. वह 28 मार्च से पलामू सेंट्रल जेल में बंद था. अचानक तबीयत खराब होने के बाद उसे रिम्स में भर्ती करवाया गया था, जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गयी.

**चचेरे भाई की गोली मारकर हत्या करने का आरोप था:** 26 मार्च को पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र के सेमरटांड में मनोज चौधरी नामक नामक युवक की गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी. जानकारी के अनुसार, मनोज चौधरी अपने गोतिया परिवार के साथ होली के दिन बैठकर शराब पी रहा था. इसी क्रम में अपने चचेरे भाई अजय चौधरी के साथ उसकी बहस हो गयी थी. आरोप है कि बहस के दौरान अजय चौधरी ने मनोज चौधरी को गोली मार दी थी. आनन-फानन में मनोज चौधरी को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी थी.

### केजरीवाल के पक्ष में आप ने जैसी हवा दिल्ली में बनायी, वैसी लहर झामुमो झारखंड में नहीं पैदा कर सका

# बाकी विपक्षी दलों को आम आदमी पार्टी से सीखना चाहिए सबक

**शुभम संदेश नेटवर्क।रांची**

21 मार्च को इंफोर्समेंट डाइरेक्टोरेट (ईडी) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया. इस घटना के बाद आम आदमी पार्टी (आप) के नेता बहुत तेजी से भाजपा पर हमलावर हुए. एक-एक नेता हर दिन दो-दो, तीन-तीन प्रेस कांफ्रेंस करना शुरू कर दिया. अरविंद केजरीवाल की पत्नी ने जिस तरह मोर्चा संभाला. वह काबिले गौर है. हालांकि संजय सिंह के जेल से निकलने के बाद वह थोड़ा नेपथ्य में चली गई हैं. लेकिन आप के नेताओं ने शराब घोटाले के तथ्यों को सामने लाना शुरू किया. साथ ही इलेक्टोरल बॉण्ड को लेकर भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी पर हर दिन हमले शुरू कर दिए. एक सप्ताह के भीतर विपक्षी दलों की रैली आयोजित कर डाली. गिरफ्तारी के तुरंत बाद से ही कार्यकर्ताओं को सड़क पर उतार दिया. आज के हालात ये हैं कि आम आदमी पार्टी ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को ही लोकसभा के चुनाव में मुद्दा बना दिया. और दिल्ली में भाजपा के लिए बड़ी परेशानी खड़ी कर दी है. लोकसभा चुनाव में क्या होगा. भाजपा फायदे में रहेगी या आम आदमी पार्टी. यह तो मतदान और मतगणना के बाद ही पता चलेगा. लेकिन आम आदमी पार्टी के नेताओं ने यह जरूर दिखा दिया कि राजनीति किस तरह और किस आक्रमकता के साथ की जाती है. विपक्षी दलों, जिनके नेता दिन-रात केंद्र की भाजपा सरकार को कोसते रहते हैं, उन्हें यह सीखने की जरूरत है. यह सीखने की जरूरत है कि कैसे खुद की कमजोरी को भी अपने फायदे के हिसाब से हथियार बनाया जा सकता है. कैसे भ्रष्टाचार के कथित आरोपों में गिरफ्तारी के बाद भी अपने नेताओं व कार्यकर्ताओं को जोड़े रखा जा सकता है और कैसे खुद को पहले से और मजबूत बनाया जा सकता है. और चुनावी माहौल को अपने पक्ष में किया जा सकता है.

अरविंद केजरीवाल से पहले ईडी ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी गिरफ्तार किया. लेकिन झारखंड मुक्ति मोर्चा इस गिरफ्तारी को राजनीतिक मुद्दा नहीं बना सका. एक नेता हैं, सुप्रियो भट्टाचार्य, वही लगातार मोर्चा संभाल रहे हैं. उनके अलावा शायद ही कोई नेता मीडिया में नजर आता हो. ना तो पार्टी के नेताओं ने और ना ही सरकार में शीर्ष पर बैठे लोगों ने कोई हंगामा खड़ा करने की कोशिश की. क्योंकि किसी की ना तो मीडिया में कोई पकड़ है और ना सिस्टम पर. संभवतः पार्टी कार्यकर्ताओं पर भी नहीं. झामुमो दो माह बाद सक्रिय हुआ है. देशस्तर पर भी देखें तो राहुल गांधी को छोड़ कोई भी नेता भाजपा के खिलाफ उस स्तर पर हमलावर नहीं है, जिस स्तर पर आम आदमी पार्टी के नेता दिख रहे हैं.





### जिले के 14,27,022 वोटर करेंगे फैसला

# लोहरदगा में कांग्रेस और भाजपा के बीट कांटे टक्कर

**खास बातें**

- कांग्रेस के सुखदेव भगत और समीर उरांव आमने-सामने
- भाजपा ने सुदर्शन भगत की जगह समीर को उतारा है

**प्रवीण कुमार।रांची**

झारखंड की अनुसूचित जनजाति आरक्षित लोहरदगा में लोकसभा सीट से कुल 14,27,022 मतदाता वोट कर अपना नया सांसद चुनेंगे. लोहरदगा लोकसभा सीट पर भाजपा की राह आसान नहीं लग रही. अगर झामुमों और कांग्रेस अपने वोटो को एकजुट करने में सफल हुए, तो चुनाव में कांटे की टक्कर देखी जा सकती है. भाजपा नें एंटी इनकंबेंसी को कम करने के लिए अपने निर्वतमान सांसद का टिकट कट समीर उरांव को मैदान में उतारा है. वहीं कांग्रेस ने सुखदेव भगत को प्रत्याशी बनाया है. सुखदेव भगत ने पिछले विधानसभा चुनाव से ठीक पहले भाजपा में शामिल होकर कांग्रेस को झटका दिया था. भाजपा ने उन्हें लोहरदगा विधानसभा सीट से चुनाव मैदान में उतारा, लेकिन वे पराजित हो गए. इसके बाद उनकी राजनीतिक सक्रियता काम हो गयी. भाजपा से निकाले जाने के बाद पुनः जनवरी 2022 में कांग्रेस में शामिल हो गये. लोहरदगा लोकसभा सीट पर 40 फीसदी वोटर जनजातीय वर्ग से आते हैं, करीब 16.5 प्रतिशत मतदाता सामान्य वर्ग व 17 प्रतिशत मुस्लिम समुदाय के हैं. 2019 के लोकसभा चुनाव में जीत-हार का अंतर काफी कम था.





### विधानसभा सीटों पर कब्जा इंडिया गंठबंधन का

2019 के लोकसभा चुनाव में लोहरदगा सीट पर भाजपा का कब्जा हुआ था, लेकिन उसी साल हुए झारखंड विधानसभा के चुनाव में लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में आने वाली पांचों विधानसभा सीटों पर भाजपा की हार हुई. 2019 के विधानसभा चुनाव में विधानसभा अध्यक्ष दिनेश उरांव चुनाव हार गये थे. लोकसभा क्षेत्र की तीन विधानसभा सीटों पर झामुमो और दो पर कांग्रेस का कब्जा है. लोहरदगा से कांग्रेस के डॉ. रामेश्वर उरांव, मांडर से कांग्रेस की शिल्पी नेहा तिर्की विधायक हैं. वहीं गुमला से झामुमो के भूषण तिर्की, बिशुनपुर से चमरा लिंडा और सिसई से जिगा सुसारन होरो विधायक हैं.

**371,595**
कुल प्राप्त वोट
**45.45**
वोट प्रतिशत

*हारने वाले उम्मीदवार : सुखदेव भगत (कांग्रेस)*
**361,232**
कुल प्राप्त वोट
**44.18**
वोट प्रतिशत

**लोहरदगा के सांसद**

1957 इग्नेस बेक झारखंड पार्टी
1962 डेविड मुंजनी निर्दलीय
1967 कार्तिक उरांव कांग्रेस
1971 कार्तिक उरांव कांग्रेस
1977 लालू उरांव जनता पार्टी
1980 कार्तिक उरांव कांग्रेस
1984 सुमति उरांव कांग्रेस
1989 सुमति उरांव कांग्रेस
1991 ललित उरांव भाजपा
1996 ललित उरांव भाजपा
1998 इंद्रनाथ भगत कांग्रेस
1999 दुखा भगत भाजपा
2004 रामेश्वर उरांव कांग्रेस
2009 सुदर्शन भगत भाजपा
2014 सुदर्शन भगत भाजपा
2019 सुदर्शन भगत भाजपा

## अंबा प्रसाद ने लॉन्च किया वीडियो सॉन्ग "जिया हरसाय"

**रांची।** बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद सोमवार को ईडी ऑफिस जाने से पहले रांची के प्रेस क्लब में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर एक वीडियो सॉन्ग "जिया हरसाय" लॉन्च किया. अंबा प्रसाद ने बताया कि सीमित संसाधन में यह गाना रिकॉर्ड किया गया है. यह प्रकृति पर्व सरहुल पर बनाया गया है. इस गाने में अंबा प्रसाद ने अपनी आवाज दी है. साथ ही इस वीडियो में बतौर कलाकार काम किया है. अंबा ने बताया कि इस गाने को एक घंटे में रिकॉर्ड किया गया है. वहीं इस वीडियो को गेतलसूद डैम में एक दिन में रिकॉर्ड किया गया है. इसमें स्थानीय कलाकारों ने काम किया है.

## सीआईडी के पूर्व डीजी हाईकोर्ट में हाजिर हों

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने सीआईडी के तत्कालीन डीजी को 18 अप्रैल को अदालत के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया है. अदालत ने जिस मामले में सीआईडी डीजी को उपस्थित होने का निर्देश दिया है, वह बच्चों की तस्करी से जुड़ा हुआ है. साहिबगंज जिले में चाइल्ड ट्रैफिकिंग के आरोपी कुलदीप शाह एवं अन्य की ओर से दायर याचिका की सुनवाई के दौरान अदालत ने यह निर्देश दिया है. इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस नवनीत कुमार की खंडपीठ में हुई. पूर्व में अदालत चाइल्ड ट्रैफिकिंग के आरोपी कुलदीप शाह की जामनत याचिका खारिज कर चुका है. सोमवार की सुनवाई के दौरान केस के जांच अधिकारी ने गुमशुदा बच्चों से जुडी कई जानकारी उपलब्ध कराने का आग्रह किया जिसपर अदालत ने कहा कि किसी की निजी जानकारी ऐसे साझा नहीं की जा सकती.

## 6021 गैर जमानती वारंट लंबित चुनाव आयोग ने लिया संज्ञान

**संवाददाता।रांची**

गैर जमानतीय वारंट निष्पादित करने की गति धीमी हो गई है. इसे लेकर चुनाव आयोग ने संज्ञान लिया है. इस मामले को लेकर चुनाव आयोग ने झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को पत्र लिखा है. लिखे पत्र में कहा है कि ईसीआई पोर्टल पर प्रस्तुत दैनिक कानून और व्यवस्था रिपोर्टों का उल्लेख करने का निर्देश दिया गया है. जिसमें बताया गया है कि झारखंड में एक अप्रैल तक सिर्फ 176 गैर जमानतीय वारंट (एनबीडब्ल्यू) निष्पादित किए गए हैं. जबकि 6021 गैर जमानतीय वारंट निष्पादन के लिए लंबित हैं. इस संबंध में गैर-जमानती वारंट के निष्पादन में तेजी लाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी करने का अनुरोध किया गया है,क्योंकि बड़ी संख्या में एनबीडब्ल्यू निष्पादन के लिए लंबित हैं.

### वारंट निष्पादन के लिए बुलाई गई है समीक्षा बैठक

गैर जमानतीय वारंट के निष्पादन के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के द्वारा मंगलवार को समीक्षा बैठक बुलाई गई है. इस बैठक में जिले की डीसी और एसपी शामिल होंगे. सभी को निर्देश दिया गया है कि वारंट से संबंधित सभी मामले का विस्तृत विवरण के साथ बैठक में भाग लेना सुनिश्चित करेंगे, ताकि लंबित मामलों के निष्पादन में त्वरित कार्रवाई हो सके.

## हाईकोर्ट ने हजारीबाग डीसी से मांगा डीएमएफटी फंड का ब्योरा

**संवाददाता।रांची**

- पकरी बरवाडीह कोल परियोजना के लिए भूमि हस्तांतरण का मामला
- प्रधान मुख्य वन संरक्षक को हलफनामा दायर करने का कोर्ट ने दिया निर्देश

एनटीपीसी द्वारा फर्जी ग्राम सभा कर फॉरेस्ट क्लीयरेंस का एनओसी लेने के मामले की जांच के लिए दायर जनहित याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. इस दौरान हाईकोर्ट ने हजारीबाग डीसी को डीएमएफटी (डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट) फंड में अब तक जमा किए गए फंड और खर्च का ब्यौरा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है.

सुनवाई के दौरान वन विभाग की ओर से कोर्ट को यह बताया गया कि ग्राम वन प्रबंधन एवं संरक्षण समिति का कोई औचित्य नहीं था. कोर्ट ने कहा कि जब डीएफओ ने उक्त मामले की जांच की, तो उस रेंज के अधिकारी कैसे इस बात से इनकार कर रहे हैं. इसलिए इस संबंध में प्रधान मुख्य वन संरक्षक स्वयं कोर्ट में हलफनामा दायर करें. इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस अरुण राय की बेंच में हुई. इस पूरे मामले को लेकर हजारीबाग के रहने वाले मंटू सोनी ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. ये मामला पकरी बरवाडीह कोल परियोजना के लिए जमीन हस्तांतरण से जुड़ा हुआ है. सुनवाई के दौरान अधिवक्ता नवीन कुमार सिंह ने बहस की.

## झारखंड-बिहार के बीच आठ मुद्दों पर अंतरराज्यीय बैठक

**संवाददाता।रांची**

लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड-बिहार के मुख्य सचिव और डीजीपी के बीच सोमवार को अंतर्राज्यीय बैठक हुई. यह बैठक प्रोजेक्ट भवन स्थित मुख्य सचिव के सभा कक्ष में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम आयोजित हुई. इस बैठक में दोनों राज्य के मुख्य सचिव और डीजीपी के अलावा झारखंड के सीआईडी डीजी, एडीजी अभियान, स्पेशल ब्रांच आईजी, सीआईडी आईजी, आईजी अभियान, सभी जोनल आईजी और सभी रेंज के डीआईजी भौतिक रूप से शामिल हुए. जबकि बिहार के मुख्य सचिव और डीजीपी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस बैठक में शामिल हुए. इस अंतर्राज्यीय बैठक में कुल आठ मुख्य एजेंडा पर चर्चा की गई है.

### इन आठ मुख्य एजेंडों पर बैठक में हुआ मंथन

- खुफिया जानकारी को सक्रिय रूप से साझा करना और नोडल अधिकारियों की नियुक्ति.
- **सीमा पर वामपंथी उग्रवाद परिदृश्य और उसके अनुसार कार्य योजना.**
- अपराधियों की आवाजाही रोकने के लिए चौकियों को सक्रिय करना.
- **अवैध हथियार, गोला बारूद, नशीले पदार्थों, तस्करी संबंधित मुद्दे.**
- सभी स्तरों पर अंतरराज्यीय समन्वय बैठकें.
- **अंतरराज्यीय वांछित अपराधियों के बारे में डेटा साझा करना.**
- राज्य के नियंत्रण कक्षों को सक्रिय करना और नियंत्रण कक्षों के बीच समन्वय स्थापित करना.
- **मतदान की तारीख के दौरान और उससे पहले अंतरराज्यीय सीमाओं को सील करना.**

### हरियाणा कैडर के हैं यश जालुका, अंबाला के नारायणगढ़ में हैं एसडीएम

## झरिया के आईएएस पर हरियाणा में जानलेवा हमला

**प्रमुख संवाददाता।रांची**

मूल रूप से झारखंड के रहने वाले आइएएस अफसर यश जालुका पर खनन माफिया ने हरियाणा में जानलेवा हमला किया है. यश झरिया के रहने वाले हैं. उन्होंने पहले प्रयास में ही यूपीएससी की परीक्षा पास की थी. फिलहाल यश हरियाणा कैडर के आइएएस हैं. वे अंबाला जिले में नारायणगढ़ में एसडीएम के पद पर पदस्थापित हैं. इस मामले को लेकर हरियाणा पुलिस को शिकायत की गई है. शिकायत नामा में खनन माफिया द्वारा हमला किया जाने की आशंका जताई गई है. शिकायतनामा में इस बात का भी जिक्र किया गया है कि एक कार से उनका पीछा किया और टक्कर मारने की भी कोशिश की गई. पुलिस ने जांच में पाया है कि इनोवा से पीछा करने वाला शख्स खनन के धंधे से जुड़ा हो सकता है. वह लगातार व्हाट्सएप पर अधिकारी का लोकेशन शेयर कर रहा था. फिलहाल जांच जारी है.



### कांस्टेबल के साथ अवैध खनन की जांच के लिए निकले थे

28 मार्च को यश जालुका कॉन्स्टेबल जसबीर सिंह और इलाके के तहसीलदार अभिषेक पिलानिया के साथ घर से अपने निजी वाहन से निकले थे. कॉन्स्टेबल ने बताया कि हमलोग किसी अवैध खनन मामले की जांच के लिए जा रहे थे. तभी रास्ते में एक इनोवा कार उनका पीछा करने लगी और कार ने एसडीएम की गाड़ी को टक्कर मारने की कोशिश की. जिसके बाद एसडीएम ने इनोवा कार का पीछा किया. हमने कार के ड्राइवर को आवाज लगाई. इस पर उसने फिर से एसडीएम की गाड़ी को टक्कर मारने की कोशिश की.

### यूपीएससी में मिली थी चौथी रैंक

यश जालुका को यूपीएससी में चौथी रैंक मिली थी. यश 2021 बैच के अफसर हैं. यश जालुका मूल रूप से धनबाद जिले के झरिया के रहने वाले हैं. उन्होंने 12वीं तक की पढ़ाई अपने राज्य में की और उसके बाद ग्रेजुएशन के लिए दिल्ली चले गए. दिल्ली में उन्होंने बीकॉम और उसके बाद कॉमर्स में पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल की. इसके बाद उन्होंने यूपीएससी की परीक्षा पास की.

## राज्य सेवा के 15 अफसरों को मिलेगी आइएएस संवर्ग में प्रोन्नति

**प्रमुख संवाददाता।रांची**

- यूपीएससी को भेजे जाएंगे 45 नाम
- कार्मिक ने विभागों से योग्य अफसरों के मांगे नाम

राज्य प्रशासनिक सेवा के नौ और गैर प्रशासनिक सेवा छह अफसरों को आइएएस संवर्ग में प्रोन्नति का रास्ता साफ हो गया है. केंद्र ने इस संवर्ग पर 15 पदों पर प्रोन्नति देने के लिए मंजूरी दे दी है. केंद्र से मंजूरी मिलने के बाद कार्मिक विभाग ने सभी विभागों से योग्य अफसरों का नाम मांगा है.

**कुल 45 नाम यूपीएससी को भेजे जाएंगे :** राज्य प्रशासनिक सेवा के नौ अफसरों को आइएएस संवर्ग में प्रोन्नति मिलेगी. इसके लिए यूपीएससी को 45 नाम भेजे जाएंगे. नियमतः एक पद के विरुद्ध तीन नाम भेजने का प्रावधान है. वहीं गैर प्रशासनिक सेवा के छह अफसरों को आइएएस संवर्ग में प्रोन्नति दी जानी है. इसके लिए 18 नाम भेजे जाएंगे. गैर प्रशासनिक सेवा के अफसरों के नामों के लिए पथ निर्माण, नगर विकास, जल संसाधन, योजना विकास, उर्जा विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों को पत्र लिखा गया है. अफसरों अधिकारियों के नामों का पैनल चयन कर यूपीएससी को भेजा जाएगा.

**अच्छी खबर**

### वित्तीय वर्ष 2023-24 में 29834 यूनिट की हुई स्थापना

# झारखंड में सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योगों में निवेशकों का बढ़ा रुझान

- निवेशकों ने निवेश किए 1745.27 करोड़, 1.44 लाख लोगों को मिला रोजगार

**प्रमुख संवाददाता।रांची**

झारखंड में सूक्षम, लघु और मध्यम उद्योगों की ओर निवेशकों का रुझान लगातार बढ़ रहा है. वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य में कुल 29834 यूनिटों की स्थापना की गई. इसमें 1745.27 करोड़ रुपए निवेश किए गए. एक लाख 44 हजार 267 लोगों को रोजगार मिला. वहीं सूक्ष्म (माइक्रो) उद्योग में 29488 यूनिटों की स्थापना की गई. जिसमें 1128.49 करोड़ रुपए निवेश किए गए. एक लाख 37 हजार 317 लोगों को रोजगार मिला.

### लघु उद्यगों की 329 यूनिटें की गईं स्थापित



राज्य में वित्तीय वर्ष 2023-24 में लघु उद्यगों की 329 यूनिटें स्थापित की गईं. इसमें 313.95 करोड़ रुपए निवेश किए गए. 6,441 लोगों को रोजगार मिला. इससे पहले वित्तीय वर्ष 2022-23 में लघु उद्योग की 570 यूनिटें स्थापित की गई थीं. जिसमें 473.35 करोड़ रुपए निवेश किए गए थे. 17,824 लोगों को रोजगार मिला था.

### मध्यम उद्योग में 302.84 करोड़ का निवेश

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मध्यम उद्योग की 17 यूनिटें स्थापित की गई. इसमें 302.94 करोड़ रुपए का निवेश हुआ. 509 लोगों को रोजगार मिला. इससे पहले वित्तीय वर्ष में 2022-23 में मध्यम उद्योग की 40 यूनिटें स्थापित की गई थीं. इसमें 606.93 करोड़ रुपए का निवेश हुआ था. 2,515 लोगों को रोजगार मिला था.

### किस वित्तीय वर्ष में कितने सूक्ष्म उद्योग लगे

| वित्तीय वर्ष | यूनिटों की संख्या | निवेश (करोड़ में) | रोजगार |
|---|---|---|---|
| 2020-21 | 10081 | 433.93 | 67367 |
| 2021-22 | 17103 | 880.84 | 107624 |
| 2022-23 | 66255 | 619.23 | 107404 |
| 2023-24 | 29488 | 1128.48 | 137317 |

### किस वित्तीय वर्ष में कितने लघु उद्योग लगे

| वित्तीय वर्ष | यूनिटों की संख्या | निवेश (करोड़ में) | रोजगार |
|---|---|---|---|
| 2020-21 | 775 | 520.63 | 35616 |
| 2021-22 | 774 | 608.47 | 19729 |
| 2022-23 | 570 | 473.35 | 17824 |
| 2023-24 | 329 | 313.95 | 6441 |

### किस वित्तीय वर्ष में कितने मध्यम उद्योग लगे

| वित्तीय वर्ष | यूनिटों की संख्या | निवेश (करोड़ में) | रोजगार |
|---|---|---|---|
| 2020-21 | 96 | 1210.54 | 10950 |
| 2021-22 | 59 | 634.44 | 5128 |
| 2022-23 | 40 | 606.93 | 2515 |
| 2023-24 | 17 | 302.84 | 509 |

### पिछले नौ साल में टैक्स में 11.2 फीसदी राजस्व की हुई वृद्धि

# सरकार के राजस्व में 18 हजार करोड़ का इजाफा

**रवि भारती।रांची**

झारखंड सरकार को वित्तीय वर्ष 2023-24 में टैक्स और गैर टैक्स से मिलने वाले राजस्व में 18,091.93 करोड़ का इजाफा हुआ. सरकार को मिलने वाले टैक्स, सेंट्रल शेयर, नॉन टैक्स और भारत सरकार से मिलने वाले ग्रांट में ओवर ऑल 9.3% का इजाफा हुआ है. वहीं वित्तीय वर्ष 2016-17 से वित्तीय वर्ष 2023-24 तक में राज्य सरकार को टैक्स से मिलने वाले राजस्व से 11.2 % का इजाफा हुआ है. वहीं पिछले नौ साल में सेंट्रल शेयर में 8.6 फीसदी का इजाफा हुआ है.

**गैर कर से प्राप्त होने वाले राजस्व में 15.7 फीसदी की वृद्धि :** राज्य सरकार को गैर कर से प्राप्त होने वाले राजस्व में 15.7 फीसदी की वृद्धि हुई है. वहीं भारत सरकार से मिलने वाले ग्रांट में 2.7 फीसदी की वृद्धि हुई है. वित्तीय वर्ष 2023-24 में गैर कर से राज्य सरकार को 17,259.44 करोड़ रुपए का राजस्व मिला. वहीं भारत सरकार से ग्रांट के रूप में 16,438.42 करोड़ रुपए मिले. इस तरह कुल 33,697.86 करोड़ रुपए की प्राप्ति हुई.



### किस कटेगरी के टैक्स में कितने प्रतिशत की वृद्धि

- राज्य सरकार के टैक्स में 11.2 फीसदी की वृद्धि
- **सेंट्रल शेयर में 8.6 फीसदी की वृद्धि**
- नॉन टैक्स में 15.7 फीसदी की वृद्धि
- **भारत सरकार से ग्रांट में 2.7 फीसदी की वृद्धि**

### राज्य सरकार को कर के रूप में मिले 30,860 करोड़

वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य सरकार को कर के रूप में 30.860 करोड़ रुपए कर के रूप में मिले. वहीं सेंट्रल शेयर के रूप में 33779.29 करोड़ रुपए की प्राप्ति हुई. इस तरह राज्य सरकार को कुल 64639.29 करोड़ रुपए की प्राप्त हुई. वहीं वित्तीय वर्ष में राज्य सरकार को कर के रूप में 25117.51 करोड़ रुपए मिले थे. जबकि सेंट्रल शेयर के रूप में 31404.12 करोड़ रुपए की प्राप्ति हुई थी. इस तरह कुल 56521.63 करोड़ रुपए मिले थे.

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in मंगलवार 09 अप्रैल 2024 ● चैत्र शुक्ल प्रतिपदा , संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 1 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र



# 10 करोड़ की अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

*चतरा पुलिस ने दो क्विंटल अफीम व एक मोबाइल, ब्राउन शुगर बनानेवाली लोहे की मशीन, गैस सिलेंडर, गैस चूल्हा, कपड़ा, इलेक्ट्रॉनिक वेट मशीन, 100 पीस सफेद रंग की प्लास्टिक, जैक, 25.400 किलो मिट्टी जैसा पदार्थ बरामद किया है.*

संवाददाता। चतरा

**बड़ी कार्रवाई**

- इटखोरी में मिनी ब्राउन शुगर की फैक्ट्री का खुलासा
- एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर दोनों तस्करों को जेल भेजा



चतरा पुलिस ने अफीम माफिया के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए मिनी ब्राउन शुगर की फैक्ट्री का खुलासा किया है. एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर डीएसपी मुख्यालय रोहित कुमार रजवार के नेतृत्व में ईटखोरी थाना पुलिस की स्पेशल टीम ने छापेमारी करते हुए 10 करोड़ 20 लाख रुपये की अफीम की बड़ी खेप बरामद की है.

यह जानकारी चतरा के एसपी विकास कुमार पांडेय ने सोमवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस कांफ्रेंस कर दी. गिरफ्तार तस्कर चतरा जिले के इटखोरी थाना क्षेत्र के महुदा गांव निवासी पंकज दांगी व राजपुर थाना क्षेत्र के मंझौली बाराबागी गांव का धीरेंद्र दांगी शामिल है. तस्करों के पास से 204.4 किलो अफीम के अलावा ब्राउन शुगर बनानेवाली एक लोहे की मशीन, एक मोबाइल, एक गैस सिलेंडर, एक गैस चूल्हा, कपड़ा, एक इलेक्ट्रॉनिक वेट मशीन, 100 पीस सफेद रंग की प्लास्टिक, एक जैक, 25.400 किलो मिट्टी जैसा पदार्थ जब्त किया गया. चतरा एसपी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि महुदा गांव में पंकज दांगी के घर में अफीम को फाड़ कर ब्राउन शुगर तैयार किया जा रहा है. सूचना के आलोक में डीएसपी मुख्यालय रोहित कुमार रजवार के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन किया गया. टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घर में छापेमारी कर अफीम और अफीम से ब्राउन शुगर बनाने के विभिन्न उपकरणों को जब्त किया. इस संबंध में इटखोरी थाना कांड संख्या 44/24 के तहत एनडीपीएस एक्ट का मामला दर्ज कर गिरफ्तार दोनों तस्करों को जेल भेज दिया गया.

# 14 किलो गांजा के साथ सात तस्कर धराये



**देवघर।** पुलिस ने 14 किलो गांजा के साथ सात तस्कर को गिरफ्तार किया है. एसपी राकेश रंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ तस्कर देवघर-दुमका मुख्य सड़क पर दुमका जिला की ओर से स्विफ्ट डिजायर कार से गांजा लेकर आ रहे हैं. इसके बाद एसडीपीओ रित्विक श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया. इस दौरान रविवार देर रात मोहनपुर थाना क्षेत्र के चौपा मोड़ के पास दुमका की ओर से आनेवाले वाहनों को जांच की जा रही थी.


इसी दौरान दुमका की ओर आ रही कार को घुमा कर चालक ने दुमका की ओर भागने का प्रयास करने लगा. शक होने पर सशस्त्र बल के जवानों ने खदेड़ कर कार सवार सभी चार लोगों को पकड़ लिया. गाड़ी की तलाशी में भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ.

गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि इनलोगों के तीन साथी रेलमार्ग के रास्ते देवघर आ रहे हैं. अभी घोरमारा रेलवे स्टेशन पर उतरे होंगे. उनलोगों के पास भी गांजा है. इनकी निशानदेही पर इनके तीनों साथियों को घोरमारा बाजार के पास देखा गया. इस दौरान पुलिस को देखकर सभी तस्कर भागने लगे. पुलिस ने सभी को खदेड़ कर पकड़ा. इनलोगों के बैग की तलाशी में अवैध गांजा बरामद हुआ है. पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया.

---

**वासंतिक नवरात्र**

**वासंतिक नवरात्र प्रथमं शैलपुत्री**



**वन्दे वाञ्छितलाभाय चन्द्रार्धकृतशेखराम्।**
**वृषारूढां शूलधरां शैलपुत्रीं यशस्विनीम्॥**

नवसंवत्सर के साथ वासंतिक नवरात्र का शुभारंभ 9 अप्रैल को हो गया है. वासंतिक नवरात्र में देवी दुर्गा के नौ रूपों की पूजा-अर्चना किये जाने का विधान है. नवदुर्गा यात्राक्रम में दुर्गा माता पहले विग्रह में शैलपुत्री के रूप में जानी जाती हैं. माता शैलपुत्री पूर्व जन्म में सती थीं, लेकिन शिव का अपमान नहीं सह पाने के कारण इन्होंने अपने पिता के यज्ञ में अपनी आहुति दे दी. इसके बाद पर्वतराज हिमालय की कन्या के रूप में अवतार लिया. पर्वतराज के घर पुत्री रूप में उत्पन्न होने के कारण इनका नाम 'शैलपुत्री' पड़ा. नवरात्र पूजन में प्रथम दिवस इन्हीं की पूजा और उपासना की जाती है. इनका वाहन वृषभ है, इसलिए यह देवी वृषारूढ़ा के नाम से भी जानी जाती हैं. इस देवी ने दाएं हाथ में त्रिशूल धारण कर रखा है और बाएं हाथ में कमल सुशोभित है. सती, पार्वती, वृषारूढ़ा, हेमवती, काली, दुर्गा और भवानी भी इन्हीं परमेश्वरी देवी के अन्य नाम हैं. इन्हीं नामों से इनकी पूजा-अर्चना की जाती है.

- डॉ. विनय कुमार पांडेय

## आनंद साव के आवास पर नकली लॉटरी की छपाई व सप्लाई का खुलासा

# एक करोड़ की लॉटरी टिकट बरामद

'शुभम संदेश' ने लॉटरी के खिलाफ मुहिम में जीटी रोड के आनंद साव नामक लॉटरी माफिया के गोरखधंधे को प्रमुखता से उजागर किया था. आनंद साव ने सिर्फ खुद नहीं, बल्कि अपने कई नजदीकी रिश्तेदारों के साथ लॉटरी के अवैध कारोबार में सालों से जुटा है. गरीबों के खून-पसीना की कमाई को ठग कर खुद करोड़ों की संपत्ति खड़ी कर ली है. गरीबों को लूटने वाले निरसा व आसपास के इलाके में कई और आनंद साव हैं, जो फिलहाल सलाखों से दूर हैं.

संवाददाता। धनबाद/निरसा

अवैध लॉटरी के खिलाफ धनबाद पुलिस अब सख्त से सख्त कार्रवाई में जुट गई है. पुलिस लगातार और ताबड़तोड़ छापेमारी कर इन कारोबारियों को जेल भेजने का काम कर रही है. इसी के तहत रविवार को निरसा में नकली टिकट छपाई करने वाले गिरोह के सरगना आनंद साव ऊर्फ पिंटू साव के भलजोड़िया रोड़ स्थित आवास पर धनबाद एसओजी टीम व निरसा पुलिस के संयुक्त टीम ने दबिश दी थी.

इस छापेमारी के दौरान आनंद साव के आवास से लगभग एक करोड़ रुपये की लॉटरी की टिकट बरामद करने में पुलिस ने कामयाबी पाई है. इस मामले में सोमवार को पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करते हुए आनंद साव समेत 11 के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है. छापेमारी के दौरान ये जानकारी हाथ लगी कि आंनद साव के आवास में दर्जनों युवक प्रतिबंधित लॉटरी की छपाई और सप्लाई करने के काम में जुटे थे. यहां से सात लोगों को पुलिस ने दबोचने में कामयाबी पाई थी. इन्हें जेल भेजा गया है. पुलिस ने आनंद साव, अजीत साव, गुरुदेव रवानी, नवलकिशोर साव को भी नामजद आरोपी बनाया है और अब इनकी तलाश हो रही है.



बड़ी उपलब्धि

अजीत साव

आनंद साव

- आनंद समेत 11 पर मुकदमा, सात आरोपी भेजे गए जेल
- अन्य आरोपियों की तलाश कर रहा स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप

**कई बोरे प्रतिबंध लॉटरी व हजारों रुपये नकद बरामद**

एसओजी टीम और निरसा पुलिस के संयुक्त रूप से आनंद साव के आवास पर छापेमारी के दौरान लॉटरी कारोबारियों में भगदड़ मच गई. पुलिस ने कई बोरे प्रतिबंध लॉटरी बरामद की है. इसकी कीमत एक करोड़ के आसपास आंकी गई है. हजारों रुपये नकद भी मिले हैं. यहां से प्रतिबंधित लॉटरी की छपाई कर निरसा, बरवा, कलियासोल, चिरकुंडा, कुमारधुबी, मैथन,मैथन मोड़, पंचेत, गल्फरबाड़ी के अलावा पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल के बराकर, कुल्टी, नियामतपुर, बिसरगढ़ आसनसोल सहित अन्य जगहों पर सप्लाई किया जाता है.

**अवैध लॉटरी कारोबार से करोड़ों की संपति बना चुका है आनंद साव**

कई सालों से प्रतिबंधित लॉटरी की छपाई व बिक्री कर आनंद साव करोड़ों की संपत्ति बना चुका है. आनंद साव के आवास पर पूर्व में भी निरसा पुलिस ने छापेमारी की थी. तब भी भारी कई बोरे प्रतिबंधित लॉटरी बरामद किए गए थे. इसके बाद भी आनंद साव धंधे में जुटा रहा. निरसा सहित सभी जीटी रोड के चौक-चौराहों पर बिना डर भय के खुलेआम प्रतिबंधित लॉटरी की बिक्री करवाता था. आनंद साव के तार जिले के कई जगहों से जुड़े हैं, जहां प्रतिबंधित लॉटरी का कारोबार, छपाई व बिक्री धड़ल्ले से होता है. क्षेत्र में आनंद साव जैसे कई अन्य धंधेबाज भी हैं, जो पुलिस की रडार पर हैं.

**इनकी हुई गिरफ्तारी**

1. निरसा का उत्तम मंडल
2. गोविंदपुर का पिंटू कुंभकार
3. हरियाजाम का अमित
4. हरियाजाम का मानस चक्रवर्ती
5. हरियाजाम का वीरू सिंह
6. निरसा का उत्तम लोहार
7. निरसा का विष्णु सिंह

**इनको तलाश रही पुलिस**

1. आनंद साव
2. अजीत साव
3. गुरुदेव रवानी
4. नवलकिशोर साव

बता दें कि जिले में लॉटरी के अवैध कारोबार के हर जगह पनपने को धनबाद एसएसपी एचपी जनार्दन ने पूरी गंभीरता से लिया है. एसएसपी ने ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्देश देकर स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप को लगाया गया है. इस टीम ने लॉटरी के खिलाफ दबिश देनी शुरू कर दी है. इसी तहत भौंरा के बाद निरसा के कुख्यात आनंद साव के ठिकानों पर छापेमारी की गई.

**साइबर अपराधियों का नया हथकंडा**

# हैलो! नरोकोटिक्स विभाग से बोल रहा हूं, आपके पार्सल में ड्रग्स है...

संवाददाता। धनबाद

**सावधान रहें**

- ऑनलाइन खरीदारी करने वालों को बना रहे हैं निशाना
- ठगी होने पर साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 पर करें कॉल

हैलो, मैं नारकोटिक्स डिपार्टमेंट से बोल रहा हूं, आपने जो पार्सल मंगवाया है, उसमें नशीला पदार्थ होने का संदेह था, इस कारण उसकी जांच की गई है. ड्रग्स मिला है, अब आपको गिरफ्तार किया जाएगा. यदि गिरफ्तारी से बचना है, तो फिर आपको इतना रुपये ऑनलाइन जमा करना होगा. ऐसे फोन कॉल आपको भी आ सकते हैं. यदि आपने हाल ही में कोई ऑन पार्सल का आर्डर दिया है, तो फिर का डरना स्वभाविक हो जाएगा. क्योंकि, साइबर ठग अब ऐसे ही फोन कॉल कर लोगों को ठगने का काम कर रहे हैं.

साइबर अपराधियों का गिरोह का ये नया पैंतरा है. सरकार की साइबर शाखा ने भी आम लोगों को संबंधित विषय पर जागरूक कर रही है. साइबर सेल की तरफ से कहा जा रहा है कि ऐसे फोन कॉल आने पर बिलकुल भी नहीं डरें और न ही किसी तरह की रकम ऐसे लोगों को दें. किसी तरह की ठगी हो जाए, तो तत्काल नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल या साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 को फोन कर सूचित करें, ताकि आवश्यक कार्रवाई की जा सके. धनबाद में साइबर ठगों ने हाल ही में ऐसे लोगों को शिकार बनाया था, जिनके बच्चे बाहर पढ़ते हैं. इन लोगों को ये कहकर ठगी की गई कि उनका बच्चा रेप केस में फंस गया है और यदि उसे बचाना है कि लाख-50 हजार रुपये की मांग की जा रही थी.



**कुछ लोग फंसे भी और हजारों रुपये की चोट खा गए**

साइबर अपराधियों के इस जाल में धनबाद के कुछ लोग फंसे भी और हजारों रुपये की चोट खा गए. हालांकि कुछ अभिभावक इन शातिरों के जाल में फंसने से बच गए. लेकिन अब ऑनलाइन खरीदारी करनेवालों को साइबर अपराधी निशाना बना रहे हैं. ऐसे में हर तरह की ठगी से संबंधित शिकायत के लिए नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल में सूचित करने की बात कही, ताकि त्वरित कार्रवाई कह जा सके.

# सैलून में जमीन कारोबारी की गोली मार कर दी गई हत्या

संवाददाता। लोहरदगा

सैलून में शेविंग कराने के दौरान एक युवक के सिर में गोली मार कर हत्या कर दी गई. यह घटना सोमवार सुबह जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र के सेरेंगहातु तोरार गांव में घटी, जहां बाइक सवार तीन अपराधी वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गए. मृतक की पहचान जमीन कारोबारी नरेश साहू उर्फ शिबू के रूप में हुई है. आशंका जताई जा रही है कि जमीन विवाद को लेकर नरेश साहू की हत्या की गई है.

**शेविंग कराने के दौरान कनपटी में मारी गोली :** स्थानीय लोगों के अनुसार, नरेश साहू उर्फ शिबू साहू सेरेंगहातु में रामजतन साहू के घर पर स्थित सैलून में शेविंग करा रहे थे. तभी अचानक एक व्यक्ति सैलून के अंदर घुसा और नरेश साहू की बायीं कनपटी में पिस्तौल सटा कर गोली मार दी. वहीं, सैलून के बाहर सड़क पर दो अन्य अपराधी बाइक लेकर खड़े थे.

## हर्षित हत्याकांड : धनबाद जुवेनाइल जस्टिस कोर्ट में हुई सजा के बिंदु पर सुनवाई

# दोषी नबालिग को उम्रकैद की सजा

संवाददाता। धनबाद

**कोर्ट फैसला**

- 22 सितंबर 2022 को हर्षित को साथ ले गए थे दो नाबालिग
- विशेष नयायाधीश सुजीत कुमार सिंह की अदालत ने सुनाई सजा

महुदा निवासी हर्षित की हत्या मामले में धनबाद जुबेनाइल कोर्ट के विशेष नयायाधीश सुजीत कुमार सिंह की अदालत ने नाबालिग को अपहरण के आरोप में 10 वर्ष कैद व छह हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है. वहीं, हत्या के आरोप में उम्रकैद और 10 हजार रुपये जुर्माना, हत्या कर साक्ष्य छुपाने के जुर्म में तीन वर्ष कैद एवं तीन हजार रुपये जुर्माना से दंडित किया है. सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी. बता दें कि मामले की सुनवाई करते हुए चार अप्रैल को अदालत ने उसे दोषी करार दिया था. इससे पूर्व इसी मामले में जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड की प्रधान दंडाधिकारी प्रतिमा उरांव की अदालत ने मंगलवार को मामले के एक अन्य नामजद नाबालिग को दोषी करार देते हुए तीन वर्ष कैद की सजा सुनाई थी. लोक अभियोजक अवधेश कुमार ने बताया कि 22 सितंबर 2022 को दो नाबालिग ने हर्षित को घूमने की बात कह कर 22 सितंबर 2022 अपने साथ ले गया. आरोप था कि जमुनिया कोलडंप में दोनों ने मिलकर हर्षित की गमछे से गर्दन दबा कर व पत्थर से कूच कर हत्या कर दी. साक्ष्य छुपाने की नीयत से शव को पत्थर के नीचे दबा दिया. जब हर्षित का पता नहीं चला, तो दोनों आरोपियों से पूछा गया, पर दोनों ने कुछ नहीं बताया.

हर्षित के पिता विंध्याचल यादव ने दोनों के विरुद्ध 23 सितंबर 2022 को महुदा थाने प्राथमिकी दर्ज कराई थी. जब पुलिस ने सख्ती दिखाई, तो दोनों ने अपना दोष स्वीकार कर लिया था.

# नक्सलियों ने बैनर-पोस्टर साट कर पुलिस कैंप हटाने को कहा

संवाददाता। किरीबुरु

पश्चिम सिंहभूम जिला के कोल्हान रिजर्व वन क्षेत्र अत्यंत नक्सल प्रभावित टोंटो एवं गोईलकेरा के सीमावर्ती गांव पोखरीबुरु, बांकी, लुईया एवं सांगाजाटा जाने वाले मार्ग स्थित बोर्ड व लोगों के घरों की दिवाल पर भाकपा माओवादी नक्सलियों द्वारा बडे पैमाने पर बैनर व पोस्टर लगाए गए हैं. इन बैनर व पोस्टरों में तमाम पुलिस कैंप को बंद कर पुलिस को वापस करने, जनता पर युद्ध अभियान बंद करने, चुनाव का बहिष्कार करने आदि की बात लिखी गई है.

नक्सलियों द्वारा लगाए गए पोस्टर से ग्रामीणों में भय व्याप्त है. सूत्रों के अनुसार, उक्त क्षेत्र में पुलिस व सीआरपीएफ की भारी तैनाती है. इसके बावजूद नक्सली कब रात में आकर पोस्टर, बैनर लगा दिए, इसका पता नहीं चल पाया. भय से ग्रामीण पोस्टर भी नहीं हटा रहे हैं.

## वार-पलटवार धनबाद से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने सरयू राय को भेजा लीगल नोटिस, कहा-

# अपने बयान के लिए माफी मांगें सरयू, नहीं तो करेंगे केस

संवाददाता। धनबाद

धनबाद लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय को वकालतन (लीगल) नोटिस भेजा है. अधिवक्ता नीरज कुमार बशीयर के माध्यम से भेजे गये नोटिस में कहा गया है कि सरयू राय अपने बयान के लिए माफी मांगें. यदि उन्होंने ऐसा नहीं किया, तो उनके खिलाफ मुकदमा किया जाएगा.



ज्ञात हो कि सरयू राय ने पिछले दिनों धनबाद में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ढुल्लू महतो पर कई गंभीर आरोप लगाए थे. कहा था कि ढुल्लू महतो के खिलाफ 50 आपराधिक मामले लंबित हैं. दो-तीन मामलों में चार साल से अधिक की सजा हुई है. नोटिस में कहा गया है कि सरयू राय ने बाघमारा से लागातार तीन बार के विधायक पर अनर्गल आरोप लगाए हैं. कोई प्रमाण नहीं दिया है. उन्होंने अपनी लाइव प्रेस कॉन्फ्रेंस को फेसबुक पर पोस्ट कर ढुल्लू महतो की छवि धूमिल करने की कोशिश की है. बहरहाल, लोकसभा चुनाव के दौर में ढुल्लू महतो द्वारा सरयू राय को लीगल नोटिस भेजने के बाद सिर्फ धनबाद ही नहीं, बल्कि पूरे झारखंड की राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है.

**नोटिस फाड़ कर रद्दी में फेंक दिया : सरयू**

इधर, सरयू राय ने कहा कि से धनबाद सीट के भाजपा उम्मीदवार ढुल्लू महतो ने मुझे एक धमकी भरा कानूनी नोटिस भेजा है. यह



कानूनी नोटिस घटिया दर्जे का है और जवाब देने लायक नहीं है. मैंने इसे फाड़ कर रद्दी की टोकरी में फेंक दिया है. जब नोटिस का जवाब देने पर कानूनी कार्रवाई करने की धमकी देने वाले ढुल्लू महतो की यदि हिम्मत है, तो सीधे न्यायालय का दरवाजा खटखटाएं और मुझ पर मानहानि का मुकदमा कर दें. राय ने यह भी कहा कि वह अपनी कही बातों पर पूरी तरह कायम हैं. यदि ढुल्लू महतो को शौक है, तो उन पर लगाए आरोपों का पोस्टर-बैनर पूरे धनबाद संसदीय क्षेत्र में लगवा देंगे.

**"ढुल्लू ने अपराधिक मुकदमों का अर्द्धशतक बनाया"**

सरयू राय ने कहा कि भाजपा के प्रदेश प्रभारी सहित अन्य नेताओं को भी इसकी जानकारी होनी चाहिए कि ढुल्लू महतो पर 46 मुकदमे होने की जानकारी स्वयं धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक ने हाईकोर्ट को पत्र लिख कर दिया है. इनमें से चार मुकदमों पर सजा हो चुकी है. वहीं, शेष चार मुकदमे धनबाद के एसएसपी द्वारा झारखंड उच्च न्यायालय को लिखे गए पत्र के बाद दर्ज हुए हैं. राय ने कहा कि मैं पुनः दोहराना चाहता हूं कि ढुल्लू महतो ने अपने ऊपर अपराधिक मुकदमे दर्ज होने का अर्द्धशतक बनाया है.

# गोलीबारी मामले में हथियार के साथ दो भाई गिरफ्तार

संवाददाता। जमशेदपुर

जमशेदपुर के जुगसलाई थाना क्षेत्र अंतर्गत गरीब नवाज कॉलोनी में बीते दिनों मो. अफजल पर गोलीबारी की गई थी. इस मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों में गौरी शंकर रोड निवासी मो. हसन और मो. सरफराज उर्फ तिल्ली शामिल है. पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त हथियार बरामद किया है. वहीं घटनास्थल से पुलिस ने एक खोखा भी बरामद किया था.

**आपसी विवाद में चली थी गोली :** एसएसपी किशोर कौशल ने सोमवार को मामले का खुलासा करते हुए बताया कि बीते दिनों जुगसलाई के गौरी शंकर रोड में मो. अफजल पर गोली चली थी. इस संबंध में अफजल की पत्नी के बयान पर पुलिस ने मो. हसन, मो. सरफराज उर्फ तिल्ली और उसके पिता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी. पत्नी के द्वारा बताया गया था कि ब्राउन शुगर बेचने के विरोध करने पर गोलीबारी की गई.

**सरफराज को घर में बना लिया था बंधक**

अफजल ने सरफराज को अपने घर में बंधक बना लिया था. जब सरफराज की मां अफजल के घर पहुंची, तो उसे भी पकड़ लिया था. इसी कारण हसन, अफजल के घर पहुंचा और उसपर गोलीबारी कर दी. मामले में सरफराज के पिता की संलिप्तता सामने नहीं आई है. पुलिस जांच कर रही है.

## पांच साल से फरार चल रहा नक्सली गिरफ्तार

**डुमरी।** लोकसभा चुनाव को लेकर थाना में लंबित स्थायी वारंटी/ फरार वारंटियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है. इसी को लेकर रविवार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर निमियाघाट पुलिस ने छापेमारी कर फरार नक्सली धनी मांझी उर्फ धनिया मांझी (उम्र करीब 49 वर्ष) पिता जितन मांझी को गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज दिया गया. धनी मांझी गिरिडीह के निमियाघाट थाना क्षेत्र के चपरखो का रहनेवाला है. वह 2019 से फरार चल रहा था. उसके खिलाफ नक्सली गतिविधि में शामिल होने का आरोप है. उसके खिलाफ निमियाघाट थाना में सात नवंबर 2001 को विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज है. छापेमारी टीम में निमियाघाट थाना प्रभारी राणा जंग बहादुर सिंह, एएसआई हरिश कुमार सिंह, एएसआई निकोलस सोरेन एवं थाना के जवान शामिल थे.

एक शिफ्ट में छह डॉक्टरों की रहती है ड्यूटी, वार्ड में नर्स भी नहीं आती हैं नजर, रूई-इंजेक्शन और दवाइयां खरीकर लानी पड़ती है

# सदर अस्पताल : 117 भर्ती मरीजों में मात्र एक डॉक्टर से चलाया जा रहा काम

राजा गुप्ता । धनबाद

धनबाद जिला के कचहरी रोड स्थित सदर अस्पताल में 117 मरीज भर्ती है, लेकिन इलाज करनेवाला डॉक्टर मात्र एक है. 'शुभम संदेश' दैनिक अखबार की टीम जब सोमवार को शाम पांच बजे पहुंची तो देखा कि अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड को छोड़कर कहीं भी न तो चिकित्सक नजर आया और ना ही कहीं नर्स दिखाई पड़ी. चिकित्सक व नर्स के बारे में एक कर्मचारी से पूछा गया तो उसने कहा कि यह सरकारी अस्पताल है. यहां मरीजों का इलाज मुफ्त में होता है. इसलिए यह हालत है. प्राइवेट हॉस्पिटल में 24 घंटे डॉक्टर, नर्स व अन्य स्टाफ रहते हैं. इमरजेंसी में भी बेहतर सुविधा रहती है. सफाई भी चकाचक रहती है. यहां तो चारों ओर दुर्गंध ही दुर्गंध है. मरीजों व उनके परिजनों को मजबूरी है कि वे लोग शौचालय में जाते हैं. इस अस्पताल में गिने-चुने मरीज ही भर्ती होते हैं. टीम जब बारी-बारी से मेडिसिन, शिशु, इमरजेंसी व महिला वार्ड पहुंची तो वहां बेड पर मरीज तो नजर आए, लेकिन वह किस स्थिति में हैं, यह देखने वाला कोई नजर नहीं आया. पूछने पर मरीजों ने कहा कि कभी-कभार ही डॉक्टर आते हैं और दूर से ही पूछकर चले जाते हैं. नर्स दिन या रात में एक बार आकर पूछती है और उसके हिसाब से दवाईयां, इंजेक्शन, रूई, सिरिंज आदि लाने के लिए कागज पर लिखकर दे देती है. जिसे उनके परिजन बाहर की दुकान से लाकर दे देते हैं.



### एक शिफ्ट में छह डॉक्टरों की ड्यूटी पर इमरजेंसी में नजर आए एक

'सुभम संदेश' की टीम दो मंजिला सदर अस्पताल के सभी वार्ड को बारीकी से जाकर देखा तो पता चला कि इमरजेंसी में मात्र ही डॉक्टर थे, जो मरीज की जांच कर दवाईयां लिख रहे थे. बाकी सभी जगहों पर कोई नजर नहीं आया. महिला मेडिसिन वार्ड के बाहर स्टॉफ ड्यूटी का चेंबर हैं, लेकिन न तो वहां कोई नर्स दिखाई पड़ी और न ही चिकित्सक नजर आए. बगल के पुरुष वार्ड में जाकर देखा तो पता चला कि एक मरीज भर्ती है. उससे पूछने पर पता चला कि सुबह में वह भर्ती हुआ. उसके बाद उसे देखने कोई नहीं आता है. मरीज ने कहा कि मरीज तो भर्ती होते हैं, लेकिन चिकित्सक समय व नर्स सही से इलाज व देखभाल नहीं करते हैं, तो लोग रेफर कराकर एसएनएमएमसीएच सरायढेला चले जाते हैं. वहां कम से कम सीनियर डॉक्टर नहीं भी रहते हैं तो मेडिकल कॉलेज से पढ़ाई पूरी करने के बाद सीनियर व जूनियर रेजिडेंट मरीजों की इलाज में लगे रहते हैं. नर्स भी हर वार्ड में रहती हैं.

### मेल-फिमेल आईसीयू को अस्पताल प्रबंधन ने बना दिया स्त्री-प्रसूति विभाग

सदर अस्पताल के दो मंजिला में मेल-फिमेल आईसीयू है, लेकिन अस्पताल प्रबंधन ने उसे स्त्री-प्रसूति विभाग बना दिया है. जहां गर्भवती महिलाओं की भर्ती की जाती है. प्रसव के कुछ दिनों बाद स्वस्थ रहने पर उसे छूटी दे दी जाती है. जबकि अस्पताल प्रबंधन ने मेल-फिमेल आईसीयू को स्त्री-प्रसूति विभाग बना दिया है. जहां दो दर्जन से अधिक महिलाएं भर्ती थी, लेकिन यहां भी चिकित्सक व नर्स नहीं दिखी. भर्ती महिला व उनके घरवालों से पूछने पर पता चला कि न तो यहां ऑक्सीजन, पल्स रेट बताने वाला मॉनिटर चलता है और न ही एसी चला. भीषण गर्मी में मरीजों को काफी परेशानी होती है. पंखा भी दो-तीन खराब ही है, जिसे ठीक करनेवाला कोई नहीं है. सदर अस्पताल सिविल सर्जन चंद्रभानु प्रतापन के अधीन है, लेकिन वे भी अस्पताल की व्यवस्था देखने नहीं आते हैं. जबकि अस्पताल पर हर साल वेतन-दवा समेत अन्य मद में करोड़ों रुपये खर्च होते हैं.

## ब्रीफ खबरें

### जदयू नेता समर्थकों के साथ झामुमो में शामिल

**महुदा ।** जदयू नेता सह अधिवक्ता निर्मल कुमार रवानी अपने दर्जनों समर्थकों के साथ झामुमो में शामिल हो गए. भेलाटांड़ के पेमिया ऋषिकेश स्कूल परिसर में सोमवार को आयोजित समारोह में गिरिडीह से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो की मौजूदगी में झामुमो की सदस्यता ग्रहण की. मथुरा प्रसाद महतो ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया. इस मौके पर निर्मल रवानी ने मथुरा प्रसाद महतो की जीत सुनिश्चत करने के लिए संकल्प लिया. समारोह में अब्दुल अंसारी, भागीरथ रवानी, धीरज रवानी, निताई रवानी, प्रदीप सिंह, सुनील रवानी, राहुल यादव शामिल थे.

### कलश यात्रा के साथ कथा ज्ञान यज्ञ शुरू

**तोपचांची ।** सोमवार को तोपचांची प्रखंड के ढांगी में रामलाल के जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर झारखंड जनहित मोर्चा के तत्वावधान में भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ एवं नवाहपरायण मानस यज्ञ शुरू हो गया. कलश यात्रा में काफी संख्या में महिला-पुरूष सहित कुवांरी कन्याएं शामिल होकर पूरे गांव की परिक्रमा की. इस दौरान पूरे ढांगी गांव में भक्तिमय माहौल बना रहा. झारखंड जनहित मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष माना पाठक ने बताया कि धार्मिक अनुष्ठान 17 अप्रैल तक चलेगा.

### अवैध शराब के तीन कारोबारी गिरफ्तार

**मैथन ।** कुमारधुबी ओपी प्रभारी पंकज कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने सोमवार को अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाया. इस दौरान अवैध शराब की बिक्री करने वाले तीन धंधेबाजों को गिरफ्तार किया गया. कुमारधुबी बाजार से कुंदन कुमार गुप्ता व गाड़ीखाना से टिंकू बाउरी को अवैध महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया गया. वहीं, शिवलीबाड़ी मुंडा धौड़ा में आंगनबाड़ी सेविका पिंगला बाउरी के घर से महुआ शराब जब्त की गई. पुलिस ने सेविका के बड़े पुत्र लखाई बाउरी को गिरफ्तार कर लिया.

### छात्र-छात्राओं के लिए चित्रकारी प्रतियोगिता


**गोविंदपुर ।** सामाजिक संस्था विकास फोरम के तत्वावधान में सोमवार को क्रिसेण्ट इन्टरनेशनल स्कूल बरियो में स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए चित्रकारी प्रतियोगिता आयोजित की गई. जिसमें 280 प्रतिभागियों ने भाग लिया. प्रतियोगिता दो ग्रुपों में विभक्त थी. दोनों ग्रुप से चयनित 7-7 सफल प्रतिभागियों को 15 अप्रैल को बरियो स्थित क्रिसेण्ट इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित डॉ. भीमराव अंबेडकर के 134वीं जयंती समारोह के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा. सचिव एसएन लाल त्यागी की देखरेख में यह प्रतियोगित आयोजित हुई.

### भाजपा नेता ने कुल्टी क्षेत्र का दौरा किया

**कुल्टी ।** आसनसोल नगर निगम के पूर्व मेयर भाजपा नेता जितेंद्र तिवारी ने आसनसोल लोकसभा के कुल्टी विधानसभा क्षेत्र का सोमवार की सुबह दौरा किया. जहां कुल्टी की जनता ने उनका जोरदार स्वागत किया. मौके पर भाजपा नेता जीशान कुरैशी ने जितेन्द्र तिवारी का स्वागत उनके साथ शामिल होकर क्षेत्र का दौरा किया. जहां क्षेत्र में लोगों का उन्हें भरपूर प्यार और स्नेह मिला. मौके पर जीशान ने कहा कि कुल्टी के लोगों का प्रेम, स्नेह और आशीर्वाद इस बात का प्रमाण है कि जनता का विश्वास जितेंद्र तिवारी के साथ है.

लोकसभा चुनाव को लेकर बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त करने का निर्देश

# सीएपीएफ के रुकने व सभी बूथों पर समय से पूरा करे निर्माण कार्य : डीसी



संवाददाता । धनबाद

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने लोकसभा चुनाव के दौरान सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स (सीएपीएफ) की कंपनियां जिन स्थानों पर रुकेगी और सभी मतदान केन्द्रों पर पानी, बिजली, शौचालय सहित अन्य काम में तेजी लाकर शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया है. उन्होंने कहा कि जिले में शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न कराने के लिए बड़ी संख्या में सीएपीएफ की कंपनियां जिले में उपस्थित रहेंगी. जिस स्थान पर फोर्स रुकेगी तथा सभी मतदान केन्द्रों पर पानी, बिजली सहित सभी बुनियादी सुविधाएं होनी चाहिए. इसके लिए जहां काम शुरू हुआ है उसके निर्माण में तेजी लाकर समय से काम पूरा करे. काम की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा. बैठक में उपायुक्त ने जेवीबीएनएल के विभिन्न डिविजन के अभियंता को उनके क्षेत्र के मतदान केंद्र में बिजली पहुंचाने के अलावा जिन आंगनबाड़ी केंद्रों या पंचायत भवन में बिजली कनेक्शन या वायरिंग दुरुस्त नहीं है, वहां शीघ्र बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराने व वायरिंग दुरुस्त करने का निर्देश दिया. बैठक में उपायुक्त माधवी मिश्रा, उप विकास आयुक्त सादात अनवर, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला, डीएसडब्ल्यूओ अनिता कुजूर के अलावा पीएचईडी 1, 2 व मैकेनिकल, भवन प्रमंडल, विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता मौजूद थे.

### मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन



**धनबाद ।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार लोकसभा आम चुनाव में स्वीप कोषांग के तहत मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत सोमवार को विभिन्न क्षेत्रों के विभिन्न बूथों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसके तहत ब्राह्मणडीहा पैक्स लिमिटेड, तोपचांची प्रखंड द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया एवं स्वतंत्र निष्पक्ष शांतिपूर्ण तथा निर्भीक होकर धर्म वर्ग जाति समुदाय भाषा अथवा अन्य किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनो में अपने मताधिकार के प्रयोग करने हेतु शपथ दिलाई गई. वही धनबाद प्रखंड में हस्ताक्षर अभियान, शपथ ग्रहण एवं बीएलओ द्वारा वोटर कार्ड में नाम सहित विभिन्न अभियान चलाकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया. इसके अलावा आज एग्यारकुंड प्रखंड के रामानन्द स्मारक उच्च विद्यालय चाँच पोटरी बूथ नंबर 376,399 एवं 401 प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक तथा शिक्षिकाओं द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई. तथा मतदाताओं से वोट करने की अपील की गई. साथ ही पूरे धनबाद जिला में स्वीप कोषांग अंतर्गत मतदाता जागरुकता के तहत चुनाव से संबंधित फ्लोर गेम, क्विज प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, जागरूकता रैली, समेत कई अन्य गतिविधियां की गई एवं लोगों को शपथ दिलाई गई. साथ हीं लोगों में स्वीप गतिविधियों के तहत सेल्फी स्टैंड में सेल्फी भी ली. इस दौरान स्वीप कोषांग द्वारा शपथ ग्रहण करवाते हुए निर्वाचन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया गया. उन्होंने लोकतंत्र को मजबूत करने हेतु मतदान के दिन अपने अपने मत का प्रयोग करने के लिए सभी से अपील की.

### मतदान पदाधिकारियों के द्वितीय चरण की ट्रेनिंग 18 से

**धनबाद ।** कार्मिक कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त सादात अनवर ने आज बैठक कर जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी को द्वितीय चरण के प्रशिक्षण के लिए मतदान पदाधिकारियों को शीघ्र अपॉइंटमेंट लेटर जारी करने का निर्देश दिया. इस संबंध में उप विकास आयुक्त के बताया कि लोकसभा चुनाव के सफल एवं त्रुटि रहित क्रियान्वयन के लिए आगामी 18 अप्रैल से मतदान पदाधिकारियों का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण शुरू होगा. सभी मतदान पदाधिकारी गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त कर सके इसलिए उन्हें समय पर सूचित करना आवश्यक है. बीसीसीएल से कर्मियों की मांग लोकसभा चुनाव के दौरान कुछ मतदान कर्मियों को धनबाद से पाकुड़ भेजा जाना है. इसके लिए भारत कोकिंग कोल लिमिटेड से कर्मियों की मांग की गई है. जैसे ही बीसीसीएल से कर्मियों की सूची मिलेगी, पाकुड़ जाने वाले मतदान कर्मियों का डेटाबेस तैयार किया जाएगा. बैठक में उप विकास आयुक्त सादात अनवर, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी सुनीता तुलस्यान, जिला शिक्षा अधीक्षक भूतनाथ रजवार, भूमि सुधार रूप समाहर्ता संतोष गुप्ता के अलावा डीडीसी कार्यालय के प्रधान ओम प्रकाश सिंह व कार्यालय के अन्य कर्मी मौजूद थे.



## आउटसोर्सिंग में ब्लास्टिंग से हुई पत्थरों की बारिश, एक आवास क्षतिग्रस्त

### 15 वर्षीय युवक घायल

संवाददाता । कतरास

सोमवार की दोपहर आउटसोर्सिंग के हैवी ब्लास्टिंग से उड़ कर गिर रहे पत्थरों से तेतुलमुडी 22/12 बस्ती के मिराज अंसारी के घर का एसवेस्टस सीट पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई . साथ ही घर के अंदर सो रहे उसके 15 वर्ष के पुत्र अयान अंसारी जख्मी हो गया.जबकि घटना में कई लोग बाल बाल बचे.घटना से आक्रोशित लोगों ने मोदीडीह कोलियरी मे संचालित हिल टॉप राइजिंग आउटसोर्सिंग पैच पहुंच कर परिवहन कार्य बाधित कर दिया.

आक्रोशित लोगों का कहना था कि प्रबंधन पहले पुनर्वास की व्यवस्था करें. तभी कंपनी का कार्य चालू होने देंगे. जब तक मांगे पूरी नहीं हो जाती है तब तक कार्य बाधित रहेगा. इधर जख्मी अयान को उसके परिजन इलाज के लिए कतरास के एक नर्सिंग होम ले गए. जहां इलाज के बाद उसे वापस घर भेज दिया. करीब ढाई घंटे के बाद आउटसोर्सिंग कंपनी के साइट इंचार्ज जितेंद्र सिंह ने ग्रामीणों को समझ बुझाकर मामला शांत किया और जख्मी को समुचित इलाज के अलावा आवास की मरम्मत करवाने का आश्वासन दिया.जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीण शांत हुए और आउटसोर्सिंग कंपनी का काम सामान्य हो सका. घटना के संबंध में भुक्तभोगी मिराज अंसारी ने कहा कि बगैर सूचना दिए हुए आउटसोर्सिंग कंपनी पैच में हैवी ब्लास्टिंग की गई, जिसका पत्थर उड़कर मेरे आवास में जा गिरा. जिससे घर के अंदर सो रहे मेरे 15 वर्ष का पुत्र जख्मी हो गया. पत्थर की गति इतनी अधिक थी कि घर का एसवेस्टस सीट को तोड़ते हुए घर के अंदर जा गिरा.

**खास बातें**

- घटना में कई लोग घटना के शिकार होने से बचे
- साइट इंचार्ज ने आवास मरम्मत का आश्वासन दिया

## 170 में 120 आयुष्मान आरोग्य मंदिर तैयार योग क्लास के साथ मिल रही निःशुल्क दवा

संवाददाता । धनबाद

धनबाद में 170 में 120 आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनकर तैयार हो चुका है. जिसमें 141 स्वास्थ्य उप केंद्र को भी आयुष्मान आरोग्य मंदिर बना दिया गया है. जहां रोजाना लोगों को योग क्लास करायी जाती है. साथ ही निःशुल्क दवाएं भी दी जाती है. पहले जिले में बने 29 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का नाम बदल दिया गया है, जो अब आयुष्मान आरोग्य मंदिर के नाम से जाना जा रहा है. इसका टैगलाइन आरोग्यं परमं धनम् है. स्वास्थ्य विभाग के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र में आयुष्मान आरोग्य सेंटर 140 है. जबकि 30 शहरी क्षेत्र में हैं. आयुष्मान आरोग्य मंदिर में 14 प्रकार की पैथोलॉजी जांच निःशुल्क की जा रही है. इसके अलावा यहां आने वाले मरीजों को 58 प्रकार की दवा भी मुफ्त में दी जा रही है. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के निर्देश के बाद धनबाद समेत अन्य जिलों में भी इसकी तैयारी जोर-शोर चल रही है.

### 14 प्रकार की जांच और 58 तरह की मुफ्त दवाइयां

आयुष्मान आरोग्य मंदिर में 14 प्रकार के फ्री टेस्ट में गर्भावस्था जांच, मूत्र की जांच, मधुमेह, मलेरिया, एचआईवी, डेंगू, विजुअल इंस्पेक्शन, नमक में आयोडीन जांच, पानी में मल प्रदूषण एवं क्लोरिनेशन की जांच, हेपेटाइटिस बी की जांच, फाइलेरिया, बलगम आदि जांच शामिल हैं. शहर के बस अड्डा स्थित बिशनपुर में भी आयुष्मान आरोग्य मंदिर में सेवा शुरू हो गई है. यहां कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर की तैनाती की गई है. सुबह 9 :00 से दिन के 3 :00 बजे तक ओपीडी में मरीजों की जांच की जा रही है. मरीजों को 58 तरह की दवाइयां मुफ्त में दी जा रही है.



भाटडीह व मधुबन थाना में रामनवमी व ईद को लेकर शांति समिति की बैठक

## शांतिपूर्ण पर्व मनाए, डीजे बजाने पर पाबंदी : ओपी प्रभारी

संवाददाता । महुदा

ईद-उल-फित्र, एवं रामनवमी पर्व को लेकर सोमवार को भाटडीह ओपी में शांति समिति की बैठक ओपी प्रभारी बालमुकुन्द सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई .बैठक को संबोधित करते हुए ओपी प्रभारी बालमुकुन्द सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर पूरे देश में आदर्श आचार संहिता लागू हैं ,इसके लिए ईद-उल-फित्र एवं रामनवमी के पर्व के अवसर पर डीजे बाजा बजाने पर पूर्ण पाबंदी लगाई गई है, ताकि आपसी भाईचारा और सौहादपूर्ण वातावरण में सभी त्योहार मनाने में किसी भी तरह का खलल उत्पन्न न हो. मौके पर एसआई बाजुम हेम्ब्रम एसआई निरंजन प्रताप , मुखिया बदरुद्दीन अंसारी,पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि सम्पद घोषाल,पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि आदर कुमार मिश्रा, मुखिया प्रतिनिधि दिनेश कुमार प्रमाणिक,पंचायत समिति सदस्य ,दिलखुश देहाती,पवन कुमार तिवारी,अब्दुल समद अंसारी, करामत अंसारी,कैलाश पासवान,मेहंदी हसन ,शंकर गोप,कलाम अंसारी, भुनेश्वरी देवी,बबलू प्रसाद महतो,गफ्फार अंसारी,साहिल अख्तर,अजाद अंसारी, आदि मौजूद थे.



इधर मधुबन थाना परिसर में भी शांति समिति बैठक की गई. जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी जय प्रकाश एवं संचालन दिना साव ने किया. इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से आये प्रतिनिधियों, समाजिक बुद्धिजीवियों ने भाईचारगी का संदेश दिया.

### सोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी

**मैथन ।** ईद और रामनवमी पर्व को लेकर सोमवार को मैथन ओपी परिसर में शांति समिति की बैठक हुई . बैठक की अध्यक्षता मैथन ओपी प्रभारी आकृष्ट अमन व संचालन मेढा पंचायत के मुखिया मनोज राउत ने किया . मैथन ओपी प्रभारी आकृष्ट अमन ने कहा कि अफवाह पर ध्यान न दें . सोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी . रामनवमी का अखाड़ा पूर्व निर्धारित रूट पर ही चलेगी, नए रूट की अनुमति नहीं है . सभी को भाईचारे और सोहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाये . कहा कि डीजे पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा .

**लोकसभा चुनाव** नगर आयुक्त ने जगरुकता रैली को दिखाई हरी झंडी

# दिव्यांगों ने मतदाताओं को जागरूक किया

संवाददाता । धनबाद

राष्ट्रीय बेसहारा विकलांग वेलफेयर फेडरेशन धनबाद के बैनर तले सोमवार को धनबाद के रणधीर वर्मा चौक से दिव्यांगों द्वारा लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई.जागरूकता रैली को धनबाद नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनिता कुजूर व सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग नियाज अहमद ने हरि झंडी दिखा कर रवाना किया. रैली में पीडब्लूडी वोटर ट्राई साईकिल , व्हील चेयर , ट्राई मोटरसाइकिल आदि के साथ सम्मिलत हुए.यह रैली रणधीर वर्मा चौक से शुरू कर नगर निगम कार्यालय ,सिटी सेंटर चौक ,मेमको मोड़ होते हुए शहर का भ्रमण कर नए समाहरणालय में समाप्त हुई. कार्यक्रम का नेतृत्व राष्ट्रीय बेसहारा विकलांग वेलफेयर फेडरेशन के जिला अध्यक्ष व पीडब्लूडी आइकॉन प्रमोद यादव कर रहे थे.



### अपना मताधिकार खोना नहीं चाहिए

कार्यक्रम को लेकर नगर आयुक्त राजीव शर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर आम लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से सोमवार को दिव्यांगों द्वारा रणधीर बर्मा चौक से जागरूकता रैली निकाली गई .उन्होंने कहा कि भारत के हर नागरिक जो 18 वर्ष से ऊपर हैं उनको अपने मत का अधिकार नहीं खोना चाहिए. इस दौरान उन्होंने भी शहर के मतदाताओं से इस महापर्व में बढ़ चढ़ कर 25 मई को मतदान करने की अपील की.राष्ट्रीय बेसहारा विकलांग वेलफेयर फेडरेशन के जिला अध्यक्ष व पीडब्लूडी आइकॉन प्रमोद यादव ने कहा कि चुनाव एक पर्व है, जो देश का गर्व है. इस गर्व को बरकरार रखने के लिए हम दिव्यांग आज धनबाद के रणधीर वर्मा चौक से मतदाता जागरूकता रैली निकाले हैं.जो शहर का भ्रमण कर लोगों को इस महापर्व में मतदान के लिए जागरूक कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि जब हम दिव्यांग होकर बूथों पर जाकर अपने मत का प्रयोग करते हैं तो आम सामान्य नागरिक जो 18 वर्ष से ऊपर हैं उनको भी अपने बूथ पर जाकर अपने मत का प्रयोग जरूर करना चाहिए .

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी दोषी करार

**धनबाद ।** नाबालिग से दुष्कर्म करने के एक मामले में धनबाद पोक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने मामले के नामजद आरोपी सहाना खरखरी निवासी राकेश महतो को दोषी करार दिया है. अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए मंगलवार की तारीख निर्धारित की है. प्राथमिकी पीड़िता की माता की शिकायत पर मधुबन थाने में सात अप्रैल 22 को दर्ज की गई थी. प्राथमिकी के मुताबिक 31 मार्च 22 को पीड़िता कपड़ा सिलवाने की बात कह कर घर से निकली. परंतु शाम तक वापस घर नहीं आई.खोजबीन पर पता चला कि राकेश महतो शादी का प्रलोभन देकर नाबालिग पीड़िता को बहला फुसलाकर भगा ले गया है.

## शंकराचार्य का भव्य स्वागत भक्तों में उत्साह,लगे जयकारे

संवाददाता । बराकर

बराकर शहर के बेगुनिया स्थित साधु सीताराम बाबा द्वारा प्रतिष्ठित गौरांगो मंदिर में आयोजित 15 दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के दौरान जगत गुरु शंकराचार्य बराकर पहुंचे. कल शाम जैसे ही जगतगुरु शंकराचार्य गोवर्धन मठ पीठाधीश्वर स्वामी निश्चलानंद सरस्वती जी महाराज का देवघर से बराकर में आगमन हुआ. भक्तों में उत्साह भर गया. भारी संख्या में उपस्थित भक्त जयकारा लगाते हुए पुष्प वर्षा करने लगे. इस दौरान सुरक्षा के चाक चौबंद प्रबंध किए गए थे . इसके बाद जगतगुरु शंकराचार्य अपने विश्राम स्थल पर चले गए. वहीं सोमवार को हनुमान चढ़ाई



स्थित सराफ बंगला में जगतगुरु शंकराचार्य एवं कुछ विशेष लोगों के लिए प्रश्न उत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया था. जहां पर जगतगुरु शंकराचार्य ने भक्तों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर दिया. इस अवसर पर गौरांग मंदिर के पुजारी साधु हरे कृष्णा बाबा के अलावा कई गणमान्य लोग मौजूद थे.

### केंद्रीय नेतृत्व ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला कमेटी पदाधिकारियों के साथ की बैठक

# रांची के प्रभात तारा मैदान में उमड़ेगा जनसैलाब : विजय हांसदा

**21 अप्रैल को रांची में झामुमो दिखायेगा दम, कार्यकर्ता तैयारी में जुटे : श्याम यादव**

संवाददाता। पाकुड़





पाकुड़ शहर के धनुषपूजा स्थित जिला झामुमो कार्यालय में सोमवार को पार्टी की केंद्रीय समिति द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला कमेटी के पदाधिकारियों के साथ आवश्यक बैठक की. बैठक में केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय के ने आगामी 21 अप्रैल को राजधानी रांची के प्रभात तारा मैदान में होने वाले विशाल जनसभा की जानकारी दी. राजमहल लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय हांसदा व जिलाध्यक्ष श्याम यादव के साथ साथ जिला उपाध्यक्ष समद अली, जिला उपाध्यक्ष अजीजुल इस्लाम, जिला सचिव सुलेमान बास्की, युवा जिलाध्यक्ष सुनील टुडू, युवा जिलासचिव उमर फारूक, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष जोसेफिना हेम्ब्रम, महिला जिलासचिव सुशीला देवी, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष हबीबुर्रहमान, मजदूर मोर्चा जिलाध्यक्ष मनोज चौबे, बुद्धिजीवी मोर्चा जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ शंकर ने संयुक्त रूप से केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद पांडेय को आश्वस्त किया कि पाकुड़ जिले के सभी पंचायतों के कार्यकर्ता भी इस महाजुटान रैली में रांची पहुंच कर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान देंगे.

**ये थे उपस्थित :** इस दौरान जिला संगठन सचिव महमूद आलम, जिला संगठन सचिव कुणाल अल्फ्रेड हेम्ब्रम, पाकुड़ प्रखंड अध्यक्ष मुसलोद्दीन शेख, सचिव राजेश सरकार, पाकुड़िया प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल हांसदा, महेशपुर प्रखंड अध्यक्ष अनारूद्दीन मियां, अमड़ापाड़ा प्रखंड अध्यक्ष कोर्नेलियुस हेम्ब्रम, सचिव जहीरुद्दीन मियां, लिट्टीपाड़ा प्रखंड अध्यक्ष चरण हांसदा, सचिव जावेद आलम, हिरणपुर प्रखंड अध्यक्ष इसहाक अंसारी, नगर अध्यक्ष मुकेश सिंह, नगर सचिव नूर आलम, जिला सह सचिव मुसलोद्दीन अंसारी, केंद्रीय सदस्य निशा शबनम हांसदा, केंद्रीय सदस्य मिथिलेश घोष, केंद्रीय सदस्य अमित भगत, केंद्रीय सदस्य दीपू मुर्मू, केंद्रीय देवीलाल हांसदा, जिला सदस्य अब्दुल उदूद, जिला सदस्य जहूर आलम, जिला सदस्य तनवीर आलम, जिला सोशल मीडिया सदस्य प्रकाश सिंह, जिला सोशल मीडिया सदस्य आफताब आलम, पाकुड़ प्रखंड उपाध्यक्ष अजफारुल शेख, दयानंद भगत, नगर उपाध्यक्ष आदित्या तिवारी,मोसर्रफ हुसैन, मुबारक होसैन, लीला सोरेन, अनिता मुर्मू, सुशीला किस्कू, रीना सोरेन, फुलमुनी मरांडी कार्यकर्ता उपस्थित थे.

# सेविकाओं ने मेहंदी डिजाइन कर बताया मतदान का महत्व

संवाददाता। गावां (गिरिडीह)



गावां प्रखंड के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्र की सेविकाओं ने महिला पर्यवेक्षिका आरती कुमारी की मौजूदगी में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया . इस कार्यक्रम का उद्देश्य 'आओ वोट करें और अपना राष्ट्र बनाएं' नारों से मतदाता जागरूकता को बढ़ावा देना था. यह जिला निर्वाचन अधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया.

इस कार्यक्रम में आंगनबाड़ी सेविका व पोषक क्षेत्र के ग्रामीणों ने भाग लिया. उन्होंने अपने हाथों को सुंदर डिजाइनों और सशक्त संदेशों से सजाकर कलात्मक कौशल का प्रदर्शन किया. प्रतियोगिता में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में महिलाओं को मताधिकार का प्रयोग करने के लिए आग्रह करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया. प्रतिभागियों ने चुनावी भागीदारी, नागरिक कर्तव्य और लोकतांत्रिक सिद्धांतों का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रतीकों के साथ अपने मेहंदी डिजाइनों को शामिल किया . मौके पर गुलशन आरा और ज्योति देवी समेत कई लोग मौजूद थी .

## ब्रीफ खबरें

### ट्रेन की चपेट में आने से एक की मौत

**बैंगाबाद (गिरिडीह) ।** गिरीडीह मधुपुर रेलखंड पर पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत हो गई. जबकि इस दुर्घटना में एक महिला गंभीर रूप से घायल हुई है. मृतक 42 वर्षीय बुधन हांसदा गांडेय थाना क्षेत्र के उदयपुर पंचायत रहने वाला था. घटना की सूचना पर गिरीडीह रेल पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. बताया गया मृतक बुधन हांसदा गिरीडीह से अपनी बाइक पर एक महिला रिश्तेदार और बच्चे को लेकर गिरीडीह जा रहा था. इसी दौरान बेंगाबाद थाना क्षेत्र के भण्डारीडीह के समीप पोल संख्या 12 के पास वह पैदल बाइक को धक्का दे कर रेल लाइन पार कर रहा था. तभी गिरीडीह से मधुपुर की तरफ जा रही ट्रेन ने उसे चपेट में ले लिया.

### मीटिंग को सफल बनाने की अपील

**बोकारो।** बोकारो के सूचना भवन स्थित स्वीप कोषांग कार्यालय में नोडल पदाधिकारी प्रभाष दत्ता ने 19 अप्रैल को प्रस्तावित वोटिंग पर मीटिंग कार्यक्रम को सफल आयोजन को लेकर संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की. बैठक में तैयारी के संबंध में जेएसएलपीएस के जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रकाश रंजन से जानकारी प्राप्त की. उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए. प्रखंड के प्रभारी पदाधिकारियों को कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा महिलाएं एवं आमजन शामिल हो, इसके लिए जरूरी निर्देश दिए गए. कहा गया कि सभी को मतदान दिवस 25 मई 2024 की जानकारी देनी है, उन्हें स्वयं मतदान करने एवं अपने आस-पास के सभी लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने का संदेश दें. मौके पर स्वीप कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय, प्रभारी पदाधिकारी सह खेल पदाधिकारी हेमलता बुन मौजूद थी.

### पति ने गुस्से में अपनी बाइक में आग लगा दी

**साहिबगंज।** सोमवार को जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत ज्योतिया मोड़ में पति-पत्नी के बीच विवाद में पति ने गुस्से में अपनी बाइक में आग लगा दी. मिली जानकारी के अनुसार भानु रिखियासन व उसकी पत्नी कल्याणी देवी के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया. जिसके बाद उसने घर के बाहर खड़ी अपनी पल्सर 220 में आग लगा दी. देखते ही देखते बाइक जलकर राख हो गई. हालांकि इस संबंध में किसी ने पुलिस से कोई शिकायत नहीं की है.

### 22 जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया

# चहारदीवारी तोड़ी फसलों को नष्ट किया



जरीडीह के भस्की में हाथियों द्वारा ध्वस्त किया गया चहारदीवारी एवं बर्बाद किया गया फसल.

संवाददाता। बोकारो

**खास बातें**

- पूर्व मुखिया के घर की चहारदीवारी तोड़ी
- पटाखे फोड़कर और ढोल बजाकर हाथियों को भगाया

जरीडीह प्रखंड के भस्की गांव में सोमवार अहले सुबह जंगली 22 हाथियों के झुंड ने फिर जमकर उत्पात मचाते हुए पूर्व मुखिया सुनीता देवी के घर की चारदीवारी तोड़ दी. इसके अलावा उनकी खेत में लगे लगभग तीन एकड़ भूमि पर गेहूं और मकई की फसल को भी हाथियों के झुंड ने रौंदकर एवं खाकर बर्बाद कर दिया. पिछले चार दिनों के दौरान इस गांव में जंगली हाथियों ने दूसरी बार उत्पात मचाया है. पीड़ित परिजनों व ग्रामीणों के अनुसार, लगभग 22 जंगली हाथियों के झुंड ने सुबह करीब तीन बजे गांव में प्रवेश किया. ग्रामीण कुछ जान और समझ पाते उससे पहले हाथियों के झुंड ने पूर्व मुखिया सुनीता देवी के घर की चहरदीवारी को लात मारकर एवं सूंड़ से ध्वस्त कर दिया. उसके बाद उनकी फसल को चौपट किया. घरवालों द्वारा हल्ला मचाने के बाद ग्रामीण एकत्रित हुए तथा पटाखे फोड़ कर एवं ढोल बजाकर हाथियों को खदेड़ने का प्रयास शुरू किया.

सूचना पाकर आधे घंटे बाद हाथी भगाओ दल भी मौके पर पहुंचा और ग्रामीणों की मदद से झुंड को निकटवर्ती रोरिया के घने जंगल की ओर खदेड़ दिया. इधर, बार-बार गांव में जंगली हाथियों के हमले से ग्रामीण भयभीत हैं. ग्रामीणों ने जान माल की सुरक्षा की मांग सरकार एवं वन विभाग से की है.

### गर्भवती महिला से इलाज के नाम पर घूस लेने का आरोप

**साहिबगंज।** शहर के रेलवे स्कूल के सामने स्थित पुराना सदर अस्पताल में इलाज कराने के लिए आई मंगलहाट मसकलैया निवासी गर्भवती महिला रूबी देवी से ड्यूटी पर तैनात जीएनएम संगीता चौड़े पर इलाज करवाने के नाम पर 5000 हजार रुपए घूस लेने का आरोप है. बताया गया कि गर्भवती महिला अपना इलाज कराने के लिए सोमवार को जब अस्पताल आई तो उस वक्त ड्यूटी पर तैनात अन्य जीएनएम ने उसे देखने से मना कर दिया और कहने लगी कि जिसको पैसे दी हो उसी से अपना इलाज कराओ. इस जानकारी बीपीएम मनोज कुमार यादव व प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रंजन कुमार को दी गई. इसके बाद दोनों ही स्वास्थ्य अधिकारी पुराना सदस्य अस्पताल पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की. बताया गया कि जीएनएम संगीता चौड़े को बुलाया गया,वहीं संगीता चौड़े पुराना सदर अस्पताल में आई और अपना जुर्म सदर अस्पताल प्रभारी डॉक्टर रंजन कुमार के सामने कबूला और रूबी देवी की मां को पांच हजार रु लौटा दिए.

### कसमार थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

# मिलजुल कर पर्व मनाने का संकल्प

संवाददाता। बोकारो



बैठक को संबोधित करते प्रखंड विकास पदाधिकारी अनिल कुमार.

ईद, रामनवमी एवं सरहुल को लेकर सोमवार को कसमार थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता बीडीओ अनिल कुमार ने की. इस अवसर पर जिला परिषद उपाध्यक्ष बबिता कुमारी, प्रमुख नियोति दे, जिला परिषद सदस्य अमरदीप महाराज, थाना प्रभारी भजनलाल महतो समेत अन्य दर्जनों प्रतिनिधि व अलग अलग गांव से आये रामनवमी के विभिन्न अखाड़ों के प्रमुख मौजूद थे. इस अवसर पर बीडीओ अनिल कुमार ने बताया कि रामनवमी हो, ईद हो या सरहुल, हर पर्व को लोग शांति और भाईचारे के साथ खुशी के माहौल में मनाएं. किसी भी हाल में शांति भंग न हो, इसकी कोशिश होनी चाहिए. इस दौरान थाना प्रभारी भजनलाल महतो ने रामनवमी के लिए निर्धारित रूट के संदर्भ में जानकारी देते हुए बताया कि रामनवमी का जुलूस निर्धारित रूट पर ससमय निकालें.

**अफवाह से बचें**

बताया गया कि इन त्यौहारों में किसी तरह की अफवाह से बचें . साथ हीं अगर शरारती तत्वों द्वारा गलत माहौल बनाने की कोशिश करे, तो तुरंत थाना या प्रशासन को फोन करें, तुरंत स्थिति पर प्रशासन द्वारा नियंत्रण किया जाएगा . यह भी बताया गया कि पर्व में शांति व्यवस्था के लिए प्रशासन की टीम हर जगह तैनात होगी, ताकि किसी तरह की कोई अप्रिय घटना न हो . मौके पर पूर्व जिप सदस्य विमल जायसवाल, बानेश्वर महतो, मुखिया हारू रजवार, चंद्रशेखर नायक, सुमित्रा देवी, विजय कुमार, यदुनंदन जायसवाल, अविनाश चौबे, शकुर अंसारी, छोगालाल सिंह, नगेन्द्र नायक, फणींद्र मुंडा, कमरुल होदा, शिवशंकर नायक, सोहेल अंसारी, जब्बार अंसारी, प्रताप सिंह, जीवन जगरनाथ, राजेश पांडेय, इकबाल जावेद, वीरू घांसी, शिशुपाल महतो, सुल्तान अंसारी, महेश महतो, कलीम अंसारी, शेखावत अंसारी समेत अन्य दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे .

# भाजपा प्रत्याशी ने चलाया जनसंपर्क अभियान

संवादजदाता। गांडेय (गिरिडीह)



सोमवार को भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा ने गांडेय विधानसभा क्षेत्र के गांडेय मंडल के अंतर्गत बड़कीटांड़ पंचायत के बांधबाद, कुसमाहा, देवनडीह, लोहारी, चरघरा, बरमासिया, रुक्कोटांड, धर्मपुर, करीबांक, दासडीह आदि क्षेत्रों का दौरा कर जनसंपर्क किया. इस दौरान भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा स्थानीय ग्रामीणों से मिले और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फिर से देश के प्रधानमंत्री बनाने के लिए लोगों से अपील की. साथ ही गांडेय विधानसभा के उपचुनाव में समर्थन देने की अपील की. मौके पर मंडल अध्यक्ष प्रकाश यादव, हरी मंडल,एंथोनी स्वामी, भरत शर्मा, बासुदेव सिंह, सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे .

### बाइक सवार के पास से 3.64 लाख रुपये बरामद

**बोकारो।** बोकारो जिले के चंदनकियारी प्रखंड के बरमसिया ओपी अंतर्गत मुर्गातल पर बने सोमवार दोपहर चेकनाका पर वाहन चेकिंग के दौरान तीन लाख 64 हजार 130 रुपये एक बाइक से बरामद किया गया है. इस बाबत बरमसिया ओपी थाना प्रभारी कौशलेंद्र कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर वाहन चेकिंग के दौरान धनबाद जिले के भौंरा थाना के

### पीरटांड़ पुलिस चला रही है वाहन जांच अभियान



**पीड़टांड़ (गिरिडीह)।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए पीरटांड़ थाना पुलिस द्वारा थाना के सामने चेकपोस्ट बना कर गहन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है. इस दौरान दोपहिया व चारपहिया वाहनों में रखे बैग आदि की जांच की जा रही है. इस दौरान पकड़ायी जा रही राशि के कागजात मांगे जा रहे हैं . वहीं पीरटांड़ थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है. क्षेत्र में अप्रिय घटना न हो इसके लिए सभी वाहनों की अच्छी तरह जांच की जा रही है . वहीं उन्होंने कहा कि पुलिस पूरी तरह से लोकसभा चुनाव को देखते हुए चौकन्ना है . साथी वाहनों की जांच की वीडियो रिकॉर्डिंग भी की जा रही है. हर आने जाने वाले वाहनों की तलाशी ली जा रही हैं.

# नए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश का भव्य स्वागत

संवाददाता। साहिबगंज



सोमवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिल कुमार ने साहिबगंज में बतौर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर योगदान दे दिया है. नए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिल कुमार के प्रभार ग्रहण के उपरांत जिला अधिवक्ता संघ साहिबगंज में उनके आगमन को लेकर स्वागत समारोह का आयोजन किया. इस मौके पर संघ के अध्यक्ष प्रेमनाथ तिवारी, वरीय अधिवक्ता देवनारायण यादव सहित कई अधिवक्ताओं ने फूलों का गुलदस्ता उन्हें भेंट किया.इसके पूर्व कुमार लातेहार में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर कार्यरत थे और माननीय उच्च न्यायालय झारखंड के निर्देश पर तबादला होने पर साहिबगंज जिला व्यवहार न्यायालय में बतौर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के रूप में पदभार ग्रहण किया. इसके पूर्व साहिबगंज में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर मनोज कुमार सिंह थे. जिनका तबादला लातेहार में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर ही किया गया है. बताते चले कि अखिल कुमार सर्वप्रथम एडीजे प्रथम के पद पर चार मई 2012 को गुमला में योगदान दिए हैं. अखिल कुमार माननीय उच्च न्यायालय में एडमिनिस्ट्रेशन का भी पदभार बखूबी निभा चुके हैं.

मौके पर अखिल कुमार ने अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बार एवं बेंच के बीच मधुर संबंध रहेगा. हमें लोगों को मिलकर काम करना है, ताकि सभी त्वरित न्याय मिल सके.अखिल कुमार के योगदान देने के बाद से अधिवक्ताओं में खुशी है.

### भारत में सूर्यग्रहण का नहीं पड़ा असर

**धनबाद।** चैत्र कृष्ण की अमावश्या पर साल का पहला सूर्य ग्रहण सोमवार की रात नौ बजकर 22 मिनट पर लगा. यह सूर्य ग्रहण 2024 में होने वाली पहली खगोलीय घटना है. इसे बेहद दुर्लभ माना जा रहा है.यह सूर्य ग्रहण 50 वर्ष बाद सबसे लंबा चलने वाला ग्रहण था, जो करीब पांच घंटे और 25 मिनट तक चला.ग्रहण को लेकर आचार्य गिरधर गोपाल मिश्रा ने जानकारी दी है. चैत्र कृष्ण की अमावश्या में लगा साल का पहला सूर्य ग्रहण भारत में अदृश्य रहा . इसका कोई फल या प्रभाव भारत पर नहीं पड़ा. भारतीय समयानुसार ग्रहण का स्पर्श रात नौ बजकर 22 मिनट में हुआ और मोक्ष रात 1 बजकर 26 मिनट पर हुआ .इसके कारण सूर्य ग्रहण का सूतक काल भारत में मान्य नहीं रहा.इस दुर्लभ और साल के पहले सूर्य ग्रहण के साक्षी पश्चिमी यूरोप , अमेरिका महाद्वीप ,पैसेफिक अंटलाटिक और आर्कटिक के लाखों लोग बने.सूर्य ग्रहण के वक्त लोग चंद्रमा को सूर्य की रोशनी में पूरी तरह स्पष्ट रूप में देख पाए.

# पेटरवार में अन्याय उलगुलान रैली की सफलता को लेकर बनी रणनीति

- रिडीह लोकसभा से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी मथुरा महतो को जीत दिलाने पर चर्चा

संवाददाता। बोकारो



पेटरवार में झामुमो की बैठक में मौजूद कार्यकर्ता.

बोकारो जिले के पेटरवार झामुमो के गोमिया विधानसभा के प्रधान कार्यालय में सोमवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा बोकारो जिला समिति की बैठक जिलाध्यक्ष हीरालाल मांझी की अध्यक्षता में हुई. बैठक में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद, गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन समर्थित झामुमो प्रत्याशी सह टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, जिला सचिव जयनारायण महतो मुख्य रूप से उपस्थित थे.

बैठक में आगामी 21 अप्रैल को रांची में आहूत इंडिया गठबंधन के अन्याय उलगुलान महारैली को सफल बनाने की रणनीति एवं लोकसभा चुनाव पर चर्चा की गई. इस अवसर पर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि रांची में आहूत अन्याय उलगुलान महारैली ऐतिहासिक होने जा रही है. केंद्र सरकार जिस तरह से तानाशाही रवैया अपनाते हुए विपक्षी पार्टियों के शीर्ष नेताओं को छल, प्रपंच कर फंसाने और जेल भेजने का काम कर रही है, उसके खिलाफ पूरे देश की जनता आक्रोशित है. झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को आधारहीन मामले में जिस तरह से जेल भेजकर अन्याय किया गया है, उक्त महारैली में ऐतिहासिक संख्या में झारखंड की जनता हुंकार भरेगी. बैठक में गिरिडीह लोकसभा से पार्टी प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो की जीत सुनिश्चित करने को लेकर भी रणनीति बनी. मौके पर संतोष रजवार, राधानाथ सोरेन, मोहन मुर्मू, दिलीप हेम्ब्रम, सोहेल अंसारी, मनोहर मुर्मू व अन्य दर्जनों पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे.

**पाकुड़**

### शोभायात्रा को ऐतिहासिक बनाने के लिए प्रांतीय यादव महासभा प्रतिबद्ध

# यादवों ने भरी हुंकार, अबकी बार रामनवमी ऐतिहासिक होगी

संवाददाता। पाकुड़



**खास बातें**

- बैठक में संगठन की मजबूती पर वितार-विमर्श किया गया
- घर-घर जाकर आम लोगों को प्रोत्साहित किया जाएगा

रविवार देर शाम पाकुड़ जिले के नगरनवीं पंचायत के हनुमान मंदिर प्रांगण में प्रांतीय यादव महासभा के पदाधिकारियों ने एक बैठक का आयोजन किया. जहां संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए कालीचरण घोष, राजेश यादव, अभिषेक रंजन यादव, कृष्णा यादव, वंशराज गोप द्वारा कई अहम दिशा निर्देश दिए गए. इसके साथ रामनवमी शोभा यात्रा को ऐतिहासिक बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में शोभा यात्रा में शामिल होने का अनुरोध किया गया. जबकि खिलाड़ियों से विशेष प्रदर्शनी के लिए आग्रह किया गया. इसके साथ ही नगरनवी टीम को अपने पंचायत में घर घर जाकर शोभायात्र में शामिल होने के लिए आम लोगों को प्रोत्साहित करने की जिम्मेवारी दी गई. जबकि प्रांतीय यादव महासभा के पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि यादव बहुल प्रखंड अथवा पंचायतों में हमारी मैराथन बैठक 14 अप्रैल तक लगातार जारी रहेगी. ताकि ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोगों को शोभायात्रा में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके,बताते चले कि इस बैठक में दर्जनों की संख्या में यादव समाज के लोग एकत्रित हुए एवं पूरे उमंग और उत्साह के साथ रामनवमी शोभायात्रा में शामिल होने की सहमति जताई.

बैठक को सफल बनाने में मिथुन यादव, जय घोष, अर्णव यादव, राहुल यादव, अमृत यादव, सोमनाथ यादव, अनूप यादव, धनंजय यादव,विशाल यादव, जीतेश यादव, विकाश घोष, रामू यादव, सरोज घोष, निखिल यादव, कन्हैया यादव सहित कई यदुवंशी उपस्थित थे.

### शराब भट्टी सहित जावा महुआ को किया नष्ट

**डुमरी ।** डुमरी पुलिस ने सोमवार को थाना क्षेत्र के जामतारा पंचायत के करीहारी गांव के समीप जमुनिया नदी के किनारे स्थित एक महुआ शराब भटठी पर छापेमारी कर कई किलो जावा महुआ बरामद किया है. पुलिस की छापेमारी से पहले भटठी संचालक फरार हो गया. इस संबंध में बताया जाता है कि पुलिस को सूचना मिली थी कि उक्त स्थान पर महुआ शराब भटठी का संचालन किया जा रहा है. सूचना पर पुलिस उक्त भटठी में छापेमारी कर लगभग एक क्विंटल जावा महुआ बरामद किया गया. पुलिस ने मौके पर ही बरामद जावा महुआ सहित भटठी को नष्ट कर दिया. पुलिस ने उक्त कार्रवाई आगामी लोकसभा चुनाव के मददेनजर क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर लगाम लगाने को लेकर की है.

# लोहा चोरी के आरोप में एक गिरफ्तार, जेल भेजा गया

- कथारा में बंद कैप्टिव पावर प्लांट लोहा चोरों के लिए बना है चारागाह

संवाददाता। कथारा (बोकोरो)



कथारा ओपी पुलिस ने सोमवार की सुबह कथारा रेलवे कॉलोनी स्थित बंद पड़े सीपीपी प्लांट से लोहा चोरी करने के आरोप में लावागढ़ा निवासी रूपेश कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है. पुलिस ने मौके से दो ग्राइंडर मशीन, एक बंडल बिजली का तार, एक बंडल लोहा काटने वाले ब्लेड सहित 50 किलो लोहा जब्त किया है. इस संदर्भ में थाना प्रभारी जितेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस एवं सीसीएल सुरक्षा विभाग की पेट्रोलिंग टीम ने संयुक्त रूप से छापेमारी की. जिसमें मौके पर लोहा चोरी करते एक व्यक्ति पकड़ा गया हैं, जबकि अन्य लोग फरार हो गए.

पुलिस ने गिरफ्तार व्यक्ति सहित अन्य अज्ञात लोगों पर प्राथमिक दर्ज की गई है. विदित हो कि सीसीएल कथारा क्षेत्र के बंद पड़े केप्टिव पावर प्लांट इन दिनों लोहा चोरों के लिए चारागाह बन गया है. कई बार उक्त स्थान से लोहा चोरी करते चोर पकड़े जा चुके हैं.

## ब्रीफ खबरें

### बीडीओ की अगुवाई में निकाली गयी रैली

**विष्णुगढ़।** प्रखंड मुख्यालय में सोमवार को मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए बाइक रैली निकाली गई. रैली का नेतृत्व बीडीओ अखिलेश कुमार कर रहे थे. रैली में सैकड़ों बाइक्स के साथ सरकारी कर्मी शामिल थे. सभी के हांथों में नारे लिखी तख्तियां थीं, जो मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करने वाली थीं. प्रखंड सह अंचल कार्यालय से निकली यह रैली सातमील चौक, कारोंज मोड़ और अखाड़ा चौक से गुजरते हुए पुनः प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंचकर समाप्त हो गयी. प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में यह एक प्रयास है.

### स्वागत समिति के अध्यक्ष बने टोनी जैन

**हजारीबाग।** बड़ा अखाड़ा के महंत विजयानंददास ने भारतीय जनता पार्टी के नेता और समाजसेवी टोनी जैन को पिछले वर्ष 2023 में अच्छे कार्यों एवं सामाजिक सेवा को देखते हुए पुनः श्री चैत्र रामनवमी स्वागत समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया है. महंत विजयआनंद ने कहा कि इस बार भी बहुत ही शांति व भाईचारे के साथ रामनवमी मनायी जायेगी और स्वागत समिति का अध्यक्ष जिस उम्मीद से टोनी जैन को बनाया गया है उस पर वह खरा उतरेंगे. भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री सुमन कुमार ने टोनी जैन को शुभकामना दी. वहीं टोनी जैन ने कहा कि बड़ा अखाड़ा के महंत ने जो हम पर विश्वास जताया है उसे हम और हमारी टीम पूरा करेगी.

### खुटरा मैदान में इफ्तार पार्टी का आयोजन

**कटकमसाडी।** प्रखंड क्षेत्र की खुटरा पंचायत में खुटरा फुटबॉल मैदान में ब्लू बर्ड्स क्लब खुटरा, समाजसेवी सफीउल्लाह उर्फ गुड्डू के नेतृत्व में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया. इसमें खुटरा पंचायत के आसपास के कई गांवों के लोग शामिल हुए. इस मौके पर मुस्लिम समाज के अध्यक्ष सहजाहान हुसैन, मुखिया अनवारूल हक, उबीदुलला मलिक, सबिल अहमद, मिंटू खान, अहमद रजा, तैसिन सेख, तबीब आलम, बेलाल अहमद, अब्दुल कादिर, गुड्डू राजा, मिस्टर सह, माज सेख, तैसीम राजा, सयार हुसैन, अफरीदी सेख, मो. तासीर,अकलख अलाम, नसीम अहमद, हुसैन, साहिल सरफराज आदि उपस्थित थे.

### बदला गया मंडपा का मतदान केंद्र

**टाटीझरिया।** प्रखंड क्षेत्र के मंडपा गांव स्थित सामुदायिक भवन में बनाए गए मतदान केंद्र को उसकी जर्जर हालत को देखते हुए चुनाव आयोग से स्वीकृति मिलने पर बदल दिया गया है. उक्त मतदान केंद्र 24 मांडू विधान सभा क्षेत्र के अधीन आता है, जिसका बूथ संख्या 357 है. यह मतदान केंद्र अब गांव के ही उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय मंडपा में रहेगा. इस आशय की जानकारी बी पी आर ओ सुधीर राय ने दी.

### स्वास्थ्य दिवस पर लगा चिकित्सा शिविर

**हजारीबाग।** कोरा बाबू गांव स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्च विद्यालय में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया. इसमें डॉ. मधुर मोहन, डॉ. विद्याभूषण सिंह, डॉ. अरुण अंशु ने योगदान दिया. इस शिविर का करीब 156 बच्चों ने लाभ उठाया. मौके पर प्रधानाचार्य मनोज कुमार, विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव राम बहादुर सिंह, कार्यक्रम प्रमुख सचिन कुमार पाण्डेय आदि उपस्थित थे.

---

शहर के बीचो-बीच श्री राम जानकी मंदिर से 157 साल पहले हुयी थी शुरुआत, जामा मस्जिद होते हुए निकाली गयीं थीं झांकियां

# वर्ष 1870 से हजारीबाग में मनाई जा रही है इंटरनेशनल रामनवमी

**प्रमोद उपाध्याय।हजारीबाग**



शहर में अंग्रेजों के समय से रामनवमी का त्योहार मनाया जा रहा है. शहर के बीचोंबीच 1870 में श्री राम जानकी मंदिर बनाया गया था. रामनवमी की शुरुआत इसी मंदिर से हुई थी, जिसमें महंत रामदुलार दास के नेतृत्व में चार अखाड़े से एक अध्यक्ष पद के लिए गोसाई साहू मनोनीत किए गए थे.

इसमें बड़ा बाजार, कुमारटोली, बटन बाजार एवं एकपटिया मोहल्ले से झंडा निकाला गया था. बड़ा अखाड़ा में चार अखाड़े के लोगों द्वारा धनिया का चूर्ण और अरारोट का पकवान बनाकर श्री राम जानकी मंदिर में भोग लगाया गया था. जामा मस्जिद होते हुए बजरंगबली का झंडा लेकर झांकियां निकाली गई थीं. उस वक्त से आज तक रामनवमी मनाई जा रही है, जिसकी पहचान इंटरनेशनल हो चुकी है. अब धीरे-धीरे 110 अखाड़े भी हो चुके हैं और सभी झांकियां जमा मस्जिद रोड होते हुए बस स्टैंड से गुजरती हैं. बता दें कि हजारीबाग की इंटरनेशनल रामनवमी की तैयारी अखाड़े के लोग दो माह पहले से करने लगते हैं. वहीं

**खास बातें**

- दो माह पहले से ही शुरू हो जाती है आयोजन की तैयारी
- जिला प्रशासन भी शांतिपूर्ण आयोजन की करता है तैयारी

जिला प्रशासन भी शांतिपूर्ण आयोजन के लिए तैयारी जोर-शोर से करते हैं.

**दोनों समुदाय के लोग आयोजन में होते थे शामिल :** इस संबंध में बड़ा अखाड़ा के महंत विजयानंद दास ने बताया कि 157 साल से हजारीबाग में रामनवमी मनाई जा रही है. उस वक्त चार अखाड़े के लोग रहते थे. ढोल नगाड़े के साथ झंडा लेकर जमा मस्जिद रोड से गुजरते थे. उस वक्त दोनों समुदाय के लोग आयोजन में शामिल होते थे. शहर की जनसंख्या धीरे-धीरे बढ़ती गई और अखाड़ा भी बढ़ता गया. 20 साल पहले ढोल नगाड़ा और ताशे पर कम खर्च आता था. अब महंगाई बढ़ गई है तो लोग डीजे को पसंद करने लगे हैं. उन्होंने यह भी कहा कि रामनवमी की झांकी शहर के आसपास के गांव से भी आती है. यहां लाखों की संख्या में लोग रामनवमी की झांकी देखने के लिए शहर आते हैं. अब तो देश-विदेश और दूसरे राज्य से भी लोग इसमें शामिल होने लगे हैं.

**कहां-कहां से आती है झांकी**

हजारीबाग शहर के देव अंगना पूजा समिति, रामनवमी पूजा समिति चुरचु, सिंदूर, कोलघटी, शिव शक्ति संगठन, बिहारी दुर्गा मंडप, स्वर्ण चेतन बाबू गांव, बसंती दुर्गा पूजा ओकनी, नगवा, मां काली नवयुवक संघ ओकनी, कोरा, पंच मंदिर चौक, बटन बाजार, खजांची तालाब, महावीर मंडप, ग्वाल टोलीचौक, बड़ा बाजार, कुआं चौक, विष्णु मंदिर बड़ा बाजार, ग्वाल टोली धर्मवीर क्लब, मलाटोली, नूर, खिरगांव, महेश सोनी चौक, आकाशगंगा ग्वालटोली, भगत सिंह चौक, न्यू एरिया, रवि नगर, चानो, रोमी, पबरा, नवादा, हरहद, बनाया, ढेंगुरा, मुकुंदगंज, हरूहरू, बोचो,बबनी, छड़वा डैम, कटकम दाग, पसई, बाना दाग, सलगावा पूजा समिति, आश्रम चौक, कुमहरटोली, कुम्हार टोली पार नाला, कुम्हार टोली, शक्ति क्लब ओकनी, कानी बाजार, बजरंगीचौक, कनी बाजार, कदमा, रामनगर, पकरार, बड़ा बाजार, शिवपुरी, यादव बाबू चौक, उत्री शिवपुरी, झंडा चौक, कृष्णा नगर, पुराना बस स्टैंड, गदोखर, विष्णुपुरी, रेवली, बड़ा अखाड़ा, बंसी लाल चौक, नाइट किंग क्लब, खुटरा, न्यू बस स्टैंड, महुर्डर, एक पटिया, बस स्टैंडचौक, खिरगांव, आनंद चौक, सिरसी , मसरातु सहित 110 अखाड़ा शामिल हैं.

---

सुविधाओं की भारी कमी से बच्चों का नामांकन कराने से भी परहेज कर रहे अभिभावक

# तीन शिक्षकों के भरोसे मॉडल स्कूल

**11** पद शिक्षकों के स्वीकृत हैं, परंतु कक्षा 6 से 12 वीं तक में मात्र तीन शिक्षक ही हैं

**70** है कक्षा 7 से 10 में नामांकित बच्चों की संख्या, 15 बच्चे ही आते हैं पढ़ने

**संवाददाता।कोडरमा**

जयनगर सेंट्रल स्कूल की तर्ज पर परसाबाद में स्थापित सरकारी मॉडल स्कूल की स्थिति काफी खराब है. इस मॉडल स्कूल में छात्र-छात्राओं को मिलने वाली सुविधाओं की भारी कमी है. यही कारण है कि काफी संख्या में बच्चे स्कूल में नामांकन लेने के साथ-साथ कई बच्चों ने स्कूल जाना ही बंद कर दिया है. मॉडल स्कूल परसाबाद महज तीन शिक्षकों के भरोसे चल रहा है. स्कूल में नामांकित बच्चों की संख्या कक्षा 7 से 10 में 70 है, परंतु सुविधाओं के अभाव में स्कूल के आसपास के ही मात्र 12 से 15 बच्चे स्कूल में पढ़ रहे हैं. बाकी बच्चे सिर्फ परीक्षा देने ही स्कूल पहुंचते हैं. मॉडल स्कूल परसाबाद में शिक्षकों के स्वीकृत पद 11 हैं, परंतु कक्षा 6 से 12 वीं तक में मात्र तीन शिक्षक ही हैं। एक प्रभारी प्रधानाध्यापक संजीव कुमार पाठक गणित पढ़ाते हैं, जबकि दीनानाथ प्रजापति हिंदी तथा नीतू कुमारी अंग्रेजी विषय को पढ़ाते हैं. बाकी अन्य विषय की पढ़ाई किसी तरह से हो रही है. स्कूल में आधारभूत संसाधन की भारी कमी है, लैब की स्थिति खस्ताहाल है, फर्नीचर की भी कमी देखी जा सकती है. छात्र-छात्राओं को स्कूल आने जाने के लिए निजी वाहनों के अलावे कोई साधन नहीं है. इसके कारण कई बच्चों ने विद्यालय जाना ही छोड़ दिया है. परिणाम स्वरूप दूरदराज के आभिभावक मॉडल स्कूल में बच्चों का नामांकन कराने में कतराते हैं.



**जयनगर से परसाबाद में शिफ्ट होने पर बढ़ी परेशानी**

उल्लेखनीय है कि मॉडल विद्यालय की स्थापना वर्ष 2010 में प्रखंड मुख्यालय से महज 500 मीटर की दूरी पर परियोजना बालिका उच्च विद्यालय जयनगर में हुयी थी. इसके 6 साल बाद वर्ष 2016 में अपने भवन की स्वीकृति मिली थी. जनवरी 2017 में प्रखंड मुख्यालय के अंतिम छोर पर परसाबाद में झारखंड भवन निर्माण निगम लिमिटेड रांची की ओर से 3 करोड़ 30 लाख रुपये की लागत से निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया. बाद में राजनीतिक दबाव के कारण अधिकारियों के निर्देशानुसार आनन-फानन में मॉडल स्कूल का भवन निर्माण परसाबाद में प्रारंभ किया गया था. प्रखंड के पूर्वी छोड़ के लोगों ने प्रस्तावित भूमि डंडाडीह में मॉडल स्कूल भवन का निर्माण नहीं होने पर विरोध किया गया था. इसके बाद 3 अप्रैल 2017 को अंचल अधिकारी ने मॉडल स्कूल के भवन निर्माण कार्य पर रोक लगा दी थी. डंडाडीह में मॉडल स्कूल का निर्माण नहीं होकर परसाबाद में मॉडल स्कूल के निर्माण फिर से शुरू किया गया तो डंडाडीह पंचायत के पूर्व मुखिया अशोक यादव द्वारा हाई कोर्ट से स्टे लेने के कारण लगभग एक वर्ष तक भवन निर्माण कार्य बंद हो गया था. वर्ष 2021 में परसाबाद में मॉडल स्कूल का अपना भवन पूर्ण रूप से तैयार होने के बाद सितंबर 2022 में परियोजना बालिका उच्च विद्यालय जयनगर से मॉडल स्कूल को परसाबाद में शिफ्ट कराया गया.

**क्या कहते हैं छात्र- छात्राएं**

परियोजना बालिका उच्च विद्यालय जयनगर से मॉडल स्कूल को परसाबाद शिफ्ट करते ही सुविधाओं के घोर अभाव में मॉडल स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या घटती चली गयी. मॉडल स्कूल में जयनगर प्रखंड के 23 पंचायत के दर्जनों गांव के छात्र-छात्राएं पढ़ाई करते थे. परियोजना पालिका उच्च विद्यालय जयनगर में प्रखंड के केंद्र बिंदु स्थित मॉडल विद्यालय होने के कारण आने जाने सहित सभी सुविधाएं उपलब्ध थी, परंतु परसाबाद आने जाने की कोई सुविधा नहीं है. छात्र मनीष यादव, रामकृष्ण यादव, गुड़िया कुमारी, आशीष कुमार, सूरज कुमार, दीपक कुमार ने बताया कि बताया कि मॉडल विद्यालय परसाबाद में चले जाने के कारण हम प्रतिदिन 25 से 30 किलोमीटर भाड़े के वाहन या फिर ट्रेन से आने जाने को विवश रहते हैं. विद्यालय जाने के लिए एक मात्र सुबह लोकल ट्रेन की सुविधा है. वह भी सरमाटांड व हीरोडीह स्टेशन जाकर ट्रेन पकड़ कर जाने को विवश रहते हैं. वहीं भाड़े के निजी वाहन से आने जाने पर प्रतिदिन 70 से 80 रुपये खर्च होते हैं. वहीं जिस जगह स्कूल भवन बना है, वहां से पैदल लगभग डेढ़ किलोमीटर चलने पर भाड़े का वाहन मिलता है. इससे और भी परेशानी होती है. छात्राओं ने बताया कि ट्रेन से आने पर मात्र एक घंटा ही कक्षा कर पाते हैं. फिर जाने के लिए चिंता सताने लगती है. वहीं कई छात्रों ने बताया कि मॉडल स्कूल आवासीय विद्यालय की तर्ज पर है, परंतु यहां सुविधा नहीं होने के कारण वे लोग किराए मकान में रहने को विवश हैं. कई विद्यार्थी विद्यालय सिर्फ परीक्षा देने आते हैं.

**क्या कहते हैं प्रभारी प्रधानाध्यापक**

प्रभारी प्रधानाध्यापक संजीव कुमार पाठक ने बताया कि परसाबाद में मॉडल विद्यालय शिफ्ट होने के बाद दूरदराज के बच्चे बहुत कम आते हैं. कई बच्चे परसाबाद में रूम लेकर पढ़ाई कर रहे हैं. वहीं कई बच्चे सिर्फ परीक्षा ही देने आते हैं. आसपास के ही बच्चे विद्यालय में पठन-पाठन कर रहे हैं. वहीं तिलोकरी, खरियोडीह पंचायत के विद्यार्थियों लगभग 10 किलोमीटर साइकिल चलाकर विद्यालय आते जाते हैं. वहीं कक्षा 6 के लिए नामांकन का कोई आदेश नहीं मिला है. कक्षा 6 पूरी तरह खाली है.

---

# रामनवमी व ईद का त्योहार शांतिपूर्वक मनाने की अपील

**संवाददाता।बड़कागांव**

थाना परिसर में सोमवार को रामनवमी एवं ईद को लेकर शांति समिति की बैठक हुई. इसकी अध्यक्षता एसडीपीओ कुलदीप कुमार ने की, जबकि संचालन थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने किया. इस दौरान सीडीपीओ कुलदीप कुमार ने कई महत्वपूर्ण प्रशासनिक सुझाव दिए। प्रखंड में संचालित रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष, सचिव से रामनवमी की झांकी व जुलूस मार्ग की जानकारियां प्राप्त कीं. बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल, एसडीपीओ कुलदीप कुमार, थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने लोगों से शांतिपूर्वक दोनों त्योहार मनाने की अपील की. साथ ही अफवाह पर ध्यान नहीं देने को कहा. शरारती तत्वों पर नजर रखने की बात कही. सोशल मीडिया पर भड़काउ मैसेज डालने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी. जुलूस निर्धारित मार्ग से ही निकाला जाएगा. इस दौरान रामनवमी महा समिति के अध्यक्ष बिंदु दांगी ने भी शांतिपूर्वक रामनवमी मनाने की अपील लोगों से की है.

### शोभायात्रा के लिए लाइसेंस जारी करने की मांग

**कटकमसाडी।** कटकमसांडी प्रखंड के ओ पी पेलावल थाना क्षेत्र के उत्तरी शिवपुरी (कृष्णा नगर) रामनवमी पूजा समिति ने हजारीबाग पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर लाइसेंस निर्गत करने की मांग की है. उत्तरी शिवपुरी कृष्णा नगर रामनवमी पूजा समिति ने शोभायात्रा निकालने के लिए रूट चार्ट नहीं बनाया है. आवेदन में कहा है कि कृष्णा नगरवासी लगभग कई वर्षों से शांतिपूर्ण तरीके से हजारीबाग शहर में शोभायात्रा निकालते आ रहे हैं. हजारीबाग पुलिस प्रशासन की ओर से सिर्फ मौखिक रूप से शोभायात्रा जुलूस निकालने का आदेश दिया जाता रहा है.

### ईद व रामनवमी को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

**संवाददाता।रामगढ़**

ईद व रामनवमी को लेकर रजरप्पा थाना परिसर में सोमवार को पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडेय की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई. इसमें क्षेत्र के सभी समुदाय के लोग मौजूद थे, जिसमें मुख्य रूप से बीस सूत्री अध्यक्ष जकाउल्लाह, चितरपुर अंचलाधिकारी दीपक मिंज शामिल रहे.

इस दौरान थाना प्रभारी ने जनप्रतिनिधियों एवं शांति समिति के सदस्यों से रामनवमी जुलूस निकालने को लेकर रूट की जानकारी ली. साथ ही समय सीमा के अंदर जुलूस निकालने पर भी चर्चा की. वहीं जनप्रतिनिधियों, गणमान्य लोगों ने दोनों पर्व आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने का आश्वासन दिया. वहीं थाना प्रभारी ने कहा कि शरारती तत्वों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। क्षेत्र में अधिकारी गश्ती करते रहेंगे. वहीं डीजे पर पूर्णरूप से प्रतिबंध की बात कही. मौके पर चंद्रशेखर पटवा, बड़की पोना मुखिया अरविंद सिंह, परवेज आलम, युगेश महतो, जगरनाथ महतो, अब्दुल हाकिम अंसारी, बशीर अंसारी, लुमनाथ महतो, अमृत महतो, ठाकुरदास महतो, रजरप्पा थाना के अवर निरीक्षक अखिलेश सिंह, अशोक कुमार आदि मौजूद थे.

---

नवनिर्मित देवनिका अस्पताल में हुई रोटरी रांची की वर्कसाइट मीटिंग

# स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने को प्रतिबद्ध : डॉ. सिन्हा

**संवाददाता।रामगढ़**



रोटरी क्लब रांची की वर्कसाइट नवनिर्मित देवनिका अस्पताल एंड रिसर्च सेंटर तुपुदाना रांची में सोमवार को हुई बैठक में अस्पताल के संचालक रोटेरियन डॉ. अनंत सिन्हा एवं डॉ. विनीता सिन्हा प्रमुख रूप से उपस्थित हुए. रोटरी टीम ने डॉ. सिन्हा को शहर का सबसे बड़ा प्राइवेट अस्पताल खोलने पर बधाई दी। डॉ सिन्हा ने कहा कि हम स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने को प्रतिबद्ध हैं. देवकमल के साथ अब देवनिका अस्पताल में भी हमारा लक्ष्य रोगी की देखभाल में नए मानक स्थापित करना है. हमारी टीम कम से कम खर्च में आधुनिक चिकित्सा उपलब्ध कराएगी. शहर में सबसे बड़ा प्राइवेट सेक्टर का यह अस्पताल 250 बेड का है. 65 बेड का जेनरल वार्ड, कार्डियक सर्जिकल, नेफरों, न्यूरो, 70 आईसीयू के साथ सुपर स्पेस्लिटी हॉस्पिटल की सुविधाएं हैं. 8 फुल नेटवर्क वाले मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर, 34 क्रिटिकल केयर बेड होंगे. कार्डियक साइंस, बर्न यूनिट, प्लास्टिक सर्जरी, निफ्रोलोकेयर न्यूरोसाइंस, गैस्ट्रो साइसं, गुर्दा विज्ञान, हड्डी रोग और ट्रॉमा, प्रत्यारोपण, मदर एंड चाइल्ड केयर और ईएनटी सर्जरी की सुविधा होगी.

**एक रोटेरियन का यह प्रयास मील का पत्थर साबित होगा :** क्लब के अध्यक्ष डॉ. ढानढनिया ने कहा कि एक रोटेरियन का यह प्रयास पूरे झारखंड में स्वास्थ्य सेवाओं की उन्नति में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा. किसी भी अस्पताल का मिशन मरीजों की भलाई को प्राथमिकता देना होनी चाहिए. मौके पर सुमित अग्रवाल, रेखा सिंह, सुरेश साबू, भंडारी लाल, राजेशनाथ शाहदेव, प्रवीण राजगढ़िया, आदित्य मल्होत्रा, अमित अग्रवाल, पवन जायसवाल, अजय साबु, एनके मखीजा मौजूद थे.

### हिंदू नववर्ष के स्वागत में शहर में लगे पोस्टर-बैनर

**हजारीबाग।** मंगलवार से प्रारंभ हो रहे विक्रम संवत 2081 तदानुसार हिंदू नव वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के स्वागत में शहर से लेकर गांव तक झंडा, बैनर व पोस्टर लगाये गये हैं. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता, पदाधिकारी के साथ अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, संस्कार भारती, विद्या भारती के सदस्य व पदाधिकारी अपने अपने स्तर से नए वर्ष के स्वागत में जुटे रहे. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर संघ चालक मनोज गोयल तथा जिला संघ चालक श्रद्धानंद सिंह अपनी-अपनी टोली के साथ सोमवार को भी यह कार्य करते दिखाई दिए.

**श्री राम का हुआ था राज्याभिषेक :** ज्ञात हो कि भारतीय नव वर्ष विक्रम सवंत के साथ चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन प्रारंभ होता है. इसी दिन भगवान श्री राम का राज्याभिषेक हुआ था. वहीं आर्य समाज की स्थापना स्वामी दयानंद ने की थी. नगर संघचालक मनोज गोयल ने बताया कि हिंदू नव वर्ष की तैयारी में सनातन धर्म के लोग उत्साह से जुटे हैं. संघ द्वारा पावन दिन को मनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं.

---

कोडरमा लोस क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी ने गांवा प्रखंड में किया जनसंपर्क

# क्षेत्र की जनता हर बूथ पर कमल खिलाने को तैयार : अन्नपूर्णा देवी

**संवाददाता।कोडरमा**



कोडरमा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी सह केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि पूरे देश की तरह कोडरमा संसदीय क्षेत्र की जनता भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी, दूरदर्शी नेतृत्व तथा मोदी सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से जीवन में आये सकारात्मक बदलाव की वजह से हर बूथ पर कमल खिलाने को कमर कसकर तैयार है. ये अलग बात है कि विरोधी ताकतें झूठ बोलकर, लगातार भ्रम फैलाकर जनता को ठगने की कोशिश कर रही हैं, लेकिन अब जनता इनके छलावे में नहीं आने वाली है. अन्नपूर्णा ने संसदीय क्षेत्र के गांवा प्रखंड के पसनौर, महुवारी, गढ़कौर, पडरिया, पछियारीडीह, खरसान, हरिहरपुर, खेसनौर, पटना चौक, भेलवा, पुरनाडाबर, बगदेडीह, धरवेनावाडीह आदि गावों में जनसंपर्क के दौरान ये बातें कहीं.

**एक एक घर से सीधा रिश्ता :** देवी ने कहा कि मेरा कोडरमा संसदीय क्षेत्र के एक एक घर आंगन से सीधा रिश्ता है, माताओं-बहनों ने तो हमेशा अपने भरपूर स्नेह से मेरा आंचल भरा है, आज भी खूब स्नेह मिला. उन्होंने कहा कि एक फर्क देख रही हूं - पहले इनकी आंखों में केवल उम्मीदें होती थीं, अब उम्मीदों के पूरा होने की वजह से उपजा स्नेह भरा आभार है. उम्मीदें पूरी हुई हैं तो आकांक्षाओं का आकार बढ़ा है और इन आकांक्षाओं को पूरा करने की जिम्मेवारी हमारी है. उन्होंने कहा कि राज्य की मतलबपरस्त गठबंधन वाली सरकार के क्रियाकलापों से लोगों में रोष है. हर जुबान पर भाकपा माले के समर्थन से चल रही कांग्रेस - झामुमो - राजद गठबंधन सरकार की लूट, धोखाधड़ी और झूठ की कोई न कोई कहानी है. जनता जनार्दन विरोधियों की साजिश भी बखूबी समझ रही है.

---

**पहल** गर्मी के मौसम में नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर डीसी ने की बैठक

# खराब पड़ीं जलापूर्ति योजनाएं रविवार तक हों ठीक

**संवाददाता।रामगढ़**



गर्मी के मौसम में रामगढ़ जिले के सभी क्षेत्रों में सरकारी जलापूर्ति योजनाओं के माध्यम से नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर सोमवार को उपयुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक हुई. इसमें क्षेत्रवार जलापूर्ति योजनाओं की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई.

उपायुक्त ने कार्यपालिका अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, अन्य अधिकारियों तथा ऑपरेशनल एंड मेंटेनेंस के तहत चिन्हित सभी संवेदकों को गंभीरता से कार्य करते हुए आमजनों तक जलापूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. उपायुक्त ने वैसी जलापूर्ति योजनाओं, जिनमें पाइपलाइन तो बिछाया गया है लेकिन अब तक कभी भी पानी नहीं गया है, उन्हें चिन्हित कर तत्काल रूप से उनके संवेदकों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया. उपायुक्त ने वैसी जालापूर्ति योजनाएं, जो वर्तमान में किसी कारणवश कार्य नहीं कर रही है, उन सभी को तत्काल रूप से ठीक करते हुए रविवार तक प्रत्येक का कार्य करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. जिले वासियों को नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने व प्रभावी तरीके से जलापूर्ति योजनाओं का संचालन सुनिश्चित करने को लेकर उपायुक्त ने नजारत उपसमाहर्ता रविंद्र गुप्ता को तत्काल रूप से जिले के अलग-अलग पंचायतों में टोलावार पंचायत सचिव/रोजगार सेवकों की प्रति नियुक्ति से संबंधित आदेश निकालने का निर्देश दिया. उन्होंने जलापूर्ति योजनाओं के नियमित कार्य करने को लेकर किए जाने वाले सर्वे से संबंधित प्रारूप तैयार करने का निर्देश दिया.

**समस्याओं को तत्काल दूर करने का निर्देश**

जिले के अलग-अलग क्षेत्र में संचालित जलापूर्ति योजनाओं में आ रही समस्याओं अथवा किसी कारणवश किसी जिला पूर्ति योजना के कार्य नहीं करने से संबंधित सूचना प्राप्त करने एवं तत्काल रूप से उसे ठीक करने को लेकर उपायुक्त ने जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉक्टर प्रभात शंकर को तत्काल रूप से संबंधित जलापूर्ति योजना के ऑपरेशनल एंड मेंटेनेंस संचालक एवं ऑपरेशनल एंड मेंटेनेंस संचालक द्वारा कार्य नहीं किए जाने पर संबंधित अधिकारी का नंबर तत्काल रूप से प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अखबारों में प्रकाशित करने तथा सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यम से उनका व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया.

### भक्ति जागरण कार्यक्रम का अंबा ने किया उद्घाटन

**केरेडारी।** प्रखंड क्षेत्र के पुरनी पेटो में सात दिवसीय यज्ञ के अंतिम दिन रविवार को भक्ति जागरण झांकी का आयोजन किया गया. इसका बतौर मुख्य अतिथि विधायक अंबा प्रसाद ने उद्घाटन किया.

इस दौरान 20 सूत्री उपाध्यक्ष सह प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रविंद्र कुमार गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव, चंदन गुप्ता, मुखिया कौशल्या देवी, मुखिया प्रतिनिधि गुरुदयाल साव, यज्ञ समिति के अध्यक्ष बलिंदर साव, सचिव राम अवतार रजक, कोषाध्यक्ष कौलेश्वर साव, राज किशोर यादव,अमित प्रसाद गुप्ता, अनूप रजक, गीता देवी, रमेश साव, गजेंद्र यादव, महादेव साव, अवधेश यादव,करमजीत यादव,सिकंदर यादव सहित भारी संख्या में महिला पुरुष थे.

# छात्र जीवन को याद कर भावुक हुए पूर्ववर्ती छात्र



**संवाददाता।हजारीबाग**

विनोबा भावे विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर अंग्रेजी विभाग में सोमवार को पूर्ववर्ती छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया गया. पूर्ववर्ती छात्र अपने छात्र जीवन को याद करते हुए बहुत भावुक हुए. समारोह में 30 पूर्ववर्ती छात्रों ने भाग लिया. कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ रिजवान अहमद ने की. प्रो. गंगानंद सिंह ने छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की. प्रो नीरज डांग ने एल्यूमिनी एसोसिएशन और विभाग की विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताया. वहीं प्रस्ताव पारित किया गया कि हर शनिवार-रविवार को डिपार्टमेंटल एक्टिविटी करायी जायगी. व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से पूर्ववर्ती छात्रों को जोड़ा जाएगा. आगामी कार्यक्रम लिटरेरी फेस्टिवल का आयोजन गर्मी छुट्टी से पहले होगा. मौके पर अनन्या, प्रतीक्षा, साक्षी, शिखा आदि मौजूद थे.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** शाम से समय अनुकूल है. लेकिन ज्यादा मेहनत और लाभ कम होगा. पर मेहनत तो करना ही होगा. धन का आगमन सामान्य होगा साथ ही यात्रा में सावधानी रखें. नुकसान हो सकता है. वाद विवाद से प्रतिष्ठा में कमी आयेगी. जोखिम-जमानत के कार्य न करें.

**वृषभ** अस्त चंद्रमा बुध का योग सैया सुख बाधित करता है. साथ ही खर्च में बृद्धि होगा. विरोधी हार मानेंगे. पर बहुत जल्दी आय के द्वार भी खुल रहे हैं. राजकीय कार्यों में गति आएगी. प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता मिलेगी. निवेशादि लाभ देंगे.

**मिथुन** आय के लिए दिन ठीक है. पर जल्दबाजी में लिए हुए निर्णय ठीक नहीं होंगे. सोच-समझकर निर्णय लें. सुख के साधनों की चिंता हो सकती है. संपत्ति के कार्य सफल होंगे. धन लाभ होगा. कुछ धर्म और सत्कर्म भी किया विवाद से बचें.

**कर्क** समय बहुत ही उत्तम है. अधिक धन भी उन्माद का कारण बनता है. इस बात का ध्यान रखें. कर्म और भाग्य का अच्छा साथ मिलेगा. पराक्रम से वृद्धि होगी. विद्यार्थी वर्ग अल्प प्रयास से सफलता मिलेगी. निवेशादि से लाभ होगा.

**सिंह** अभी कर्म और भाग्य में भाग्य प्रबल है. इसका लाभ लेने से नही चूकें. क्योंकि भाग्य के बल से कार्य होगा. कोशिश करने से कार्य बनेंगे. परिश्रम द्वारा सफलता मिलेगी, किसी वाद विवाद से बचने का प्रयास करें. व्यापार-व्यवसाय में अचानक लाभ के योग हैं.

**कन्या** समय को बहुत अच्छ नहीं कहा जा सकता है. थोड़ी दिक्कत है पर थोड़े समय के लिए. कोई कार्य या बोलने से पहले सोच समझ लें. खर्च बढ़ सकता है. पराक्रम वृद्धि होगी. निवेश करने के लिए समय सही है. रोजगार प्राप्ति हो सकती है.

**तुला** व्यापार में खुलकर सामने आने का समय है. जीवनसाथी के चलते प्रतिष्ठा बढ़ेगी. परिवार का सुख सहयोग मिलेगा. निवेशादि से लाभ होगा. रोजगार प्राप्ति हो सकती है. बौद्धिक कार्य सफल होंगे. कार्य होगा पर दूसरों की देखादेखी नहीं करें.

**वृश्चिक** समय सामान्य है. नेत्र रोग से बचें. खान पान पर विशेष ध्यान रखें. रोग शत्रु से बचें. अचानक पर कार्य बनने के योग उपस्थित होंगे. यदि कोई छोटी यात्रा हो तो यात्रा शुभ होगी. निवेशादि लाभदायक रहेंगे, व्यापार अच्छा चलेगा.

**धनु** क्रोध से बचें. खास कर बच्चों से विशेष प्रेम करें. शिक्षा में सुधार होगा पर ज्यादा आत्मविश्वास घातक है. व्यय बढ़ने से क्लेश हो सकता है. निर्णय सोच समझ कर लें, जोखिम न लें. प्रतिष्ठित व्यक्ति से भेंट हो सकती है. इसका लाभ आगे मिलेगा.

**मकर** रुका हुआ धन प्रयास करने पर वापस आएगा. पर इसके लिए विशेष प्रयास करना होगा. यात्रा शुभ रहेगी. निवेशादि से लाभ होगा. कार्य व्यवसाय में सफलता की संभावना है. पराक्रम सिद्ध करने का समय है.

**कुंभ** आने वाले कुछ विवाद भी होगा. कार्य करें पर सजग रहें. राजकीय कार्यों की रुकावटें दूर होंगी. निवेशादि से लाभ होगा. नोकरी इन्टरव्यू में सफलता मिलेगी. आपके कार्य और प्रभाव से रूके हुए काम बन सकते हैं.

**मीन** धन का आगमन होगा पर धर्म मे व्यय होगा. बिगड़ते कार्य बनने लगेंगे. निवेशादि लाभ देगें. कार्य व्यवसाय ठीक चलेगा. वाहन का प्रयोग सावधानी से करें. चोट का भय है. कुछ हानि हो सकता है. मंदिर में दूध का दान करें.

## को-ऑपरेटिव कॉलेज में निबंध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज के निर्वाचन साक्षरता क्लब की ओर से सोमवार को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत निबंध लेखन एवं कविता पाठ का आयोजन किया गया. कॉलेज के प्राचार्य डॉ अमर सिंह, ईएलसी के नोडल पदाधिकारी डॉ अशोक कुमार रवानी एवं अर्थशास्त्र की विभागाध्यक्ष डॉ अंतरा कुमारी मुख्य रूप से उपस्थित थीं. प्राचार्य डॉ अमर सिंह ने कहा कि प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य है कि मतदान के जरिये अपना एवं अपने देश का भविष्य सुरक्षित करें.

## एटीएम से छेड़छाड़ कर रुपये निकालने वाला अपराधी गिरफ्तार



संवाददाता । रामगढ़

जिले के कुज्जू में पुलिस ने एटीएम मशीन से छेड़छाड़ कर रुपये चुराने वाले एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया. आरोपी के पास से पुलिस ने एक पेचकस, तीन चाभी, फर्जी नंबर लिखा पेपर, फेविकोल और एक मोबाइल बरामद किया. एसपी डॉ. विमल कुमार ने बताया कि रविवार को इंडियन ओवरसीज बैंक मरार शाखा रांची रोड के मैनेजर ने कुजू ओपी पहुंचकर सूचना दी कि बैंक के एटीएम में दो संदिग्ध व्यक्तियों ने छेड़छाड़ की है. इस संबंध में मांडू थाना में प्राथमिक दर्ज की गई. पुलिस कप्तान ने रामगढ़ एसडीपीओ के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया. टीम ने कार्रवाई करते हुए इंडियन ओवरसीज बैंक मरार शाखा के एटीएम के आसपास छापेमारी अभियान चलाया. इस दौरान एक संदिग्ध युवक को पकड़ा गया. युवक ने अपनी पहचान चंदन कुमार (24) वर्षीय फतेहपुर जिला गया बिहार बताया. युवक की तलाशी लेने पर उसके पास से एटीएम खोलने में प्रयोग किया गया चाभी, पेचकस और अन्य सामान बरामद किया गया. आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. एसपी ने बताया कि अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी रहा है. उस पर बिहार और यूपी में मामला दर्ज है. आरोपी का एक सहयोगी भी है, जो फरार है. उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी अभियान चला रही है. छापेमारी टीम में रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, मांडू थाना प्रभारी रंजीत यादव, कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडे, एसआई साबिर हुसैन, एएसआई वीरेंद्र कुजूर सदल बल शामिल थे. एसपी ने बताया कि अभियुक्त चाभी और पेचकस के जरिए एटीएम में तकनीकी गड़बड़ी करता था और अपने सहयोगी का फर्जी नंबर वन कस्टमर केयर के रूप में लिखकर एटीएम रूम में चिपका देता था. लोग जब पैसा निकालने के लिए एटीएम कार्ड मशीन में डालते तो कार्ड फंस जाता था. अन्य उपभोक्ता की तरह पास में खड़ा अभियुक्त लोगों को कथित कस्टमर केयर के नंबर पर कॉल करने को कहता था. लोग कॉल कर शिकायत करते तब आरोपी का सहयोगी ही कस्टमर केयर प्रतिनिधि बनकर पहुंचता और समस्या का समाधान करने की बात कहते हुए किसी तरह कार्ड का पिन जान लेता था. साथ ही कार्ड नहीं निकल पाने का बहाना कर बैंक की शाखा में शिकायत करने को कहता था.

### हजारी बस्ती के लोग परेशानः पानी की समस्या दूर करने का वादा कर वोट मांगते हैं, जीतने के बाद झांकने तक नहीं आते

# 10 साल से 52 घरों में नहीं पहुंच रहा पानी

रजनीश प्रसाद। बेरमो

बोकारो जिला के गोमिया प्रखंड में एक छोटी सी बस्ती है, हजारी बस्ती. इस बस्ती के 52 घरों में 10 साल से सप्लाई पानी नहीं पहुंच पा रहा है. गांव में पानी की समस्या कुछ ज्यादा ही है. खासकर गर्मी के दिनों में लोगों की परेशानी और बढ़ जाती है. आसपास न तो कोई कुआं है और न पानी को कोई अन्य स्रोत. एक डीप बोरिंग है, लेकिन खराब पड़ी है. 52 घरों के लोग नहाने-धोने के लिए एक से डेढ़ किलोमीटर दूर बोकारो नदी जाते हैं. वहीं से खाना बनाने और पीने का पानी भी लेकर आते हैं. पानी की समस्या की शिकायत मुखिया, विधायक, सांसद से लेकर संबंधित अधिकारियों तक की जा चुकी है. अबतक सबलोग टरकाते ही रहे. सबने सिर्फ आश्वासन देकर भेज दिया, लेकिन पानी की समस्या दूर करने की पहल नहीं की. साल 2009 में हजारी खुदगड्डा जलापूर्ति योजना से एक पानी टंकी बनी.


टंकी का पानी हजारी पंचायत के खुदगद्दा, नायक टोला, अंबा टोला, प्रजापति टोला होते हुए हजारी बस्ती तक पहुंचाने की योजना थी. हजारी बस्ती के एक हिस्से में तो थोड़ा पानी मिलता भी है, लेकिन बस्ती में रहनेवाले अनाड़ी के घर से प्रताप के घर तक एक बूंद भी पानी नहीं मिलता है. लोग पानी की आस में नेता से लेकर अफसर तक की चिरौरी करते-करते थक चुके हैं, पर कोई सुनता ही नहीं. लोग परेशान, बेहाल हैं.



**पानी नहीं**

- सांसद से लेकर अफसर तक सिर्फ आश्वासन ही देते हैं
- गिरिडीह संसदीय व गोमिया विस क्षेत्र में है हजारी बस्ती
- सांसद हैं आजसू के सीपी चौधरी व विधायक हैं लंबोदर महतो

### नेता वोट मांगने आते हैं, फिर जीत कर भूल जाते हैं : विनोद देवी



हजारी बस्ती की विनोद देवी ने कहती हैं कि का करें, किसके पास जाएं. सांसद-विधायक से लेकर अफसर तक के आगे गोड़परिया कर चुके हैं. कोई सुने तबतो. सब लोग कहता है कि जल्द ही पानी की व्यवस्था कर देंगे, लेकिन पानी की समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ. नेता हर बार वोट मांगने आते हैं. जीतने जाने के बाद इस बस्ती को भूल जाते हैं. आधा जीवन सर पर डेगजी लेकर पानी लाने में गुजर गया.

### हर बार नेता सिर्फ आश्वासन देकर चले जाते हैं : जामन्ती देवी



बस्ती की रहने वाली जामन्ती देवी ने कहा कि बस्पाती में पानी की बहुत बड़ी समस्या है. हर बार नेता लोग आश्वासन देकर चले जाते हैं, लेकिन पानी नहीं देते हैं. हम लोगों को नदी से डेगची में पानी ढो-ढो कर लाना पड़ता है. नदी का पानी ही छानकर और उबाल कर पीने की मजबूरी है. सांसद-विधायक से लेकर पेयजल विभाग के इंजीनियर के आगे हाथ-गोड़ जोड़ते रहे, लेकिन कोई सुनता ही नहीं.

### पानी देने का वादा कर वोट मांगते हैं, फिर आते ही नहीं: पशुपति प्रसाद



बस्ती के पशुपति प्रसाद ने कहा कि पानी की समस्या हजारी में केवल चुनावी मुद्दा बनकर रह गया है. हर बार नेता लोग पानी की समस्या पर वोट मांगने आते हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं करते हैं. किसी गांव में 10 साल से सप्लाई नल का पानी घर तक नहीं पहुंचा है, तो क्या यह छोटी बात है. इस गर्मी में हमें दिक्कतें आ रही हैं, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है.

### साल 2010 से टंकी से पानी सप्लाई शुरू, 2015 से पाइप में पानी आना हो गया बंद

2009 में इस पानी टंकी का उद्घाटन तत्कालीन राज्यपाल के शंकर नारायण ने किया था. 2010 से जलापूर्ति सुचारू रूप से होने लगी. लेकिन दो साल बाद ही 2012 से समस्या बढ़ने लगी. धीरे-धीरे (वर्ष 2015 आते-आते) पाइप में पानी आना एकदम बंद हो गया. आखिर पाइप से पानी आना क्यों बंद हुआ,इसका अबतक खुलासा नहीं हो पाया है. पेयजल विभाग तेनुघाट के अभियंताओं ने कई बार हजारी गांव का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया. लेकिन जलापूर्ति कैसे सुचारु रूप से हो सके, इस पर ध्यान ही नहीं दिया. जब-जब बस्तीवासी विभाग के पास गुहार लगाते, तब-तब अभियंता आकर जायजा लेते, फिर भूल जाते थे.

### हजारी बस्ती के एक छोर पर कोनार नदी और दूसरे छोर पर बोकारो नदी है

हजारी बस्ती के एक छोर पर कोनार नदी और दूसरे छोर पर बोकारो नदी है. दोनों नदियां गांव से बहुत ज्यादा दूर नहीं हैं. मुश्किल से एक से डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर है. इसके बावजूद हजारी बस्ती के लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है. गांव से एक किलोमीटर की दूरी पर ओएनजीसी और सीसीएल का प्लांट है .वही ढाई किलोमीटर की दूरी पर डीवीसी का प्लांट है. इतने सारे प्लांट होने के बाद भी इस बस्ती में झारखंड अलग राज्य बनने के 24 साल बाद भी पेयजल की समस्या का समाधान नहीं किया जा सका है. बस्ती के पानी के मुद्दे पर विधानसभा और लोकसभा के चुनाव भी लड़े गये. बस्ती के लोगों ने नेताओं के विधायक, सांसद, मुखिया और मंत्री बनने का सपना भी पूरा किया.

### जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रही है, वैसे-वैसे टेंशन भी बढ़ रहा है

बस्तीवासियों का कहना है कि नेता लोग आते हैं- जाते हैं. केवल आश्वासन देते हैं, लेकिन पानी की समस्या का समाधान अब तक नहीं किया है. अब तो गर्मी बढ़ रही है. कहीं से पानी का कोई उपाय नहीं है. इस तपती गर्मी में क्या करेंगे, कुछ समझ में नहीं आ रहा है. शिव मंदिर के पास एक सरकारी कुआं है, जिसका पानी विषैला हो गया है. इसकी देखरेख व साफ-सफाई का काम भी कहीं से नहीं हो रहा है.

### मेरी जानकारी में नहीं है, जांच कराता हूं : कार्यपालक अभियंता

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल तेनुघाट के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर शशि शेखर ने कहा कि हजारी बस्ती में सप्लाई वाटर लोगों के घरों तक नहीं पहुंच रहा, इसके बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है. जल्द ही मैं मैं इसकी जांच कराता हूं कि आखिर पाइपलाइन से पानी क्यों नहीं जा रही है. यदि पाइप जाम है, तो कहां है और कैसे है,पचा लगवाता हूं. पता लगवाने के बाद लोगों की पेयजल की समस्या का समाधान कर दूंगा.

**गांव में कितने घर : 350**
**गांव की आबादी : लगभग 4000**
**महिलाएं सिर पर और पुरुष साईकिल पर ही ढोते हैं पानी**

## अनुश्रवण प्रबंधन कोषांग को मिला प्रशिक्षण

संवाददाता। रांची



डीडीसी सह नोडल पदाधिकारी स्वीप रांची दिनेश कुमार यादव एवं एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने सोमवार को रांची के आर्यभट्ट सभागार में लोकसभा सुनाव को लेकर व्यय अनुश्रवण प्रबंधन कोषांग को प्रशिक्षण दिया. प्रशिक्षण में व्यय अनुश्रवण प्रबंधन कोषांग के अंतर्गत उड़न दस्ता, स्थैतिक निगरानी दल, विडियो निगरानी दल एवं सहायक व्यय प्रेक्षक में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी, कर्मियों एवं विडियोग्राफर शामिल थे. इस प्रशिक्षण का उद्देश्य सभी कोषांग के अंतर्गत आने वाली कोषांग चुनावी खर्च से सम्बंधित ब्योरों की निगरानी कैसे रखी जाए इसकी जानकारी दी गई.

रांची लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत कुल 27 उड़नदस्ता दल का सृजन किया गया है. जिसमें निर्वाचन कार्य के लिए बनाये गये मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारी के अतिरिक्त वीडियोग्राफर भी रहेंगे. स्थैतिक निगरानी दल दल के द्वारा चुनाव को प्रभावित करने वाले कारकों यथा नगद, शराब, मुफ्त दी जाने वाली सामग्रियों को जब्त किया जायेगा. यह दल लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्रों के मुख्य मार्ग, जो अन्य जिला अथवा राज्य से जुड़ते हैं, पर चेक-नाका के माध्यम से वाहन जांच का कार्य करेगा. इनके द्वारा संबंधित मार्ग से जाने वाले प्रत्येक वाहनों की सघन जांच की जायेगी.

जांच में यदि नगद अथवा अन्य सामग्री, जो चुनाव को प्रभावित कर सकती है, तो इसकी सूचना उड़नदस्ता दल दल को दिया जायेगा. जिनके द्वारा उक्त सामग्रियों को जब्त किया जायेगा. यह चेक-नाका पर 24X7 तीन पालियों में कार्य करेगा. रांची लोकसभा क्षेत्र में कुल 31 चेक नाका बनाया गया है. जिसमें कुल 93 स्थैतिक जाच दल कार्य करेंगे. जिसमें निर्वाचन कार्य के लिए बनाये गये मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारी के अतिरिक्त वीडियोग्राफर भी रहेंगे. वहीं वीडियो निगरान दल का कार्य विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे चुनाव प्रचार-प्रसार कार्य की वीडियो रिकॉर्डिंग करना है. इस दल में वीडियोग्राफर के साथ निर्वाचन कार्य में प्रतिनियुक्त कर्मी रहेंगे.

### गर्भवती से जीएनएम ने लिए पैसे, विवाद के बाद लौटाया

**साहिबगंज।** शहर के रेलवे स्कूल के सामने स्थित पुराने सदर अस्पताल में इलाज कराने के लिए आई एक गर्भवती महिला से वहां ड्यूटी पर तैनात जीएनएम ने पांच हजार रुपये ले लिये. इसके बाद महिला इलाज कराकर चली गई. मामले का खुलासा तब हुआ जब उक्त महिला दोबारा पुराना सदर अस्पताल इलाज कराने पहुंची. उस वक्त वहां ड्यूटी पर तैनात जीएनएम ने महिला का इलाज करने से मना कर दिया. कहा कि जिसको पैसा दी हो उसी से अपना इलाज कराओ. पीड़ित महिला का नाम रूबी देवी पति चैतू राय है. वह मंगलहाट मसकलैया की रहनेवाली है. वहीं आरोपी जीएनएम का नाम संगीता चौड़े है. उधर, मामले की जानकारी जब बीपीएम मनोज कुमार व प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रंजन कुमार तक पहुंची तो दोनों पुराना सदरअस्पताल पहुंचे और मामले की जांच पड़ताल की.

## मतदाता जागरुकता को लेकर बनी लघु फिल्म 'छुट्टी' का प्रदर्शन

आनंद मिश्रा। जमशेदपुर

मतदान महत्वपूर्ण है. इसकी महत्ता को समझाने के लिए जमशेदपुर के युवा रंगकर्मियों ने 'छुट्टी' नामक एक लघु फिल्म का निर्माण किया है. इसका उद्देश्य झारखंड के मतदाता जागरुकता को बढ़ावा देने वाले अभियान को बल देना है. 'छुट्टी' फिल्म का निर्देशन जमशेदपुर के युवा रंगकर्मी प्रेम दीक्षित ने किया है. वह स्थानीय लघु फिल्म निर्माता व निर्देशक हैं. जमशेदपुर रंगमंच के उभरते कलाकार सूरज धीबर ने फिल्म की कहानी और पटकथा लिखी है. लघु फिल्म में बतौर कलाकार झारखंड रत्न सम्मान से सम्मानित गीता कुमारी, के दिव्या, श्यामली धीबर, आलोक लकड़ा और अन्य कलाकारों ने अभिनय किया है. बताया गया है कि इस लघु फिल्म का निर्माण




'डी डी एसोसिएशन लघु फिल्म प्रोडक्शन' के बैनर तले किया गया है. यह संगठन उत्कृष्ट फिल्मों का निर्माण एवं कला संस्कृति एवं समाज में जागरुकता कार्य करने के लिए जाना जाता है. 'छुट्टी' इसका एक प्रमुख उदाहरण है. मतदान के महत्व को समझाने के लिए इस फिल्म में अद्भुत कहानी, अभिनय और संदेश को लेकर एक व्यापक प्रयास किया गया है. यह फिल्म समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने के लिए यूट्यूब पर उपलब्ध है, ताकि मतदान में लोगों की भागीदारी में वृद्धि हो सके.

## विधायक मद से बन रहे पीसीसी पथ की गुणवत्ता पर उठे सवाल



संवाददाता। गुमला

जारी प्रखंड अन्तर्गत गोविंदपुर के मस्जिद रोड में बन रहे पीसीसी पथ निर्माण कार्य में भारी अनियमितता का ग्रामीणों ने विरोध किया है. गांव में लगभग साढ़े चार सौ फीट लंबा पीसीसी पथ विधायक भूषण तिर्की के विधायक मद से बन रहा है. निर्माण कार्य की गुणवत्ता से गोविंदपुर के ग्रामीणों में संवेदक के खिलाफ रोष व्याप्त है. उनका कहना है कि यह मस्जिद रोड है. पीसीसी पथ बार-बार नहीं बनता है. जिस तरह से यह रोड बन रहा है एक बरसात में खत्म हो जाएगा और ग्रामीणों के लिए राह चलना मुश्किल हो जाएगा. ग्रामीणों का कहना है कि पत्थर को एक-एक फिट की दूरी में रखा जा रहा है. खाली जगह को बालू को भरा जा रहा है. 2 से 2.5 इंच का ढलाई की जा रही है. निर्माण पूरा भी नहीं हुआ हे कि दरार आने लगा है. गड्ढे भी होने लगा है. संवेदक के घटिया कार्य का ग्रामीणों ने विरोध किया है. विरोध करने वालों में सफरुद्दीन अंसारी, सबीना खातून, सफीउल्लाह कुरैशी, ढेमुन अंसारी, शाहजेब खान आदि के नाम शामिल हैं.

### सीएमपीडीआई गुणवत्ता नियंत्रण में आया अव्वल

**रांची।** सीएमपीडीआई (मुख्यालय) रांची की पर्यावरण प्रयोगशाला ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के लिए आयोजित 36वें विश्लेषणात्मक गुणवत्ता नियंत्रण (एक्यूसी) व प्रवीणता परीक्षण कार्यक्रम के समग्र प्रदूषण मूल्यांकन में शत-प्रतिशत स्कोर हासिल किया. इस कार्यक्रम में देशभर के 200 से अधिक प्रयोगशालाओं ने भाग लिया. यह परिणाम गुणवत्ता आश्वासन के प्रति सीएमपीडीआई के अटूट समर्पण को दर्शाता है. सीएमपीडीआई के निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) शंकर नागाचारी ने इस उपलब्धि के लिए संस्थान के पर्यावरण विभाग को बधाई दी. सीपीसीबी द्वारा उपलब्ध कराए गए नमूनों पर सीएमपीडीआई द्वारा किए गए विभिन्न मापदंडों जैसे बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड (बीओडी), केमिकल ऑक्सीजन डिमांड (सीओडी), कंडक्टिविटी आदि के परीक्षण परिणामों के आधार पर मूल्यांकन किया गया था.

### सभी मवेशियों को क्रूरतापूर्वक लादकर तस्करी के लिए बंगाल ले जाया जा रहा था

## दो ट्रकों में 67 मवेशी जब्त, 10 तस्कर गिरफ्तार

संवाददाता। चौपारण

चौपारण पुलिस द्वारा अवैध कार्यों में संलिप्त लोगों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है. रविवार को दो ट्रक में क्रूरतापूर्वक लदे 67 मवेशियों के साथ चौपारण पुलिस ने 10 तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है. इस संबंध में थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि रात्रि में पुलिस कप्तान को गुप्त सूचना मिली थी कि बिहार की ओर से दो ट्रकों में अवैध रूप से क्षमता से अधिक मवेशियों को क्रूरतापूर्वक लादकर तस्करी के लिए बंगाल ले जाया जा रहा है.

इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए चौपारण थाना की पुलिस ने बिहार की ओर से आने वाले ट्रकों की सघन जांच शुरू की. जांच के कम में बिहार की तरफ से आ रहे 14 चक्का ट्रक संख्या बीआर-26 जी -5222 एवं 12 चक्का ट्रक संख्या बीआर 06



जीई-0848 को पकड़ा गया. जांच करने पर पता चला कि दोनों ट्रक में अमानवीय तरीके से मवेशियों को ठूंसकर ले जाया जा रहा है. दोनों ट्रकों को तिरपाल से ढंका गया था. पुलिस ने दोनों ट्रकों को जब्त कर लिया. वहीं मौके से 10 तस्करों को गिरफ्तार कर लिया. जिसे सोमवार को कोर्ट में पेशी के बाद जेल भेज दिया गया. गिरफ्तार तस्करों ने पुलिस को बताया कि सभी मवेशियों को तस्करी के लिए बंगाल ले जाया जा रहा था. तस्करों ने पुलिस को बताया कि पुलिस से बचने के लिए जब्त वाहनों को तिरपाल से ढंक दिया गया था. साथ ही पुलिस को चकमा देने के लिए मवेशियों के बच्चों को आगे रखा गया था, ताकि पशुओं को दुधारू बताकर पुलिस से बचा जा सके. मगर पुख्ता सूचना थी, इसलिए पुलिस से तस्कर बच नहीं सके. गिरफ्तार तस्करों में ट्रक चालक सुनील कुमार, राजकुमार यादव, देवानन्द कुमार, छोटन यादव, राजा यादव, ट्रक चालक इरफान आलम, दुर्गेश कुमार सिंह, मो. अरमान, शिवजी यादव एवं मनोज कुमार यादव के नाम शामिल हैं. सभी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया. वहीं छापेमारी दल में एसआई सह चौपारण थानेदार दीपक कुमार सिंह, एएसआई मनोज कुमार सिंह, एएसआई संजय हांसदा, और चौपारण थाना के सशस्त्र बल शामिल थे.

**पुस्तक**

### किसान आंदोलन से जुड़े नेता केडी सिंह ने अपराध नामक पुस्तक लिखी है

# अपराध को परिभाषित करना कठिन है : केडी सिंह

संवाददाता । मेदिनीनगर

वैचारिकता के प्रति प्रतिबद्ध पत्रिका सुबह की धूप के तत्वावधान में लोकप्रिय पत्रकार रामेश्वरम के व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा एवं केडी सिंह द्वारा लिखित पुस्तक अपराध के लोकार्पण का कार्यक्रम आयोजन किया गया. उक्त कार्यक्रम का आयोजन संत मरियम स्कूल के हॉस्टल के प्रशाल में किया गया.



कार्यक्रम की शुरुआत संत मरियम स्कूल के चेयरपर्सन अविनाश देव की अध्यक्षता में हुई. कार्यक्रम के प्रारंभ में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई. इसके बाद संत मरियम स्कूल के बाल कलाकारों के द्वारा आगंतुकों के लिए स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया. तत्पश्चात समृद्धि मिशन की अध्यक्ष शीला श्रीवास्तव ने अपने स्वागत वक्तव्य से अतिथियों एवं आगंतुकों का स्वागत किया. उन्होंने कहा कि केडी सिंह द्वारा लिखित पुस्तक अपराध के बहाने रामेश्वरम जी को याद करना एक नई परंपरा की शुरुआत है. कार्यक्रम का संचालन सुबह की धूप के संपादक शिव शंकर प्रसाद ने महाश्वेता द्वारा दी गई टिप्पणी का स्मरण करते हुए कहा कि भारत का आईना पलामू है और पलामू का आईना रामेश्वरम. उन्होंने कहा कि सबके अपने-अपने रामेश्वरम हैं. इस

**लोकार्पण कार्यक्रम**

- पत्रकार रामेश्वरम के व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा
- रामेश्वरम बिना पलामू की पत्रकारिता को समझना मुश्किल

कार्यक्रम में उपस्थित विद्वतजन अपराध पुस्तक पर अपनी टिप्पणी प्रस्तुत करते हुए रामेश्वरम के व्यक्तित्व और कृतित्व पर अपना अनुभव साझा करेंगे. विषय प्रवेश करते हुए इप्टा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य एवं सांस्कृतिक पाठशाला के संचालक प्रेम प्रकाश ने कहा कि रामेश्वरम के बिना पलामू की पत्रकारिता को समझना मुश्किल है. रामेश्वरम अपनी पूरी जिंदगी पत्रकारिता के माध्यम से शोषण उत्पीड़न के विरुद्ध आवाज बुलंद करते रहे. इतना ही नहीं लेखन से जुड़े लोगों को दिशा निर्देश तो करते ही थे, साथ ही संघर्ष से जुड़े और निरक्षर लोगों को भी पढ़ने और लिखने के लिए प्रेरित करते रहते थे. उन्हीं का उन्हीं के प्रयास का परिणाम है कि किसान आंदोलन से जुड़े नेता केडी सिंह ने अपराध नामक पुस्तक लिखा है. उन्होंने इस पुस्तक को रामेश्वरम के नाम समर्पित किया है. पुस्तक में उन्होंने लिखा है कि अपराध को परिभाषित करना कठिन है. क्योंकि अपराध की परिभाषा समय पात्र और क्षेत्र के अनुसार बदलता रहता है.

### अन्याय उलगुलान रैली की सफलता को लेकर रणनीति

**बोकारो।** बोकारो जिले के पेटरवार में झामुमो के गोमिया विधानसभा के प्रधान कार्यालय में सोमवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा बोकारो जिला समिति की बैठक जिलाध्यक्ष हीरालाल मांझी की अध्यक्षता में हुई. बैठक में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद, गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन समर्थित झामुमो प्रत्याशी सह टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, जिला सचिव जयनारायण महतो मुख्य रूप से उपस्थित थे. बैठक में आगामी 21 अप्रैल को रांची में आहूत इंडिया गठबंधन के अन्याय उलगुलान महारैली को सफल बनाने की रणनीति एवं लोकसभा चुनाव पर चर्चा की गई.

## वकील भी अदालत के अधिकारी

भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने नसीहत दी है कि वकीलों की पहली निष्ठा पक्षपातपूर्ण हितों के बजाय अदालत और संविधान के प्रति होनी चाहिए. मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि बार के पदाधिकारियों और सदस्यों को न्यायिक निर्णयों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते समय यह नहीं भूलना चाहिए कि वे अदालत के अधिकारी हैं और आम आदमी नहीं हैं. मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने पिछले दिनों हरीश साल्वे सहित 600 वकीलों द्वारा उन्हें चिट्ठी लिखे जाने का प्रत्यक्ष उल्लेख किये बिना वकीलों की एक हालिया प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त की, जिसमें वकील चल रहे मामलों और निर्णयों पर टिप्पणी करते हैं. उन्होंने कहा कि हालांकि न्यायपालिका प्रशंसा और आलोचना दोनों को स्वीकार कर सकती है, लेकिन यह असहज होता है, जब कानूनी व्यवसायी अदालत अधिकारी के रूप में अपनी जिम्मेदारियों को भूल जाते हैं. हाई कोर्ट बार एसोसिएशन ऑफ नागपुर के शताब्दी समारोह के दौरान बोलते हुए मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने न्यायपालिका की स्वतंत्रता और गरिमा को संरक्षित करने की आवश्यकता पर जोर दिया. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वकीलों की पहली निष्ठा पक्षपातपूर्ण हितों के बजाय अदालत और संविधान के प्रति होनी चाहिए. सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि हालांकि, हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता और बार की स्वतंत्रता के बीच घनिष्ठ संबंध है. एक संस्था के रूप में बार न्यायिक स्वतंत्रता और संवैधानिक मूल्यों को बनाए रखने के लिए आवश्यक है न्यायालय की गरिमा. भारत जैसे जीवंत और तर्कशील लोकतंत्र में अधिकांश व्यक्तियों में राजनीतिक विचारधारा या झुकाव होता है. मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने भारत के संविधान की समावेशी विशेषता पर जोर दिया, जिसे जीवन के सभी क्षेत्रों के लोगों को शामिल करने के लिए बनाया गया था. उन्होंने कहा, "हाल ही में, मैं बार एसोसिएशन के सदस्यों की लंबित मामलों और निर्णयों पर टिप्पणी करने की प्रवृत्ति से बहुत परेशान हूं. आप कोर्ट के सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण अधिकारी हैं और हमारे कानूनी प्रवचन की सच्चाई और गरिमा आपके हाथ में है. न्यायपालिका की अखंडता की रक्षा और संवैधानिक सिद्धांतों के लिए एक स्वतंत्र बार ने बार एसोसिएशन बनाए रखने के अहम महत्व को रेखांकित किया है. एक संस्था के रूप में, हमारे कंधे चौड़े हैं. हम प्रशंसा और आलोचना दोनों प्राप्त करने के लिए तैयार हैं. गुलदस्ते और ईंट-पत्थर, चाहे पत्रकारिता के अंशों के माध्यम से हों, राजनीतिक टिप्पणियों के माध्यम से हों या सोशल मीडिया में हों, लेकिन बार एसोसिएशन के सदस्यों के रूप में, वर्षों के प्रशिक्षण और अनुभव के साथ, आपको अदालत के फैसलों पर प्रतिक्रिया करते समय और कानूनी चर्चाओं में शामिल होने के दौरान खुद को सामान्य व्यक्तियों से अलग करना चाहिए. मुख्य न्यायाधीश ने वकीलों को अदालत और संविधान के प्रति निष्ठा पर राजनीतिक हित हावी होने देने के प्रति आगाह किया, "हमारे जैसे जीवंत और तर्कशील लोकतंत्र में, अधिकांश व्यक्तियों में एक राजनीतिक विचारधारा और झुकाव होता है. अरस्तू के शब्दों में, मनुष्य सामाजिक प्राणी हैं. वकील कोई अपवाद नहीं हैं.

> एक संस्था के रूप में बार न्यायिक स्वतंत्रता और संवैधानिक मूल्यों को बनाए रखने के लिए आवश्यक है न्यायालय की गरिमा. भारत जैसे जीवंत और तर्कशील लोकतंत्र में अधिकांश व्यक्तियों में राजनीतिक विचारधारा या झुकाव होता है.

### सुभाषित

**क्षणशः कणशश्चैव विद्यां अर्थं च साधयेत्।**
**क्षणे नष्टे कुतो विद्या कणे नष्टे कुतो धनम्॥**

प्रत्येक क्षण का उपयोग सीखने के लिए और प्रत्येक छोटे से छोटे सिक्के का उपयोग उसे बचाकर रखने के लिए करना चाहिए. क्षण को नष्ट करके विद्याप्राप्ति नहीं की जा सकती और सिक्कों को नष्ट करके धन नहीं प्राप्त किया जा सकता.

# एक तस्वीर से उपजे सवाल

**कोई सोचने के लिए विवश हो सकता है कि राष्ट्रपति जी की यह तौहीन उनके समुदाय की तौहीन है. हमारी राष्ट्रपति जी आदिवासी समुदाय से आती हैं. स्वयं मोदी जी इस बात का ढिंढोरा पीटते रहे हैं कि उन्होंने एक दलित और फिर एक आदिवासी जन को राष्ट्रपति बनाया, लेकिन बना कर राष्ट्रपति लायक सम्मान देना भी तो सीखते मोदी जी! आदिवासियों के सवाल हमारे लोकतंत्र के लिए हमेशा मुश्किल भरे रहे हैं.**



• देश-काल



प्रेमकुमार मणि

एक तस्वीर पिछले दो रोज से मेरे दिमाग में घूम रही है. आडवाणी जी को भारतरत्न अवार्ड देने का दृश्य इसमें कैद है. वयोवृद्ध आडवाणी जी कुर्सी पर बैठे हैं. उनके बगल में प्रधानमंत्री मोदी जी बैठे हैं. आडवाणी जी को अवार्ड दिया जा चुका है. उनकी दूसरी तरफ हमारी राष्ट्रपति महोदया विनम्रता से खड़ी हैं. संभव है यह तस्वीर कुछ क्षणों की होगी, जिसमें अवार्ड देने के बाद राष्ट्रपति ने एक फोटो क्लिक के लिए वहां ठहर जाना मुनासिब समझा होगा. यह स्वाभाविक है, लेकिन यह तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुआ. होना भी चाहिए. भारत के नागरिकों को अपने राष्ट्रपति के सम्मान की फ़िक्र है तो यह अच्छी बात है. फोटो मुझे भी अटपटा लगा. राष्ट्रपति जी शालीन और विनम्र दिख रही हैं. आडवाणी और मोदी उनकी तरफ से अनासक्त आपस में बात कर रहे हैं. यह संभव है कि वयोवृद्ध आडवाणी जी खड़े होने में शारीरिक तौर पर अक्षम हों, लेकिन मोदी जी तो अक्षम नहीं हैं. कम से कम फोटो लेते समय और जब तक राष्ट्रपति वहां खड़ी थीं, उन्हें शिष्टाचार के मुताबिक भी खड़े होना चाहिए था. प्रणव मुखर्जी या राधाकृष्णन राष्ट्रपति होते तो क्या प्रधानमंत्री ऐसी जुर्रत कर सकते थे?

कोई सोचने के लिए विवश हो सकता है कि राष्ट्रपति जी की यह तौहीन उनके समुदाय की तौहीन है. हमारी राष्ट्रपति जी आदिवासी समुदाय से आती हैं. स्वयं मोदी जी इस बात का ढिंढोरा पीटते रहे हैं कि उन्होंने एक दलित और फिर एक आदिवासी जन को राष्ट्रपति बनाया, लेकिन बना कर राष्ट्रपति लायक सम्मान देना भी तो सीखते मोदी जी! आदिवासियों के सवाल हमारे लोकतंत्र के लिए हमेशा मुश्किल भरे रहे हैं. याद आते हैं जयपाल सिंह मुंडा ( 1903 - 1970 ) और वर्रिएर एल्विन ( 1902 - 1964 ). आज भी भारतीय समाज में बहुत हद तक ये अनजाने नाम हैं. 16 दिसम्बर 1946 को संविधान सभा में अचानक सन्नाटा छा गया, जब तीन करोड़ आदिवासियों के एकमात्र प्रतिनिधि जयपाल सिंह मुंडा की बेलौस आवाज सभा में गूंजी कि मैं उन करोड़ों लोगों की आवाज हूं, जिन्हें आप एक समुदाय से अधिक एक झुण्ड समझते हो. जंगली कहते हो. मुझे अपने जंगली होने पर अभिमान है. हम इस देश के मूल निवासी हैं और आप सब हमारे लिए बाहरी हो.

जयपाल सिंह ने सिंधु घाटी की सभ्यता से आज तक अपने लोगों को खदेड़े जाते रहने की गाथा संक्षेप में सुनायी और यह भी कहा कि लोकतंत्र का पाठ हमें आपसे नहीं पढ़ना. बल्कि आप लोगों को हमसे लोकतान्त्रिक रिवाजों को समझना चाहिए. जयपाल सिंह मुंडा जब बोल रहे थे , तब सभा में कोई दूसरा आदिवासी नहीं था. डिस्कवरी ऑफ़ इंडिया के लेखक जवाहरलाल नेहरू और अनीहिलेशन ऑफ़ कास्ट के लेखक भीमराव आम्बेडकर की घिग्घी बंधी हुई थी. किसी ने भी आदिवासियों के प्रश्न को समझने की कोशिश नहीं की थी. आम्बेडकर के दलित प्रश्न सवर्णों से अनुसूचित जातियों के आपसी भेदभाव के प्रश्न थे. उनकी स्थिति महाभारत में कर्ण जैसी थी. लेकिन मुंडा के प्रश्न एकलव्य और शम्बूक के प्रश्न थे. वे भारतीय समाज के स्वीकृत घेरे के बाहर थे.

क्यों भारतीय समाज में आज तक जयपाल सिंह मुंडा को वैसा सम्मान और महत्व नहीं मिला, जैसा आम्बेडकर को नसीब हुआ. इसका जवाब हमें ढूंढना चाहिए. जयपाल सिंह ने ऑक्सफ़ोर्ड से अर्थशास्त्र में स्वर्णपदक हासिल किया था. 1927 में इंडियन सिविल सर्विस की प्रतियोगिता में वह चुने गए, लेकिन खेल के लिए आईसीएस का त्याग कर दिया. 1928 ओलम्पिक में हॉकी में देश के लिए स्वर्णपदक हासिल किया. अपनी टीम के वह कप्तान थे. ध्यानचंद उनकी टीम के सदस्य थे. 1938 में वह राजनीति में सक्रिय हुए. संविधानसभा में आदिवासी हितों की वकालत की. व्यंग्यपूर्वक कहा हमें अधिक नहीं उतना ही दे दीजिए, जितना अपने ही समुदाय के अनुसूचित जातियों को आपने दिया है. आज़ादी के बाद उन्होंने झारखण्ड पार्टी बनाई और 1952 के चुनाव में बिहार में सोशलिस्टों से कहीं अधिक सफलता हासिल की. नेहरू और कांग्रेस के झांसे में आए और कुल जमा उन्तीस रोज के लिए 1963 में बिहार के प्रथम उपमुख्यमंत्री भी हुए. अलग झारखंड की मांग उठाने के कारण बर्खास्त कर दिए गए. 1970 में जिस रोज कांग्रेस से अलग हुए उसके सातवें रोज संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाए गए. अनुसूचित जातियों की तरह आदिवासी गांव-गांव में बिखरे नहीं हैं. वे कुछ खास प्रक्षेत्रों में सिमटे हैं. उनका नेता गांव-गांव में वोट प्रभावित नहीं कर सकेगा. इसलिए भी उन्हें आम्बेडकर की तरह सम्मान और महत्व नहीं हासिल हुआ ऐसा लगता है. उनकी राजनीति का हाल समझना हो तो हिंदी लेखक फणीश्वरनाथ रेणु का उपन्यास ' मैला आंचल ' पढ़िए. उस उपन्यास का वर्णित गांव है मेरीगंज. उसमें बारहों बरन के लोग रहते हैं. राजपूत टोली, गुआर टोली और कायथ टोली में मतभेद और संघर्ष होते रहते हैं. लेकिन जैसे ही बगल में रह रहे संथालों का प्रश्न उठता है राजपूत , यादव, कायस्थ और अन्य सभी बारहों बरन के लोग इकट्ठे हो कर संथालों को कुचल देते हैं.

बहुत कम लोगों को मालूम है कि आज़ादी के बाद बिहार का पहला नरसंहार खरसामा में हुआ था, जो जलियांवाला बाग काण्ड से अधिक भयावह था. 1971 में बिहार के प्रथम खूनी भूमिसंघर्ष में भी चौदह आदिवासियों को क़ुरबानी देनी पडी थी. महामहिम राष्ट्रपति महोदया ! आप बोलें न बोलें आपकी वह मासूम तस्वीर बहुत कुछ बोल रही है. जिस रोज मुल्क का सही इतिहास लिखा जाएगा आपका दर्द उसमें रेखांकित होगा.आदिवासी केवल एक प्रतीक नहीं हैं. उसकी अपनी परंपरा, विरासत और संस्कृति है. सामाजिक बराबरी का बोध उनके जीवन में है. इस नजरिए से भी तस्वीर को देखने परखने की जरूरत है.

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## सार्थक जीवन मूल्य

युग चाहे कोई भी हो, सदैव जीवन-मूल्य ही इन्सान को सभ्य और सुसंस्कृत बनाते है. जीवन मूल्य ही हमें प्राणी से इन्सान बनाते है. नैतिक जीवन मूल्य ही शान्त और संतुष्ट से जीवन जीने का मार्ग प्रशस्त करते है. किन्तु हमारे जीवन में बरसों के जमे जमाए उटपटांग आचार-विचार के कारण, जीवन में सार्थक जीवन मूल्यों को स्थापित करना अत्यंत कष्टकर होता है. हमारे आचार-विचार इतने सुविधाभोगी हो चले हैं कि आचारों में विकार भी सहज सामान्य ग्राह्य हो गए है. सदाचार धारण करना कठिन ही नहीं, दुष्कर प्रतीत होता है. तब हम घोषणा ही कर देते हैं कि साधारण से जीवन में ऐसे सत्कर्मों को अपनाना असम्भव है. और फिर शुरू हो जाते है हमारे बहाने-'आज के कलयुग में भला यह सम्भव है?' या 'तब तो फिर जीना ही छोड दें?'. 'आज कौन है जो यह सब निभा सकता है?', ऐसे आदर्श सदाचारों को अंगीकार कर कोई जिन्दा ही नहीं रह सकता. वगैरह...ऐसी दशा में कोई सदाचारी मिल भी जाय तो हमारे मन में संशय ही उत्पन्न होता है, आज के जमाने में ऐसा कोई हो ही नहीं सकता, शायद यह दिखावा मात्र है. हम अपनी बुराइयों को सदैव ढककर ही रखना चाहते है. जो थोड़ी सी अच्छाइयां हों तो उसे तिल का ताड़ बनाकर प्रस्तुत करते हैं. किसी अन्य में हमें हमसे अधिक अच्छाइयां बर्दास्त नहीं होतीं और हम उसे झूठा करार दे देते हैं. बुराइयां ढलान का मार्ग होती हैं, जबकि अच्छाइयां चढाई का कठिन मार्ग. इसलिए बुराई की तरफ ढल जाना सहज, सरल और आसान होता है, जबकि अच्छाई की तरफ बढना अति कठिन और श्रमयुक्त पुरुषार्थ. मुश्किल यह है कि अच्छा कहलाने का यश सभी लेना चाहते है, पर जब कठिन श्रम और बलिदान की बात आती है तो हम मुफ्त श्रेय का शॉर्ट-कट ढूंढते हैं. किन्तु सदाचार और गुणवर्धन के श्रम व त्याग का कोई शॉर्ट-कट विकल्प नहीं होता. यही वह कारण हैं जब हमारे सम्मुख सद्विचार आते हैं तो अतिशय लुभावने प्रतीत होने के उपरान्त भी सहसा मुंह से निकल पडता है इस पर चलना बड़ा कठिन है'. यह हमारे सुविधाभोगी मानस की ही प्रतिक्रिया होती है. हम कठिन, कष्टकर, त्यागमय प्रक्रिया से गुजरना नहीं चाहते. भले मानव में आत्मविश्वास और मनोबल की अनंत शक्तियां विद्यमान होती है. प्रमाद वश हम उसका उपयोग नहीं करते, जबकि जरूरत मात्र जीवन-मूल्यों को स्वीकार करने के लिए इस मन को सजग रखने भर की होती है. मनोबल यदि एकबार जग गया तो कैसे भी दुष्कर गुण हों अंगीकार करना सरल ही नहीं, मजेदार भी बनता चला जाता है.

## दुनिया में अब तक का सबसे महंगा चुनाव

• चुनाव

अंजन रॉय

आपने भारत के वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और इस साल की शुरुआत में उनके द्वारा पेश किये गये अंतरिम बजट के बारे में जो भी सोचा हो, एक बात आपको माननी ही होगी कि वह एक ईमानदार व्यक्ति हैं. भारत सरकार के लाखों करोड़ रुपये के खर्च की अध्यक्षता करने के बाद, भी वित्त मंत्री ने स्वीकार किया कि उनके पास संसदीय चुनाव लड़ने के लिए पर्याप्त धन नहीं है. दरअसल, भारतीय चुनाव बेहद महंगे हैं और यह आश्चर्य की बात है कि इतने सारे दावेदार इन्हें इतने भव्य तरीके से कैसे लड़ते हैं. चुनावी फंडिंग हमेशा से एक पेंचीदा विषय रहा है और पिछले कुछ वर्षों में इसमें कई उतार-चढ़ाव आये हैं. वास्तव में पैसा कहां से आयेगा? एक समय था जब कॉर्पोरेट योगदान कानूनी थे और कॉर्पोरेट्स से खुले तौर पर और कानूनी रूप से योगदान करने की उम्मीद की जाती थी, इंदिरा गांधी जैसे प्रधानमंत्री ने इस पर अंकुश लगाया था, जिन्होंने राजनीतिक दलों और चुनावों में कॉर्पोरेट योगदान पर प्रतिबंध लगा दिया था. इसके बाद, उनके बेटे राजीव गांधी ने प्रतिबंध हटा दिया. पारदर्शी चुनाव की खोज में अनगिनत प्रस्ताव रखे गये. शीर्ष पंक्ति में से एक चुनाव के लिए राज्य द्वारा वित्त पोषण था. राजनीतिक दलों द्वारा लूट-खसोट के लिए सरकारी वित्त के दुरुपयोग के डर से इसे तुरंत स्वीकार नहीं किया गया. अब भी, दोनों कम्युनिस्ट पार्टियां ऐसी फंडिंग व्यवस्था के पक्ष में हैं. दोनों वामपंथी दलों को छोड़कर, अधिकांश राजनीतिक दल राजनीतिक फंडिंग को लेकर परेशान रहते हैं, क्योंकि वे चोरी-छिपे पैसा कमाने का रास्ता अपनाते हैं. भाजपा जहां एक ओर अवैध धन कमाने की अवधारणा पर हमला कर रही है, वहीं उसने अब असंवैधानिक घोषित चुनावी बांड स्वीकार कर लिया और हम चुनावी बांड के बारे में जो कुछ भी जानते हैं, उससे तो बांड के माध्यम से चुनावी फंडिंग का रहस्य और भी गहरा हो गया है. एक लॉटरी किंग चुनावी बांड के दानकर्ताओं में सबसे आगे रहा. बांड से मिले धन किसे लाभ पहुंचाते हैं, यह अभी तक स्पष्ट नहीं है, लेकिन जाहिर है, लाभार्थियों से मेल खाने वाले योगदानकर्ताओं की स्मोकस्क्रीन के तहत, यह अनुमान लगाना अभी भी संभव है कि कौन किस पार्टी को योगदान दे रहा है- यह योगदानकर्ता के प्रमुख संचालन के क्षेत्रों और उस क्षेत्र में प्रमुख पार्टियों के बीच होना चाहिए. इसका कारण यह है कि दक्षिण स्थित लॉटरी किंग को अत्यधिक लोकप्रिय दक्षिणी पार्टियों में से कुछ को लाभ पहुंचाना चाहिए. पूर्व भारत में, बिजली वितरण कंपनी, जो सिटी ऑफ जॉय अर्थात कोलकाता में एकाधिकार का आनंद ले रही थी, उसके वहां के ही राजनीति बॉस को खुश रखने की उम्मीद थी, न कि सुदूर उत्तर प्रदेश या छत्तीसगढ़ में. भाजपा के पास बड़ा चुनावी बांड का अधिक हिस्सा जाना कोई आखिरी आश्चर्य भी नहीं है, लेकिन कुछ क्षेत्रीय सरदार भी काफी धन पा सके. एक उदाहरण के रूप में छोटे अंकगणित पर विचार करें. भाजपा को देश भर में अपने सहयोगियों के साथ 543 सीटें हासिल करनी हैं और 8250 करोड़ रुपये जुटाने हैं. इसलिए प्रति सीट चुनावी बांड के तहत संग्रह लगभग 16 करोड़ रुपये होगा. यदि यह माना जाये कि भाजपा लगभग 500 सीटों पर चुनाव लड़ेगी और शेष सहयोगी दलों के लिए छोड़ देगी तो यह चुनावी बांड की कुल धनराशि उस वास्तविक राशि का एक छोटा सा हिस्सा है, जो पार्टी वास्तव में अपने उम्मीदवारों को जिताने के लिए खर्च करेगी. इसी तरह, तृणमूल कांग्रेस ने 1600 करोड़ रुपये जुटाये हैं और उसे लगभग 42 सीटें, प्लस/माइनस कुछ और सीटें जीतनी हैं. इसलिए प्रतियोगिता के लिए प्रति सीट 38 करोड़ रुपये की सम्मानजनक राशि है, जो एक छोटी पार्टी के लिए बुरा नहीं है. व्यक्तिगत विवरण को छोड़ दें, जो कई लोगों के लिए बहुत सुखद नहीं हो सकता है, भारत में लोकतंत्र का नृत्य एक महंगा मामला है. पश्चिमी गोलार्ध के बाहर किसी भी चीज़ के प्रति अपने दंभपूर्ण रवैये के बावजूद, लंदन की द इकानॉमिस्ट पत्रिका स्वीकार करती है कि चालू वर्ष का भारतीय आम चुनाव दुनिया का सबसे महंगा चुनाव हो सकता है. अविश्वसनीय रूप से, अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से भी महंगा. ब्लूमबर्ग के अनुमान के अनुसार, 2019 में पिछले आम चुनाव में लगभग 8.6 बिलियन डॉलर खर्च होने का अनुमान है. मौजूदा चुनाव में लगभग 12 अरब डॉलर खर्च होने का अनुमान लगाया गया है. देश की 3.5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था वाले देश के लिए इस आम चुनाव में खर्च सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 0.15 फीसदी ही होगा.

> राजनीतिक दलों द्वारा लूट-खसोट के लिए सरकारी वित्त के दुरुपयोग के डर से इसे तुरंत स्वीकार नहीं किया गया. अब भी, दोनों कम्युनिस्ट पार्टियां ऐसी फंडिंग व्यवस्था के पक्ष में हैं. दोनों वामपंथी दलों को छोड़कर, अधिकांश राजनीतिक दल राजनीतिक फंडिंग को लेकर परेशान रहते हैं, क्योंकि वे चोरी-छिपे पैसा कमाने का रास्ता अपनाते हैं.

## काले धन के समतुल्य है इलेक्टोरल बॉण्ड्स

• सियासत

वीरेन्द्र कुमार पैन्यूली

चुनावी बॉण्ड असंवैधानिक करार कर उनसे राजनैतिक दलों को चुनाव फंडिंग न किये जाने के सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद यह संज्ञान में रहना चाहिये कि कम-से-कम मान्य चुनावी प्रक्रियाओं के संदर्भ में चुनावी बॉण्ड से मिला धन शुचिता वाला धन न होकर काले धन के समतुल्य ही था. दुखद यह रहा कि जब प्रजातांत्रिक चुनावों में काले धन का वर्चस्व हर बीतते चुनावों के साथ बढ़ता ही जा रहा था, चुनावी बॉण्ड की गुमनाम धनराशि भी उसी रूप में इसमें मददगार भी हो रही थी. जब ये ऐन चुनावों के पहले जारी होते थे, तब तो खासकर इनसे पाये करोड़ों रुपयों से राजनैतिक दलों को चुनाव लड़ने में आसानी होती थी. लगभग पांच साल देरी से आये इस निर्णय से पहले चुनावों में गैर-बराबरी जारी थी. इससे कई दलीय उम्मीदवारों की हार-जीत पर असर भी पड़ा होगा. जब चुनावी फंडिंग की चुनावी बॉण्ड योजना आई थी, तो संसदीय परम्परा के विशेषज्ञ सुभाष कश्यप का विचार था कि राजनैतिक दल चुनावों में कालेधन का भारी उपयोग करते हैं. राजनैतिक दलों को इन बॉण्डों को देने वालों का नाम जाहिर करना बाध्यकारी नहीं है, अतः पारदर्शिता का अभाव तो रहेगा ही. जिनका गैर-कानूनी काम किया गया है, वे भी तो नेताओं के कहने पर उनके दलों को बॉण्ड दे सकते हैं. फर्जी कम्पनियों के माध्यम से राजनैतिक बॉण्ड खरीदकर राजनैतिक आकाओं के दलों को उपकृत करने की संभावनाओं से भी इन्कार नहीं किया जा सकता. ऐसा धन राजनैतिक इस्तेमाल के लिए शुचिता वाला धन कैसे हुआ? अक्टूबर 2023 में पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी का बयान था कि इलेक्टोरल बॉण्ड के पहले जो कुछ पारदर्शिता थी, वह भी खत्म हो गई. पहले राजनैतिक दलों को बीस हजार रुपये और उससे ज्यादा धन देने वालों की सूची चुनाव आयोग के पास होती थी. वह उनको सार्वजनिक भी करता था, परन्तु इलेक्टोरल बॉण्ड जारी होने के बाद यह अनिवार्यता और पारदर्शिता भी नहीं रही. समाचारों में ही था कि नवम्बर 2023 में जिन पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए थे वहां जब्त राशि पिछले विधानसभा चुनावों के मुकाबले सात गुना ज्यादा थी. यदि सालों के अंतराल के बाद 31 अक्टूबर 2023 से चुनावी बॉण्ड की वैधता पर पुनः शुरू हुई सुनवाई पूरी होने के बाद भी उच्चतम न्यायालय की पांच न्यायाधीशों की संवैधानिक पीठ ने अपना निर्णय 2 नवम्बर 2023 को सुरक्षित न रखा होता तो शायद नवम्बर 2023 के विधानसभा चुनावों के पहले चुनावी बॉण्ड जारी भी न होते. स्टेट बैंक औफ इण्डिया की 29 शाखाओं से 29वीं बार 6 नवम्बर से 20 नवम्बर 2023 के दौरान चुनावी बॉण्डों की बिक्री, खरीदारी हुई थी. पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में जो 2 नवम्बर के काफी बाद हुए थे, कुछ राजनैतिक दलों को चुनावी बॉण्ड का फायदा मिल ही गया. भारत आये भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गर्वनर रघुराम राजन 12 दिसम्बर 2023 को बिना लाग-लपेट यह कह गये थे कि बॉण्ड चुनावी फंडिंग का नकदी से भी ज्यादा खराब विकल्प है. यह गैर-पारदर्शी है. केवल स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया ही जानता है कि चुनावी बॉण्ड से पैसे देने वाला कौन है. गुमनाम चुनावी बॉण्ड राजनैतिक दलों के बीच गैर-बराबरी के मैदान तैयार करता है. किसी काम के एवज में भी राजनैतिक दल चुनावी बॉण्ड से पैसे ले सकते हैं. सत्तारूढ़ दल तो चुनावी बॉण्ड से अकूत धन पाकर चुनावी खर्चे के चेक काट सकता है, किन्तु विपक्ष ऐसा नहीं कर सकता. चुनाव बराबरी में लड़ा जा सके, इसके लिए विपक्ष को भारी नकदी का इंतजाम करना पड़ता है. काले धन पर निर्भर रहना पड़ता है. उन्हीं दिनों राज्यसभा सांसद धीरेन्द्र साहू से जुड़े ठिकानों में तीन सौ करोड़ रुपये की बरामदगी भी सुर्खियों में थी.यह विडम्बना ही थी कि दो जनवरी 2018 को अधिसूचित जिस चुनावी बॉण्ड योजना को वैकल्पिक पारदर्शी राजनैतिक फंडिंग की पहल बताया गया था, उससे भ्रष्टाचार पनपने व सत्तारूढ़ दलों को ही ज्यादा फायदा पहुंचने की शंकायें छः साल पूरे होते-होते काफी गहरा गईं. बॉण्डों से प्राप्त धन चुनाव आयोग द्वारा सत्यापित एक अलग एकाउण्ट में रखना होता था. नियमतः कार्पोरेट या निजी दानदाता विभिन्न मूल्यों के बॉण्डों को खरीदकर पात्र राजनैतिक दलों को दे सकते थे. बॉण्डों पर न देने वाले का नाम होना था, न दाता की पहचान बताई जानी थी. कम्पनी के अंशधारकों या जनता के संज्ञान में नहीं आ सकता था कि राजनैतिक दलों को कौन धन दे रहा है. मोदी सरकार ने कहा था इससे हालांकि राजनैतिक दलों को मिले चंदे का विवरण पता चल जायेगा, किन्तु देने वालों के नामों का पता नहीं चलेगा. ऐसे में कांग्रेस पार्टी ने भी इसे धनशोधन या मनी-लॉण्डरिंग के समकक्ष ही माना था. बैंकों का भी ऐसा ही सोचना था.

> सत्तारूढ़ दल तो चुनावी बॉण्ड से अकूत धन पाकर चुनावी खर्चे के चेक काट सकता है, किन्तु विपक्ष ऐसा नहीं कर सकता. चुनाव बराबरी में लड़ा जा सके, इसके लिए विपक्ष को भारी नकदी का इंतजाम करना पड़ता है. काले धन पर निर्भर रहना पड़ता है. उन्हीं दिनों राज्यसभा सांसद धीरेन्द्र साहू से जुड़े ठिकानों में तीन सौ करोड़ रुपये की बरामदगी भी सुर्खियों में थी.

### मीडिया में अन्यत्र

## जलवायु परिवर्तन और मुद्रा नीति

**रिजर्व बैंक** की इस वित्त वर्ष में मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की पहली बैठक ने किसी को चकित नहीं किया. रिजर्व बैंक के गवर्नर का वक्तव्य, मौद्रिक नीति संकल्प तथा नीति प्रस्तुत होने के बाद मीडिया के साथ संवाद में रिजर्व बैंक के अधिकारियों ने यही कहा कि एमपीसी टिकाऊ आधार पर 4 फीसदी मुद्रास्फीति दर के कानूनी अनुदेश का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है. इस बात का स्वागत किया जाना चाहिए. इसके परिणामस्वरूप एमपीसी ने नीतिगत रीपो दर को लगातार सातवीं बार 6.5 फीसदी के स्तर पर अपरिवर्तित रहने दिया. चूंकि एमपीसी ने चालू वर्ष में अर्थव्यवस्था के सात फीसदी की दर से विकसित होने का अनुमान जताया है, ऐसे में यह लगातार चौथा वर्ष होगा जब कम से कम सात फीसदी की वृद्धि दर हासिल होगी. यह केंद्रीय बैंक को पर्याप्त नीतिगत गुंजाइश मुहैया कराता है कि वह मुद्रास्फीति पर ध्यान केंद्रित करे और अवस्फीति की प्रक्रिया को पूरा होने दे. वृद्धि और मुद्रास्फीति दोनों अपेक्षाकृत अनुकूल हैं और टिकाऊ आधार पर चार फीसदी की मुद्रास्फीति दर हासिल करने की बात बाजार प्रतिभागियों द्वारा समझी जा सकती है, परंतु यह आकलन भी करना होगा कि लक्ष्य कब तक हासिल होने की संभावना है. मौद्रिक नीति समिति का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में मुद्रास्फीति की दर औसतन 4.5 फीसदी रहेगी, जो लक्ष्य से ऊपर है. एमपीसी में तथा अन्य जगह यह दलील दी गई है कि दो फीसदी की वास्तविक नीतिगत दर वृद्धि निष्कर्षों को क्षति पहुंचा सकती है. परंतु समिति का एक नजरिया यह भी है कि वास्तविक नीतिगत दर को मुद्रास्फीति के साथ देखा जाना चाहिए, जिसके चालू वित्त वर्ष में लक्ष्य से ऊपर बने रहने की उम्मीद है. ऐसे में एमपीसी कितने समय तक रीपो दर को 6.5 फीसदी के स्तर पर बनाए रखेगी? मौद्रिक नीति रिपोर्ट भी गत सप्ताह जारी की गई थी और उसमें भी कुछ दिलचस्प संकेत हैं. रिपोर्ट में कहा गया है कि सामान्य मॉनसून और किसी नीतिगत झटके के सामने न आने की संभावना के साथ ढांचागत मॉडल यही बताता है कि 2025-26 तक मुद्रास्फीति की दर औसतन 4.1 फीसदी रहेगी. पेशेवर अनुमान लगाने वालों का कहना है कि चालू वित्त वर्ष में नीतिगत दरों में 50 आधार अंकों की कमी आ सकती है. वृद्धि के मोर्चे पर राहत को देखते हुए यह संभव है कि एमपीसी शायद इस बात को लेकर पूरी तरह आश्वस्त होना चाहे कि मुद्रास्फीति टिकाऊ आधार पर लक्ष्य के करीब रहेगी और उसके बाद ही वह मौद्रिक राहत की दिशा में बढ़े. **(बिज़नेस स्टैंडर्ड)**



### शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## लज्जा/शर्म/संकोच

**जिसको** कुछ भी कहने या करने में लज्जा नहीं आती, उसे निर्लज्ज कहते हैं. जिसका शर्म से दूर-दूर का भी रिश्ता नहीं होता, उसे बेशर्म कहते हैं. जिसको कुछ करने या कहने में हिचक-झिझक होती है, उसे संकोची कहते हैं. ये तीनों परिभाषाएं शब्दों के लोक व्यवहार के आधार पर बनायी गयी हैं. इन वाक्यों में अये शब्द लज्जा, शर्म और संकोच आम तौर पर एक दूसरे के पर्याय हैं, लेकिन जब व्यवहार की बात आती है तो इन तीनों में कुछ सूक्ष्म अंतर है. इसे समझने के लिए तीनों शब्दों की प्रवृत्ति और प्रकृति को समझना होगा. हिंदी शब्द सागर के अनुसार लज्जा तत्सम संज्ञा स्त्रीलिंग शब्द है. इसका अर्थ है अंतःकरण की वह अवस्था, जिसमें स्वभावतः अथवा अपने किसी भद्दे या बुरे आचरण की भावना के कारण दूसरों के सामने वृत्तियां संकुचित हो जाती हैं, चेष्ट मंद पड़ जाती है, मुंह से शब्द नहीं निकलता, सिर नीचा हो जाता है और सामने देखना मुश्किल हो जाता है, लाज, शर्म, हया, मान, मर्यादा का विचार करना, इज्जत का ख्याल करना, लाजवंती लता. शर्म फारसी मूल का संज्ञा स्त्रीलिंग शब्द है. वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार फारसी का मूल शब्द शरम है, जो हिंदी और उर्दू में शर्म हो कर प्रचलन में आगे निकल गया.फिर भी शरम शब्द को भी प्रयोग कम नहीं होता. शर्म एक दर्दनाक एहसास है, जो अफसोस, आत्म-घृणा और अपमान का मिश्रण है. सरल शब्दों में शरम शब्द का मतलब है शर्म, लज्जा, संकोच,लिहाज, पछतावा, पश्चात्ताप. आपने किसी को शर्म से पानी-पानी होते देखा होगा. संकोच तत्सम संज्ञा पल्लिंग शब्द है,जिसका अर्थ है सिकुड़ने की क्रिया या भाव,झिझक, हिचकिचाहट, असमंजस, थोड़ में बहुत सी बातें करना, भय या लज्जा का भाव. लज्जा को विशेष रूप से स्त्रयों से जोड़ा जाता है. कहते हैं, लज्जा नारियों का आभूषण है. वहीं शर्म या संकोच पूरी तरह से नकारात्मक है और पुरुष-नारी दोनों को समान रूप से हो सकता है.

## दुःखों के समंदर में डूबते देश के युवा


• तीर-तुक्का

एसके पाण्डेय



कहते हैं कि संसार में दुःख ही दुःख है. जन्मते और मरते समय भी असह्य दुःख होता है. तथा लोगों को दुःख घेरे ही रहता है. दीगर है कोई ज्यादा तो कोई कम दुखी होता है. सच कहा जाय तो लोग दुःख पाने के लिए ही जन्मते हैं. कई लोगों के दुःख का कारण दूसरे का सुख होता है. बहुत ही कम लोग ऐसे होते हैं जो दूसरे के दुःख से दुखी होते हैं. कई लोग दूसरों को दुःख देने के लिए ही जन्मते हैं. और दूसरों को दुःख देकर खुद सुख का अनुभव करते हैं. कई लोगों को केवल अपना ही दुःख दिखता है. दूसरे का नहीं. ऐसे में युवाओं का दुःख कौन देखेगा? कहने को भारत युवाओं का देश है, लेकिन भारत के युवाओं की दशा ठीक नहीं है. भारत के युवा खुश नहीं हैं. ये बहुत व्यथित रहते हैं. इनकी व्यथा को समझने वाला कोई नहीं है.युवाओं की व्यथा के अनेकों कारण हैं. जिनमें सामाजिक, राजनैतिक, नैतिक और भौतिक कारण प्रमुख हैं. तथा बूढ़ों की वजह से इन्हें ज्यादा समस्या हैं. समाज में इन्हें सम्मानजनक स्थान प्राप्त नहीं है. राजनीति में भी इनका वर्चस्व नहीं है. राजनीति में बूढ़े छाये हैं. नैतिकता का इन्हें उचित ज्ञान नहीं है और न ही ज्यादा पसंद करते हैं. और ये भौतिकवादी होते जा रहे हैं. सच कहा जाय तो देश-समाज में सदा युवाओं की अनदेखी की गई है. बूढ़े युवाओं को किनारे कर देते हैं. खुद चाहे जितना बूढ़े हो जाएं. लेकिन अपने को जवान समझते रहते हैं और युवा चाहे जितना युवा क्यों न हो, उसे बच्चा समझते हैं. एक दिन कुछ युवा बहुत व्यथित होकर मेरे पास आये. और बोले कि एक न्यूज चैनल से प्रसारित समाचार में कहा जा रहा था कि 'सब कुछ अपना पार्टी-एसकेएपी' के साठ वर्षीय युवा नेता लुट्टन जी विवादों के घेरे में फंस गए हैं. बताइए इस देश का क्या होगा? देश के युवाओं का क्या होगा? ये लोग लुट्टन जी के विवादों के घेरे में फंस जाने से व्यथित नहीं थे. इनकी व्यथा का कारण यह था कि यदि पचपन और साठ साल के लोगों को युवा कहा जायेगा तो पैंतीस-चालीस वर्ष के लोगों को क्या कहा जाएगा? हमने कहा जाहिर सी बात है बच्चा कहा जाएगा. एक पार्टी दूसरे पार्टी को भ्रष्टाचार में लिप्त कहती है तो इसका मतलब यह नहीं होता कि कहने वाली पार्टी में भ्रष्टाचार नहीं है. जब एक नेता देखता है कि इसने हमसे ज्यादा जमा कर लिया तो सापेक्षता के आधार पर दूसरे को भ्रष्ट कह देता है. वे बोले राजनीति में बूढ़े तो छाये ही हैं. पूरे देश-समाज में बूढ़ों का ही बर्चस्व है. बूढ़े नीति-निर्माता हैं. वे जो बना दें, युवाओं को तो उसे निभाना है. युवाओं के विरुद्ध बहुत बड़ी साजिश चल रही है. सभी लोग हाथ धोकर युवाओं के पीछे पड़े हैं.

# नवरात्र विशेष




मां शैलपुत्री मां ब्रह्मचारिणी मां चंद्रघंटा मां कूष्मांडा मां स्कंध माता



मां कात्यायिनी मां कालरात्रि मां महागौरी मां सिद्धिदात्री

# ॐ जयन्ती मंगला काली भद्रकाली कपालिनी



आचार्य अजय मिश्रा

वैदिक पंचांग के अनुसार, चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि इस वर्ष 08 अप्रैल को रात 11 बजकर 50 मिनट से शुरू हो जाएगी जो अगले दिन यानी 09 अप्रैल 2024 को रात को 08 बजकर 30 मिनट पर खत्म होगी. ऐसे में उदया तिथि के आधार पर चैत्र नवरात्रि 09 अप्रैल से शुरू हो जाएगी. इस वर्ष चैत्र नवरात्रि के पहले दिन सर्वार्थ सिद्धि और अमृत योग रहेगा. वैदिक ज्योतिष में इन योगों में पूजा बहुत ही शुभ फलदायी होती है.



## कलश स्थापना का शुभ मुर्हूत



ब्रह्म मुहूर्त- सुबह 04:31 से 05: 17 तक

शुभ चौघड़िया- सुबह 09 बजकर 12 मिनट से 10 बजकर 47 मिनट

अभिजीत मुहूर्त- सुबह 11:57 से दोपहर 12: 48 तक

विजय मुहूर्त- दोपहर 02:30 से दोपहर 03: 21 तक

गोधूलि मुहूर्त- शाम 06:42 से शाम 07: 05 तक

अमृत काल: रात्रि 10:38 से रात्रि 12: 04 तक

निशिता काल: रात्रि 12:00 से 12: 45 तक

सर्वार्थ सिद्धि योग: सुबह 07:32 से शाम 05: 06 तक

अमृत सिद्धि योग: सुबह 07:32 से शाम 05: 06 तक

**चैत्र नवरात्रि कलश स्थापना पूजा विधि :** नवरात्रि पर यथा संभव 9 दिनों तक उपवास, फलाहार, एक समय सेंधा नमक का आहार आदि रखें. नवरात्रि के पहले दिन सुबह घर, विशेषकर पूजा स्थल को साफ-सुथरा करें. मुख्य द्वार के दोनों तरफ स्वास्तिक बनाएं. आम या अशोक के ताज़े पत्तों का तोरण मुख्य द्वार पर सजाएं. स्नानादि के बाद पूजा स्थल पर माता दुर्गा की मूर्ति या तस्वीर को लकड़ी की चौकी या आसन पर स्वास्तिक का चिन्ह बनाकर स्थापित करें. मां दुर्गा की मूर्ति के बाईं तरफ श्री गणेश की मूर्ति रखें. उसके बाद माता के समक्ष मिट्टी के बर्तन में जौ अर्पित करें. जौ समृद्धि व खुशहाली का प्रतीक माने जाते हैं. मां की आराधना के समय यदि आपको कोई भी मंत्र नहीं आता हो तो केवल दुर्गा सप्तशती में दिए गए नवार्ण मंत्र 'ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुंडायै विच्चे' से पूजा करें. माता को चूड़ी, बिंदी, सिंदूर, आलता आदि श्रृंगार का सामान, चुन्नी, नारियल व अन्य ऋतु फल अर्पित करें. फिर घी का दीपक जलाते हुए 'ॐ दीपो ज्योतिः परब्रह्म दीपो ज्योतिर्र जनार्दनः. दीपो हरतु में पापं पूजा दीप नमोस्तुते' यह मंत्र पढ़ें और आरती करें. संभव हो तो नौ दिन तक शुद्ध देसी घी का अखंड दीप जलाएं.

**घोड़े पर सवार होकर आएंगी मां :** इसबार मां दुर्गा घोड़े पर सवार होकर आएंगी. मंगलवार को चैत्र नवरात्र शुरू होने के कारण मां का वाहन घोड़ा होगा. इस बार मां दुर्गा की सवारी अनहोनी की ओर इशारा कर रही है. मां का ऐसा आगमन शुभ नहीं माना जाता. माता का आगमन घोड़े पर होता है तो समाज में अस्थिरता, तनाव अचानक बड़ी दुर्घटना, भूकंप चक्रवात, सत्ता परिवर्तन, युद्ध आदि की स्थिति उत्पन्न होने की आशंका है. जबकि माता रानी हाथी पर प्रस्थान करेंगी. हाथी की सवारी काफी शुभ मानी जाती है. मान्यता है कि ऐसे में माता रानी भक्तों को सुख समृद्धि देकर विदा होंगी.



## मां दुर्गा के प्रिय चार मंत्र

1. सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके।
शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणि नमोऽस्तुते।।

2. ॐ जयन्ती मंगला काली भद्रकाली कपालिनी।
दुर्गा क्षमा शिवा धात्री स्वाहा स्वधा नमोऽस्तुते।।

3. या देवी सर्वभूतेषु शक्तिरूपेण संस्थिता,
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।
या देवी सर्वभूतेषु लक्ष्मीरूपेण संस्थिता,
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।
या देवी सर्वभूतेषु तुष्टिरूपेण संस्थिता,
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।
या देवी सर्वभूतेषु मातृरूपेण संस्थिता,
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।
या देवी सर्वभूतेषु दयारूपेण संस्थिता,
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।
या देवी सर्वभूतेषु बुद्धिरूपेण संस्थिता,
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।
या देवी सर्वभूतेषु शांतिरूपेण संस्थिता,
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।

4. नवार्ण मंत्र 'ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चै'

### चैती छठ महापर्व 12 अप्रैल से

सूर्योपासना का महापर्व चार दिवसीय चैती छठ 12 अप्रैल से शुरू होगा. 12 अप्रैल को नहाय खाय व 13 अप्रैल को व्रती खरना पूजन करेंगे. 14 अप्रैल की संध्या अर्घ्य दिया जाएगा. वहीं, 15 अप्रैल को सुबह के अर्घ्य के साथ महापर्व का समापन होगा.

### 17 अप्रैल को रामनवमी, 18 को पारण

पूजा का मुहूर्त 11:17 से 01:35 बजे तक है. नवरात्र का पारण दशमी तिथि 18 अप्रैल को किया जाएगा. नवमी का व्रत एवं हवन बुधवार 17 अप्रैल को किया जाएगा. रामनवमी के दिन रामचरितमानस का पाठ करना अच्छा माना जाता है.

### 300 साल पुराना है मां भगवती केरा मंदिर

# सूनी गोद को भर देती हैं मां

*पश्चिमी सिंहभूम के चक्रधरपुर प्रखंड के शक्तिपीठ के रूप में प्रसिद्ध मां भगवती केरा मंदिर में हर साल चैत्र महीने में विशेष पूजा होती है. इस बार विशेष पूजा 29 मार्च से 14 अप्रैल तक चल रही है. 29 मार्च को विधि-विधान से पूजा-अनुष्ठान के साथ शुभ घट होता है, जो 17 दिनों तक चलता है. इसके बाद 10 अप्रैल को धूमधाम से जात्रा घट मनाया जाता है. जात्रा घट के दिन रात में दाहिनी डूबा से कलश में पानी राजदरबार लाया जाता है. इसके बाद श्रद्धालु मां के सामने आध्या पड़ते हैं. फिर राज पुरोहित वैदिक मंत्रोचारण के पास पूजा कराते हैं. पूजा संपन्न होने के पश्चात शांति जल छिटा जाता है. इसके बाद कलश को मां भगवती केरा मंदिर में स्थापित किया जाता है. बता दें कि दाहिनी डूबा की खासियत यह है कि गर्मी के दिन में भी दो फीट गड्ढा करने पर इससे पानी निकलता है.*





**कालिका घट के दिन दहकते अंगारों पर चलते और कांटों पर लेटते हैं भोक्ता**

जात्रा घट के दूसरे दिन (11 अप्रैल) वृंदावन यात्रा निकलती है. इसमें दो लड़के वृंदावन से दो चटिया चटनी (चिड़िया) लेकर राजदरबार आते हैं. इसके बाद इनकी पूजा की जाती है और फिर उड़ा दिया जाता है. तीसरे दिन (12 अप्रैल) को राजदरबार में छउ नाच होता है. चौथे दिन (13 अप्रैल) केरा मंदिर में जलाभिषेक होता है. लाखों की संख्या में आए श्रद्धालु मां भगवती के साथ स्थापित काशी विश्वनाथ की शिवलिंग में जलाभिषेक करते हैं. इसी दिन रात में मंदिर परिसर में छऊ नृत्य का आयोजन किया जाता है. पांचवें दिन (14 अप्रैल) को अहले सुबह चार बजे कालिका घट यात्रा निकाली जाती है. दाहिनी डूबा से घटवाली (मां का स्वरूप लेकर) कलश में पानी भरकर मंदिर आते हैं. फिर भोक्ता (श्रद्धालु) दहकते अंगारों पर चलते हैं और कांटों पर लेटते हैं. इसके बाद पूजा का समापन हो जाता है.

**मां के दरबार से कोई खाली नहीं लौटता**

मां भगवती मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष कुंवर दीपक कुमार सिंहदेव ने बताया कि केरा मंदिर परिसर में 13 और 14 अप्रैल को केरा मेला लगता है. इस मेला में ओडिशा, झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ और बंगाल से घट पूजा देखने आते हैं. दीपक सिंहदेव ने बताया कि यह एक सिद्धपीठ मंदिर है. यहां आकर अगर कोई सच्चे मन से कुछ मांगता है तो उसकी मनोकामना पूरी होती है. मां भगवती के दरबार से कोई भी खाली हाथ नहीं लौटता. उन्होंने बताया कि मां भगवती केरा मंदिर का इतिहास करीब 300-400 साल पुराना है. यहां भारत से नहीं बल्कि विदेशों से भी लोग मां के दर्शन करने आते हैं. कहा कि ऐतिहासिक केरा मंदिर धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो रहा है. कुंवर दीपक ने सभी से जात्रा घट में शामिल होने की अपील की है.



**जानें जात्रा घट के पीछे की रोचक कहानी**

कुंवर दीपक ने बताया कि करीब 300 साल पहले भवानीपुर (केरा मंदिर) में एक परिवार हुआ करता था. काफी कोशिशों के बाद भी इस परिवार में बच्चा नहीं हो रहा था. ऐसी मान्यता है कि इस परिवार की महिला मां केरा को बहुत मानती थी. हर रोज मंदिर में पूजा- अर्चना करती थी. चैत्र पर्व के दौरान महिला ने मां के लिए निर्जला उपवास रखा. साथ ही मानसिक रखा कि अगर उसको संतान की प्राप्ति होगी तो वो हर साल निर्जला उपवास रखेगी. मां ने अपने भक्त की पुकार सुन ली. अगले ही साल उस महिला मे एक बच्चे ने जन्म दिया. ये परिवार कोई और नहीं बल्कि खुद राजा साहेब लोकनाथ सिंहदेव का था. मां के आशीर्वाद से इस परिवार में 8 बच्चों ने जन्म लिया. धीरे-धीरे यह बात लोगों को पता चली. इसके बाद से जात्रा घट में श्रद्धालु निर्जला उपवास और अध्या देने लगे. तब से लेकर आज तक चैत्र के दौरान धूमधाम से जात्रा घट मनाया जाने लगा.

**-अभिशाह**

*भगवान राम की पूजा में 'चंडी पाठ' शामिल था, जो दुर्गा सप्तशती से देवी दुर्गा की स्तुति करने वाले छंदों का पाठ था. यही नौ दिन नवरात्र के पावन नौ दिन हैं जो शक्ति की देवी दुर्गा के नौ रूपों को समर्पित हैं. मां दुर्गा के इन्हीं नौ रुप की शक्ति और प्रताप से सृष्टि गतिमान है.*

# सभकेर सुधि अहां लै छी हे अम्बे हमरा किये बिसरय छी हे...



सारिका भूषण

जगदंबा घर में दियरा बार अईनी हे / जगतारण घर में दियरा बार अईनी हे / मईया के चरण पखार अईनी हे .. ऐसे कई लोकगीत हैं जिनकी गूंज एक ओर तो हमारी परंपराओं और संस्कृति के वाहक हैं तो दूसरी ओर एक आहट है आने वाले त्योहारों की, जिनकी जड़े हमारी मिट्टी से जुड़ी हुई हैं. विविधताओं से भरा हमारा यह देश आरंभ काल से ही अपने रीति-रिवाजों , त्योहारों , खान-पान और नृत्य-संगीत के लिए विश्व प्रसिद्ध है . यहां कई त्योहार हैं और इन त्योहारों का इतिहास हिंदू पौराणिक कथाओं में निहित है. हिन्दू धर्म में हर त्योहार किसी न किसी देवता से जुड़ा है. विशेष रूप से मर्यादा पुरोषोत्तम भगवान राम की कहानी, जिन्होंने रावण के साथ युद्ध से पहले नौ दिनों तक देवी दुर्गा की पूजा की थी. भगवान राम की पूजा में 'चंडी पाठ' शामिल था, जो दुर्गा सप्तशती से देवी दुर्गा की स्तुति करने वाले छंदों का पाठ था. यही नौ दिन नवरात्र के पावन नौ दिन हैं जो शक्ति की देवी दुर्गा के नौ रूपों को समर्पित हैं.



## ये हैं माता के नौ रूप

पहली शैलपुत्री, दूसरी ब्रह्मचारिणी, तीसरी चंद्रघंटा, चौथी कूष्मांडा, पांचवी स्कंध माता, छठी कात्यायिनी, सातवीं कालरात्रि, आठवीं महागौरी और नौवीं सिद्धिदात्री. ये मां दुर्गा के नौ रुप हैं, जिनकी शक्ति और प्रताप से सृष्टि गतिमान है. चैत्र नवरात्र का धार्मिक दृष्टि से खास महत्व है क्योंकि चैत्र नवरात्र के पहले दिन आदिशक्ति प्रकट हुई थी और देवी के कहने पर ब्रह्मा जी ने सृष्टि निर्माण का कार्य शुरु किया था. इसलिए चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से हिन्दू नववर्ष शुरु होता है. चैत्र महीने में सूर्य अपनी उच्च राशि में होता है. इसी मास में भगवान विष्णु ने मत्स्य अवतार भी लिया था.

## नौ दिनों के लिए धरती पर आती माता

नवरात्र पर्व, मां-दुर्गा की अवधारणा भक्ति और परमात्मा की शक्ति (उदात्त, परम, परम रचनात्मक ऊर्जा) की पूजा का सबसे शुभ और अनोखी अवधि है. यह पूजा वैदिक युग से पहले, प्रागैतिहासिक काल से चली आ रही है. ऋषि के वैदिक युग के बाद से, नवरात्र के दौरान की भक्ति प्रथाओं में से मुख्य रूप गायत्री साधना की है. धार्मिक मान्यता के अनुसार, चैत्र नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा नौ दिनों के लिए धरती पर आती हैं और इसलिए सभी भक्त उनका धूमधाम के साथ स्वागत करते हैं. सभी लोग इन 9 दिनों में उन्हें प्रसन्न करने के लिए उपवास रखते हैं और पूजा-पाठ करते हैं. शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि पर ही आदिशक्ति दुर्गा देवी अपने नौ रूपों में प्रकट हुई थीं. इसलिए इस तिथि के अगले नौ दिनों तक देवी के इन नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है. ऐसा माना जाता है कि देवी दुर्गा के नौ रूप हिंदू पौराणिक कथाओं में सर्वोच्च स्थान रखते हैं. यह माना जाता है कि देवी के इन रूपों को की पूजा से भक्त सभी पापों और अपराधों से मुक्त हो जाता हैं. देवी शक्ति के नौ प्रमुख निवास में से सात निवास हिमाचल प्रदेश में हैं, एक जम्मू में है और शेष एक चंडीगढ़ में है. यह त्योहार देवी दुर्गा को समर्पित है, जिनके नौ रूपों की नौ दिनों में पूजा की जाती है. अंतिम दिन राम नवमी भी है, जो राम का जन्मदिन है. इसी कारण से कुछ लोग इसे रामनवरात्रि भी कहते हैं. कई क्षेत्रों में यह त्योहार वसंत की फसल के बाद आता है और कई जगहों पर में फसल के दौरान. नवरात्रि के दिन सुबह उठकर निवृत्त होकर स्नान किया जाता है. स्नान पश्चात व्रत का संकल्प लेते हैं. इसके बाद पूजा का आसन तैयार किया जाता है और माता रानी की मूर्ति या तस्वीर स्थापित की जाती है जिसके समक्ष पूजा की जाती है. पंचांग के अनुसार, इस वर्ष 2024 में चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि यानी 09 अप्रैल से चैत्र नवरात्रि शुरू होंगे और 17 अप्रैल को समापन होगा.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

## आईपीएल : सनराइजर्स और पंजाब दोनों ने चार-चार मैच में समान दो जीत दर्ज की हैं और दो मैच गंवाए भी हैं

# पंजाब व सनराइजर्स के बीच होगा मुकाबला, अंक तालिका में आगे बढ़ने की होड़

भाषा । मुल्लांपुर



पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को जब आमने-सामने होंगी तो दोनों की नजरें जीत हासिल करके अंक तालिका में अपनी स्थिति बेहतर करने पर टिकी होंगी. सनराइजर्स और पंजाब दोनों ने चार-चार मैच में समान दो जीत दर्ज की हैं और दो मैच गंवाए हैं. ये दोनों उन चार टीम में शामिल हैं जिनके चार-चार अंक हैं और दोनों की नजरें जीत हासिल करके तालिका में आगे बढ़ने पर लगी हैं. सनराइजर्स की टीम ने अब तक बल्ले से अच्छा प्रदर्शन किया है और मौजूदा सत्र में अधिकतर मौकों पर उसके बल्लेबाजों ने प्रभावित किया लेकिन पंजाब की टीम के बारे में ऐसा नहीं कहा जा सकता. मुंबई इंडियन्स के खिलाफ जीत के दौरान सनराइजर्स ने आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा टीम स्कोर बनाया जबकि शुक्रवार को गत चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ भी टीम ने छह विकेट की आसान जीत दर्ज की. अभिषेक शर्मा, ट्रेविस हेड, हेनरिक क्लासेन और ऐडन मार्कराम जैसे बल्लेबाजों ने विरोधी गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामक रवैया अपनाया है और टीम को तेज शुरुआत दिलाई है.

शिखर धवन, जॉनी बेयरस्टो और लियाम लिविंगस्टोन की मौजूदगी में पंजाब के पास भी बड़े शॉट खेलने वाले खिलाड़ी हैं लेकिन कप्तान धवन के अलावा अन्य किसी के प्रदर्शन में निरंतरता नजर नहीं आई है. पंजाब को अपने भारतीय खिलाड़ियों प्रभसिमरन सिंह और जितेश शर्मा से भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी. दोनों टीमें अपने पिछले मुकाबले जीतकर इस मैच में उतरेंगी और नवनिर्मित महाराज यादविंद्र सिंह क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले इस सिर्फ दूसरे आईपीएल मैच में पावर प्ले में टीम का प्रदर्शन अहम भूमिका निभाएगा. दोनों टीमों की गेंदबाजी चिंता का विषय है. पंजाब की टीम को डेथ ओवरों में जूझना पड़ा है जबकि सनराइजर्स के गेंदबाज नई गेंद से काफी महंगे साबित हुए हैं.

### पंजाब हैदराबाद

- दोनों उन चार टीमों में शामिल हैं जिनके चार-चार अंक हैं
- सनराइजर्स ने अब तक बल्ले से अच्छा प्रदर्शन किया है
- पंजाब को प्रभसिमरन सिंह से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

### पंजाब के लिए कागिसो रबादा उनके सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे हैं

पंजाब के लिए दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबादा छह विकेट के साथ उनके सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे हैं लेकिन डेथ ओवरों के विशेषज्ञ अर्शदीप सिंह और हर्षल पटेल के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी टीम के लिए चिंता की बात है. लेग स्पिनर राहुल चाहर काफी महंगे साबित हुए हैं लेकिन हरप्रीत बरार ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है. हैदराबाद की ओर से जयदेव उनादकट, मयंक मारकंडे और भुवनेश्वर कुमार ने काफी रन लुटाए हैं. काफी अनुभवी होने के बावजूद भुवनेश्वर को नई गेंद से जूझना पड़ा है. वह पिछले मैच में हालांकि विकेट चटकाने में सफल रहे. दो मैच से बाहर रहने के बाद वापसी करने वाले टी नटराजन ने अब तक चार विकेट हासिल किए हैं. अब तक चार मैच में पांच विकेट चटकाने वाले कप्तान पैट कमिंस ने अच्छा प्रदर्शन किया है. दोनों टीमों के बीच पिछले पांच मैच में से सनराइजर्स ने तीन जबकि पंजाब ने दो मैच जीते हैं.

### टीम इस प्रकार है

- **सनराइजर्स हैदराबाद:** जयदेव उनादकट, जे सुब्रमण्यन, टी नटराजन, मयंक मारकंडे, भुवनेश्वर कुमार, फजलहक फारूकी, पैट कमिंस (कप्तान), वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, सनवीर सिंह, ग्लेन फिलिप्स, नितीश रेड्डी, मार्को यानसेन, अभिषेक शर्मा, उपेंद्र यादव, राहुल त्रिपाठी, ऐडन मार्कराम, हेनरिक क्लासेन, ट्रेविस हेड, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक अग्रवाल, अब्दुल समद, आकाश महाराज सिंह, वानिंदु हसरंगा और उमरान मलिक.
- **पंजाब किंग्स:** शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व टाइडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम कुरेन, कागिसो रबादा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया, विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी और रिली रोसेयु.

समय : मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा.

## बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप : पीवी सिंधू सहित भारत के स्टार खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

# सिंधू और लक्ष्य पर टिकी उम्मीद

भाषा । निंगबो (चीन)

पीवी सिंधू सहित भारत के स्टार खिलाड़ियों को मंगलवार से चीन के निंगबो में क्वालीफायर के साथ शुरू हो रही बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में पदक की राह में दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों की चुनौती का सामना करना होगा. लेकिन इस मुकाबले में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की नंबर एक और गत चैंपियन जोड़ी के अंतिम लम्हों में हटने से इस महाद्वीपीय व्यक्तिगत चैंपियनशिप में भारत की पदक की उम्मीदें अब एकल खिलाड़ियों पर टिक गई हैं. इसमें सबसे अधिक उम्मीद पीवी सिंधू पर है. यह ओलंपिक क्वालीफिकेशन रैंकिंग अंक देने वाला आखिरी बड़ा टूर्नामेंट है.

इससे इसकी अहमियत बढ़ गई है. इसे लेकर भारतीय बैडमिंटन टीम भी काफी उत्साहित. सभी कोशिश जीत हासिल कर पदक प्राप्त करने के साथ ही क्वालिफिकेशन रैंकिंग मिलेगा. जिसका आगे फायदा होगा. ऐसे में इस सप्ताह टूर्नामेंट में कुछ कड़े मुकाबले देखने को मिलेंगे. दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने फ्रेंच ओपन क्वार्टर फाइनल में तोक्यो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता चीन की चेन यूफेई के खिलाफ मुकाबले को तीन गेम तक खींचकर अपनी पुरानी फॉर्म की झलक दिखाई. चोट के बाद वापसी करते हुए करीबी मैचों को जीतने में नाकामी के कारण सिंधू की हताशा साफ नजर आई. जब स्पेन मास्टर्स में थाईलैंड की सुपानिदा केटथोंग के खिलाफ हार के बाद उन्होंने अपना रैकेट कोर्ट पर दे मारा. सिंधू को शीर्ष वरीय आन से यंग, ओलंपिक चैंपियन यूफेई, ताइ जु यिंग, अकाने यामागुची और ही बिंगजियाओ जैसी शीर्ष खिलाड़ियों की मौजूदगी वाले टूर्नामेंट में एक बार फिर खुद को परखने का मौका मिलेगा.

### मिलेगी चुनौती

- मुकाबले से हट चुके हैं सात्विकसाईराज व चिराग
- सिंधू का पहला मुकाबला मलेशिया के गोह से होगा
- दो बार की ओलंपिक पदक विजेता हैं पीवी सिंधू



पीवी सिंधू



लक्ष्य सेन

### एचएस प्रणय चीन के ल्यू के खिलाफ कोर्ट में उतरेंगे

पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू अपने अभियान की शुरुआत मलेशिया की दुनिया की 33वें नंबर की खिलाड़ी गोह जिन वेई के खिलाफ करेंगी. इस मुकाबले में जीत दर्ज करने पर उन्हें चीन की छठी वरीय हेन युई से भिड़ना पड़ सकता है जिन्हें उन्होंने फरवरी में बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में पांचवीं बार हराया था. तीसरे दौर में सिंधू की भिड़ंत जापान की यामागुची या थाईलैंड की रतचानोक इंतानोन से हो सकती है. आकर्षी कश्यप को पहले दौर में थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान से भिड़ना है. पुरुष एकल में लक्ष्य सेन को पहले ही दौर में शीर्ष वरीय शी युकी की कड़ी चुनौती का सामना करना है. फ्रेंच ओपन और ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बनाने के बाद पेरिस ओलंपिक में जगह लगभग पक्की करने वाले लक्ष्य एशियाई खेलों के अपने प्रदर्शन से प्रेरणा लेना चाहेंगे, जहां उन्होंने चीन के खिलाड़ी को टीम चैंपियनशिप में हराया था. सातवें वरीय एचएस प्रणय अपना अभियान ल्यू गुआंग झू के खिलाफ शुरू करेंगे और चीन के खिलाड़ी के खिलाफ तीन हार का बदला चुकता करने का प्रयास करेंगे. दुनिया के 27वें नंबर के खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत के सामने दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी और दूसरे वरीय एंथोनी गिनटिंग की कड़ी चुनौती है. युवा भारतीय खिलाड़ी प्रियांशु राजावत को पहले दौर में मलेशिया के ली जी जिया से भिड़ना है. सात्विक-चिराग की गैरमौजूदगी में एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला तथा कृष्ण प्रसाद गारगा और साई प्रतीक के पुरुष युगल में चुनौती पेश करेंगे. महिला युगल में तनीषा व अश्विनी को फेब्रियाना द्विपुजी कुसुमा व अमालिया कहाया प्रतिवी की इंडोनेशिया की जोड़ी से भिड़ना है.

## सीजीएफ 2026 टूर्नामेंट के नए मेजबान की करेगी घोषणा

भाषा । लंदन

राष्ट्रमंडल खेल महासंघ (सीजीएफ) ने 2026 में होने वाले खेलों के नए मेजबान की अगले महीने घोषणा करने की योजना बनाई है. कहा है कि उसके पास ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया राज्य की जगह लेने के लिए 'कई प्रस्ताव' हैं. सीजीएफ ने कहा कि वह प्रस्तावों को गोपनीय रख रहा है. विक्टोरिया बढ़ती लागत का हवाला देकर पिछले साल जुलाई में तीन क्षेत्रीय केंद्रों में होने वाले 2026 खेलों की मेजबानी की योजना से हट गया था. सीजीएफ ने अप्रैल में अपनी बैठक के बाद एक बयान में कहा कि महत्वपूर्ण प्रगति हुई है. हम शुरुआती अवधारणाओं से उत्साहित हैं. इसका उद्देश्य खेलों को रीसेट करना और नया स्वरूप देना है. बयान के अनुसार, हम आगे विस्तृत मूल्यांकन करने के लिए संबंधित सदस्यों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं और 2026 राष्ट्रमंडल खेलों के मेजबान की घोषणा मई में करने का लक्ष्य रखते हैं.

विक्टोरिया सीजीएफ के साथ मुआवजे के पैकेज पर सहमत हुआ है जिससे अगले मेजबान के खर्चों की भरपाई में मदद मिलेगी. राष्ट्रमंडल खेल 2018 का आयोजन करने वाले ऑस्ट्रेलिया के गोल्ड कोस्ट को 2026 के संभावित मेजबान के रूप में चिह्नित किया गया था. लेकिन राज्य या संघीय वित्त पोषण नहीं मिल सका. सीजीएफ ने कहा कि वह लागत कम करने और प्रतियोगिता को अधिक तार्किक बनाने के लिए खेलों में बदलाव लाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है. 1930 में ब्रिटिश एम्पायर गेम्स के रूप में स्थापित राष्ट्रमंडल खेलों में 74 देश और क्षेत्र हिस्सा लेते हैं. इनका आयोजन ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, इंग्लैंड, भारत, जमैका, मलेशिया, न्यूजीलैंड, स्कॉटलैंड और वेल्स में हुआ है.



**1930**

**में ब्रिटिश एम्पायर गेम्स के रूप में स्थापित राष्ट्रमंडल खेलों में 74 देश और क्षेत्र हिस्सा लेते हैं**

## सीनियर फेडरेशन कप कुश्ती चयन ट्रायल प्रतियोगिता संपन्न



संवाददाता । रांची

बनारस में 24 से 26 अप्रैल 2024 तक सीनियर फेडरेशन कप महिला एवं पुरुष राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता-2024 का आयोजन होगा. इसे लेकर सोमवार को रांची में झारखंड सीनियर फेडरेशन कप राज्य स्तरीय कुश्ती चयन ट्रायल प्रतियोगिता आयोजन किया गया. मोरहाबादी के बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम स्थित झारखंड राज्य कुश्ती प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित चयन ट्रायल में पूरे जिले से 180 कुश्ती खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया. चयन ट्रायल प्रतियोगिता में चयनित पहलवान उत्तर प्रदेश में आयोजित सीनियर फेडरेशन कप राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे. चयन ट्रायल का उद्घाटन झारखंड राज्य कुश्ती संघ के महासचिव रजनीश कुमार ने किया.

## शेल्टन ने पुरुष क्ले कोर्ट चैंपियनशिप जीती

**ह्यूस्टन** । अमेरिका के बेन शेल्टन ने रविवार को यहां गत चैंपियन फ्रांसिस टियाफो को तीन सेट तक चले कड़े फाइनल में हराकर अमेरिकी पुरुष क्ले कोर्ट टेनिस चैंपियनशिप का खिताब जीता. इक्कीस साल के शेल्टन ने टियाफो को 7-5, 4-6, 6-3 से हराकर अपने करियर का दूसरा एटीपी टूर खिताब जीता. शेल्टन ने मैच के दौरान 21 ऐस लगाए और 2002 में एंडी रोडिक के 19 साल की उम्र में यहां खिताब जीतने के बाद वह यह खिताब जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं. शेल्टन को क्ले कोर्ट पर जूझना पड़ा है. यहां टूर्नामेंट की शुरुआत से पहले इस तरह की सतह पर उन्होंने नौ में से सात मुकाबले गंवाए थे. सिर्फ दो जीत दर्ज की थी. खिताबी जीत के दौरान शेल्टन ने तीन मुकाबले तीन सेट में जीते.

## मुझे दरकिनार करने की हो रही कोशिश: उषा

भाषा । नयी दिल्ली

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा कि बागी कार्यकारी परिषद के सदस्य अवज्ञा करके उन्हें दरकिनार करने की कोशिश कर रहे हैं. जिसमें उनके द्वारा नियुक्त एक अधिकारी को सेवा बर्खास्तगी पत्र जारी करना भी शामिल है. शुक्रवार को कार्यकारी परिषद के नौ सदस्यों ने यहां आईओए कार्यालय परिसर में एक हस्ताक्षरित नोटिस चिपकाया था. जिसमें 'अनधिकृत व्यक्तियों' को संघ के मुख्यालय में प्रवेश नहीं करने के लिए कहा गया था. इस नोटिस को उषा ने 'मनमाना' बताया और यह उनके द्वारा नियुक्त दो अधिकारियों के लिए था. कार्यकारी परिषद के अधिकतर सदस्यों ने इससे पहले दावा किया था कि उन्होंने जनवरी में आईओए सीईओ के रूप में रघुराम अय्यर की नियुक्ति को अमान्य घोषित करने वाले निलंबन आदेश पर हस्ताक्षर किए थे.

कार्यकारी परिषद के सदस्यों ने यह भी दावा किया कि उन्होंने अजय नारंग को आईओए अध्यक्ष के कार्यकारी सहायक के पद से 'बर्खास्त' कर दिया है. उषा ने कार्यकारी परिषद के सदस्यों द्वारा नारंग को दिया गया बर्खास्तगी पत्र मिलने की बात स्वीकार की लेकिन इसे 'पूर्णतया निरर्थक' कहकर खारिज कर दिया. उषा ने कार्यकारी परिषद के बागी सदस्यों को भेजे अपने जवाब में कहा कि यह देखकर निराशा होती है कि हम अब भी एक टीम के रूप में काम नहीं कर पा रहे हैं. आपकी हर हरकत मुझे दरकिनार करने की कोशिश है. कहा कि मेरे पास आप सभी को यह याद दिलाने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है कि कर्मचारियों की नियुक्ति और बर्खास्तगी सहित दैनिक प्रशासनिक कार्य कार्यकारी परिषद का काम नहीं है. कार्यकारी परिषद के रूप में हमें अपनी शक्तियों और अधिकारों का उपयोग आईओए को ऊंचाइयों पर ले जाने के अधिक महत्वपूर्ण कार्य के लिए करना चाहिए.



### बर्खास्ती दस्तावेज पूरी तरह से अमान्य हैं

जनवरी में सार्वजनिक रूप से सामने आई आईओए की आंतरिक कलह अब भी जारी है. जबकि पेरिस ओलंपिक शुरू होने में सिर्फ तीन महीने बाकी हैं. उषा ने कहा कि सात जून 2023 को नियुक्त किए गए नारंग का पद पर बने रहना या बर्खास्तगी केवल उनकी सिफारिश पर आधारित होगी, ना कि किसी और की इच्छा पर. उन्होंने कहा कि बर्खास्ती दस्तावेज पूरी तरह से अमान्य हैं. अध्यक्ष के कार्यकारी सहायक की नियुक्ति कार्यकारी परिषद के अधिकार क्षेत्र में नहीं है. इसलिए बर्खास्तगी कानून के अनुसार नहीं है. उषा ने कहा कि मैं कैप्टन अजय कुमार नारंग (सेवानिवृत्त) द्वारा किए गए काम से संतुष्ट हूं.

## इंडो-यूएस गोल्फर अक्षय भाटिया को मिला खिताब

**सेन एंटोनियो (अमेरिका)** । भारतीय अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया ने प्ले ऑफ में शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार को यहां वालेरो टेक्सास ओपन का खिताब जीता और अगले महीने होने वाले अगस्ता मास्टर्स में जगह बनाई. भाटिया ने पहली बार किसी मेजर टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया है. भाटिया ने प्ले ऑफ में डैनी मैकार्थी को पछाड़ा जिन्होंने अपने अंतिम नौ होल में से आठ में बर्डी की. बाइस साल के भाटिया (67) ने दिन की शुरुआत चार शॉट की बढ़त के साथ की थी और फिर छह शॉट की बढ़त बनाने में सफल रहे लेकिन मैकार्थी ने जोरदार वापसी की. जिससे 72 होल के बाद दोनों खिलाड़ियों का स्कोर 20 अंडर रहा. भाटिया ने इसके बाद प्ले ऑफ में पहले अतिरिक्त होल में बर्डी के साथ खिताब अपने नाम किया.

## शतरंज : प्रज्ञानानंदा दो अंक के साथ चौथे स्थान पर हैं, जबकि विदित व नाकामूरा के डेढ़ अंक हैं

# डी गुकेश ने फबियाना करूआना को बराबरी पर रोका

भाषा । टोरंटो

ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने टोरंटो में चल रहे कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में शीर्ष वरीय अमेरिका के फाबियानो करूआना को बराबरी पर रोक दिया. लेकिन विदित गुजराती को रूस के इयान नेपोमनियाची के खिलाफ एक और हार का सामना करना पड़ा. आर प्रज्ञानानंदा ने अमेरिका के हिकारू नाकामूरा से अंक बांटे जबकि अजरबेजान के निजात अबासोव और फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा की बाजी भी बराबरी पर छूटी.

आठ खिलाड़ियों की इस डबल राउंड रोबिन प्रतियोगिता से अगली विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर का फैसला होगा. नेपोमनियाची सफेद मोहरों से खेलते हुए दूसरी जीत से तीन अंक के साथ टूर्नामेंट में एकल बढ़त बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं. उनसे आधा अंक पीछे करूआना और गुकेश ढाई अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं. प्रज्ञानानंदा दो अंक के साथ चौथे स्थान पर हैं जबकि विदित, अबासोव, अलीरेजा और नाकामूरा चारों के समान डेढ़ अंक हैं.

महिला वर्ग में आर वैशाली ने अपने छोटे भाई प्रज्ञानानंदा की तरह ड्रॉ खेला. उन्होंने रूस की एलेक्सांद्रा गोरयाचकिना को बराबरी पर रोका. भारत की कोनेरू हंपी को हालांकि सबसे कम रैंकिंग वाली और सबसे युवा खिलाड़ी बुल्गारिया की नुर्गयुल सेलिमोवा के खिलाफ टूर्नामेंट की पहली हार का सामना करना पड़ा. चीन की झोंगयी टैन ने रूस की कैटरीना लेगनो के खिलाफ ड्रॉ खेलकर तीन अंक के साथ अपनी एकल बढ़त बरकरार रखी है.



### संघर्ष जारी

- विदित गुजराती को रूस के नेपोमनियाची ने हराया
- आर प्रज्ञानानंदा ने अमेरिका के हिकारू से अंक बांटे

### हार के बाद हंपी छठे स्थान पर खिसक गईं

वैशाली, सेलिमोवा और लेगनो दो अंक के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं. इस हार के बाद हंपी डेढ़ अंक के साथ संयुक्त रूप से छठे स्थान पर खिसक गई हैं. मुजिचुक और लेई भी डेढ़ अंक के साथ संयुक्त रूप से छठे पायदान पर हैं. गुकेश ने करूआना के खिलाफ काले मोहरों से खेलते हुए दबाव का अच्छी तरह सामना किया और अंतत: 72 चाल के बाद दोनों खिलाड़ी अंक बांटने को राजी हो गईं. दूसरे दौर में नाकामूरा के खिलाफ जीत दर्ज करने वाले विदित के खिलाफ पिछली दो बार के कैंडिडेट्स टूर्नामेंट विजेता नेपोमनियाची अधिकांश समय बेहतर स्थिति में रहे और दो बार विश्व चैंपियनशिप मुकाबला खेलने वाला रूस का खिलाड़ी अंतत: जीत दर्ज करने में सफल रहा. प्रज्ञानानंदा को प्रत्येक दौर के साथ अपने प्रतिद्वंद्वियों की सराहना और सम्मान मिल रहा है. नाकामूरा के खिलाफ भी ऐसा ही रहा और अमेरिकी खिलाड़ी जोखिम नहीं उठाते हुए सफेद मोहरों से खेलने के बावजूद सिर्फ 24 चाल के बाद ड्रॉ पर राजी हो गया. दूसरी तरफ महिला वर्ग में टूर्नामेंट के लिए महिला विश्व कप के जरिए क्वालीफाई करने वाली सेलिमोवा ने हंपी को हराकर दिखाया कि उनका क्वालीफिकेशन तुक्का नहीं था. बुल्गारिया की खिलाड़ी ने 62 चाल में जीत दर्ज की.

## हॉकी शिविर में नये चेहरे भी आए

भाषा । बेंगलुरू

हॉकी इंडिया ने आगामी एफआईएच प्रो लीग मुकाबलों की तैयारी के लिये राष्ट्रीय शिविर में अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया और फॉरवर्ड वंदना कटारिया जैसे सीनियर खिलाड़ियों को 33 संभावित खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया है जिसमें कुछ नये चेहरों को भी जगह मिली है. हॉकी इंडिया ने पहले शिविर के लिये 60 खिलाड़ियों को चुना था जिसमें से छह और सात अप्रैल को हुए चयन ट्रायल और राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के बाद छंटनी की गई. भारतीय महिला हॉकी टीम 22 मई से होने वाले प्रो लीग मुकाबलों के लिये अर्जेंटीना, बेल्जियम, जर्मनी और ब्रिटेन से खेलने एंटवर्प और लंदन जायेगी. हॉकी इंडिया के हाई परफार्मेंस निदेशक हर्मन क्रूस ने कहा कि हमने 14वीं सीनियर महिला हॉकी राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के जरिये सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को चुना है. इसके अलावा पिछले सप्ताह कोचों और चयनकर्ताओं ने ट्रायल के जरिये 33 खिलाड़ियों को चुना है. ये खिलाड़ी भारतीय महिला हॉकी को नयी ऊंचाइयों तक ले जा सकते हैं. इनमें सविता, डिफेंडर निक्की प्रधान, मिडफील्डर सलीमा टेटे, अजमीना और निशा शामिल है. फॉरवर्ड पंक्ति में लालरेम्सियामी, संगीता कुमार और कटारिया होंगे. पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई करने में टीम के नाकाम रहने के बाद हॉकी इंडिया ने राष्ट्रीय शिविर में बदलाव की बात कही थी. शिविर में मिजोरम की 22 वर्ष की मरीना लालरामघाकी और मणिपुर की 25 वर्ष की मनीषा चौहान को मौका दिया गया है. इसके अलावा माधुरी किंडो, रोपनी कुमारी, प्रीति, एडुला ज्योति, दीपिका सोरेंग और रूतुजा पिसाल जैसे जूनियर खिलाड़ी भी चुने गए हैं.

### 33 सदस्यीय संभावित खिलाड़ियों का ग्रुप

- **गोलकीपर** : सविता पूनिया, बिछू देवी खारीबम, बंसरी सोलंकी, माधुरी
- **डिफेंडर** : निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, मोनिका, रोपनी कुमारी, महिमा चौधरी, ज्योति छत्री, प्रीति
- मिडफील्डर : सलीमा टेटे, मरीना एल, वैष्णवी फाल्के, नेहा, ज्योति, एडुला ज्योति, बलजीत कौर, मनीषा चौहान, अक्षता ढेकाले, अजमीना कुजूर, निशा फॉरवर्ड : मुमताज खान, लालरेम्सियामी, संगीता कुमारी, दीपिका, शर्मिला देवी, नवनीत कौर, दीपिका सोरेंग, प्रीति दुबे, वंदना कटारिया, रूतुजा पिसाल.

## ब्रीफ खबरें

### तीन लाख का इनामी नेपाल बार्डर से गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण ।** कुख्यात हिस्ट्रीशीटर और तीन लाख का इनामी राकेश कुमार उर्फ चून्नू ठाकुर को बिहार एसटीएफ, मुजफ्फरपुर पुलिस व बगहा पुलिस ने इंडो नेपाल बार्डर रक्सौल से गिरफ्तार किया है. चुन्नू ठाकुर पर 30 से अधिक मामले दर्ज हैं. वह बिहार पुलिस के टॉप-10 अपराधियों की सूची में शामिल है. पुलिस ने चुन्नू के पास से और घर से कई हथियार बरामद किये है. जिसके बाद उसकी पत्नी को भी पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है.

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16 को आयेंगे गया

**पटना ।** लोकसभा चुनाव में 400 के पार सीट हासिल करने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी की ताबड़तोड़ जनसभाएं हो रही है. जमुई और नवादा में चुनावी जनसभा करने के बाद प्रधानमंत्री अब गया आने वाले हैं. पंद्रह दिनों के अंदर पीएम मोदी का यह तीसरा चुनावी दौरा होगा. पीएम मोदी आगामी 16 अप्रैल को गया पहुंचेंगे, जहां एनडीए के साझा उम्मीदवार जीतन राम मांझी के पक्ष में चुनावी सभा कर लोगों से एनडीए के पक्ष में वोट करने की अपील करेंगे. खुद जीतन राम मांझी ने इस बात का एलान किया है. गया से मांझी ने कुशवाहा समाज की हुई बैठक में खुले मंच से कहा कि आगामी 16 अप्रैल को पीएम गया आएंगे.

### अस्पताल परिसर में खड़ी एंबुलेंस में लगी आग

**भागलपुर ।** जिले के सदर अस्पताल परिसर में अगलगी की घटना में सोमवार को खराब पड़े 5 एंबुलेंस में से एक एम्बुलेंस में आग लग गयी. जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक आग की लपटों ने एम्बुलेंस को अपने चपेट में ले लिया. एक एम्बुलेंस में लगी आग ने दूसरे एम्बुलेंस को भी अपने चपेट में ले लिया. एक एम्बुलेंस पूरी तरह जल गयी. अगलगी की सूचना पर अग्निशमन विभाग की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची एक घंटे तक पानी डालने के बाद आग पर काबू पाया जा सका. आग लगने का क्या कारण था यह पता नहीं चल सका है.

### राजद के पूर्व विधायक चंदन कुमार का पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा

# मंत्री विजय कुमार चौधरी के सामने जदयू में हुए शामिल

- चंदन कुमार खगड़िया के अलौली से 2015-2020 तक विधायक रहे थे

**संवाददाता ।पटना**



राजद के पूर्व विधायक चंदन कुमार ने सोमवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया. इसके बाद जदयू दफ्तर में मंत्री विजय कुमार चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा की मौजूदगी में उन्होंने नीतीश कुमार की पार्टी जदयू का दामन थाम लिया. चंदन कुमार खगड़िया के अलौली से 2015-2020 तक विधायक रहे थे. सीएम नीतीश कुमार के कामकाज से प्रभावित होकर जदयू में आए हैं. इस मौके पर जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा कि चंदन कुमार के आने से जदयू को मजबूती मिलेगी. लोकसभा चुनाव में लाभ होगा. सीएम नीतीश कुमार की नीति, सिद्धांतों से प्रभावित होकर आए हैं. वहीं, दूसरी ओर शारीम अली भी जदयू में शामिल हुए. वह 2015 में जीतन मांझी की पार्टी से विधानसभा चुनाव लड़े थे. अभी किसी पार्टी में नहीं थे. इस तरह सोमवार को दो नेताओं ने जदयू का दामन थाम लिया. इस मौके पर कार्यक्रम में मौजूद विजय कुमार चौधरी ने कहा कि दोनों (चंदन कुमार और शारीम अली) के आने से जदयू को मजबूती मिलेगी. सीएम के काम से प्रभावित होकर आए हैं.

बता दें कि राजद को इन दिनों लगातार झटका मिल रहा है. अभी पिछले महीने (मार्च 2024) में भभुआ से विधायक भरत बिंद ने पाला बदला था. वह सत्ता पक्ष में जाकर बैठ गए थे. इस तरह बिहार में एनडीए की सरकार बनने के बाद राजद विधायक चेतन आनंद, नीलम देवी, प्रहलाद यादव ने राजद का साथ छोड़ दिया था. ऐसे में देखा जाए तो लगातार छोटे-बड़े नेताओं का पार्टी से जाना लगा है. लोकसभा चुनाव से पहले इस तरह पार्टी से नेताओं का जाना राजद के लिए झटका से कम नहीं है.

### कटिहार में निर्दलीय प्रत्याशी हिमराज सिंह ने नाम लिया वापस

**कटिहार ।** कटिहार में राबड़ी सरकार में मंत्री रह चुके हिमराज सिंह ने लोकसभा उम्मीदवारी से नाम वापस ले लिया है. उन्होंने अब जदयू प्रत्याशी दुलालचंद गोस्वामी के पक्ष में चुनाव प्रचार करने का निर्णय लिया है. पूर्व मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से टेलिफोनिक बातचीत के बाद उनके निवेदन पर नाम वापस लेने का फैसला किया है. पूर्व मंत्री ने कहा कि पूरे देश में मोदी लहर है. ऐसे में देश को सशक्त सरकार देने और मुख्यमंत्री के विकास कार्य को मजबूत करने के लिए उन्होंने यह फैसला किया है. पूर्व मंत्री ने कहा की नीतीश कुमार के बातों से प्रभावित होकर उन्होंने यह निर्णय लिया है.

### राजद के दो विधायक निर्दलीय प्रत्याशी के समर्थन में उतरे

**नवादा ।** नवादा में राजद पार्टी के दो विधायकों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद के खिलाफ लोकसभा चुनाव में बिगुल फूंक दिया है. नवादा के राजद विधायक विभा देवी और प्रकाशवीर दोनों विधायकों ने राजद प्रत्याशी श्रवण कुशवाहा के खिलाफ राजद से बागी होकर चुनाव लड़ रहे निर्दलीय प्रत्याशी विनोद यादव के समर्थन में उतर गए हैं. वे न सिर्फ अपना समर्थन दिया, बल्कि निर्दलीय प्रत्याशी को जीत दिलाने और राजद प्रत्याशी को करारी हार देने की बात भी कर रहे हैं. इन दोनों विधायकों द्वारा लोकसभा क्षेत्र में निर्दलीय प्रत्याशी विनोद यादव के साथ घुम-घुमकर मंच भी साझा कर रहे हैं.

### छपरा-मुजफ्फरपुर मुख्य मार्ग पर हुआ हादसा

# रोड शो से लौट रहे 3 युवकों की सड़क हादसे में मौत

- राजद प्रत्याशी रोहिणी आचार्य के रोड से लौटने के दौरान हुआ हादसा

**संवाददाता ।पटना**



छपरा-मुजफ्फरपुर मुख्य मार्ग पर भेल्दी थाना के राजा चौक के पास रविवार देर रात हुई एक सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की मौत हो गई. दो बाइक में हुई टक्कर से यह हादसा हुआ है. दोनों बाइक पर तीन-तीन लोग सवार थे. हादसे में एक बाइक से एक और दूसरी बाइक से दो युवकों की मौत हुई है. छपरा सदर अस्पताल के डॉक्टर सुब्रत कुमार ने तीन लोगों की मौत की पुष्टि की है. शव का पोस्टमार्टम कर दिया गया है.

बताया जाता है कि छपरा के दरियापुर में रविवार को रोहिणी आचार्य का रोड शो था. एक बाइक पर सवार तीन युवक रोहिणी आचार्य के रोड शो के बाद रात में लौट रहे थे और अपने घर जा रहे थे. वहीं दूसरी बाइक पर सवार तीन लोग ड्यूटी से घर जा रहे थे. इन दोनों बाइक के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई. मृतकों की पहचान आकाश ठाकुर (19 साल), चंदन कुमार (20 साल) और धीरज कुमार (21 साल) के रूप में की गई है. घटना के दौरान बाइक 15-20 फीट हवा में उछल गई.

घटना के संबंध में बताया गया कि मृतक आकाश, चंदन और ज्ञान चंद ये तीन लोग एक बाइक से गड़खा जा रहे थे. वहीं दूसरी बाइक पर धीरज, रोशन, बाबू साहब आरजेडी की प्रत्याशी और लालू यादव की बेटी रोहिणी आचार्य के रोड शो में शामिल होने के बाद लौट रहे थे. इसमें से धीरज कुमार की मौत हुई है. बाकी दो युवकों का इलाज चल रहा है. इस घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने एनएच-722 पर आगजनी कर हंगामा किया. सड़क जाम कर दिया. घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है. पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा दिया है और परिजनों को सौंप दिया गया है. घटना की सूचना मिलने पर भेल्दी थाना पुलिस मौके पर पहुंची एवं शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द किया गया. वहीं घटना की सूचना मिलने पर मृतकों के परिवार में कोहराम मच गया.

### अपराधियों ने फाइनेंस कर्मी से 62 हजार रु. लूटे

**पूर्वी चंपारण ।** जिले में मोतिहारी-ढाका मार्ग पर गंगापीपर और राघोपुर के बीच लोन वसूली कर लौट रहे फाइनेंसकर्मी से अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर 62 हजार रुपये छीन लिया. घटना के बाद फाइनेंसकर्मी के निशानदेही पर ढाका पुलिस ने ढाका हाई स्कूल के समीप से घटना को अंजाम देने वाले एक व्यक्ति को पकड़ लिया है. पकड़ा गया आरोपी सीतामढ़ी जिला के बैरगनियां निवासी सद्दाम हुसैन बताया गया है. कर्मी ने बताया कि चिरैया से लोन वसूली कर लौट रहे थे.

### हथियार और कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण ।** एसपी कांतेश कुमार मिश्र के निर्देश पर आसन्न लोक सभा चुनाव-2024 को लेकर जिला पुलिस टीम द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत पकड़ीदयाल डीएसपी सुबोध कुमार के नेतृत्व में गड़हिया ओपी पुलिस ने सघन छापेमारी करते हुए सिरौली गाँव के समीप से एक अपराधी को एक देशी कट्टा व एक कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है. पकड़े गये अपराधी की पहचान गड़हिया ओपी क्षेत्र निवासी आनंद कुमार के रूप में हुई है,जिससे पूछताछ के बाद गड़हिया ओपी द्वारा अग्रतर कार्रवाई की जा रही है.

### बक्सर से टिकट कटने के बाद पहली बार अश्विनी चौबे बोले-

# मेरा कसूर यही है कि मैं ब्राह्मण समाज से हूं

**संवाददाता ।पटना**

केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने सोमवार को पहली बार बक्सर से टिकट नहीं मिलने पर अपनी चुप्पी तोड़ी.



उन्होंने कहा कि पार्टी ने मुझे सब कुछ दिया है. पार्टी ने सब कुछ किया और संघर्ष हमारा जीवन है. यह हमारे जीवन की पूंजी है. कभी किसी के सामने हाथ नहीं फैलाया है. हम टिकट बांटने वालों में से थे. मुझे पार्टी में जो सम्मान दिया है आगे भी सम्मान देने की बात हमारी हो रही है. मैं नाराज नहीं हूं. मैं बाहर का नहीं हूं. मैं बक्सर का हूं और बक्सर का ही बनकर कर रहूंगा. हम भीगी बिल्ली की तरह नहीं हैं. बीजेपी हमारी मां है, बीजेपी ने सब कुछ दिया है. मेरा कसूर यही है कि मैं एक फकीर हूं. मेरा कसूर यही है कि मैं ब्राह्मण समाज का हूं. चौबे ने आगे कहा कि जहां तक आप सब जानते हैं. भगवान राम की चौपाई के साथ उन्होंने कहा कि हम रामकाज के लिए हैं जो हो गया, सो हो गया. अबकी बार 400 पार होगा. मेरा कसूर क्या है यह तो बताओ? मैं 1966 से लगातार संघर्ष कर रहा हूं. मेरी 58 साल की तपस्या है. मेरा कसूर यही है कि मैं सक्रिय राजनीति में पूरी तरीके से हिंदुस्तान के अंदर सक्रियता से रहा. जो गिरगिट की तरह रंग बदलते हैं, मैं रंग बदलने वालों में नहीं हूं.

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज ऐतिहासिक है. पटना में लोकनायक जयप्रकाश नारायण 50 वर्ष पहले आज ही के दिन अपने आवास से सड़क पर उतरे थे. 72 साल की उम्र में वो सड़क आंदोलन करने आए थे.

# युवक ने मजदूरी मांगी तो चढ़ा दिया ट्रैक्टर, दबकर हुई मौत

**संवाददाता ।कैमूर**

कैमूर जिले के रामगढ़ में ट्रैक्टर की चपेट में आने से 20 वर्षीय युवक की मौत हो गयी. मृतक के परिजनों का आरोप है कि उसकी हत्या की गयी है. वह ट्रैक्टर मालिक से मजदूरी मांगने गया था, जहां उसकी पिटाई की गयी और फिर उसके ऊपर ट्रैक्टर चढ़ा दिया गया. मृतक की पहचान दरवान गांव निवासी शंभू राम के 20 वर्षीय पुत्र आकाश कुमार के रूप में की गयी है. रेफरल अस्पताल रामगढ़ पहुंच कर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भभुआ सदर अस्पताल भेज दिया. प्राप्त जानकारी के अनुसार, आकाश कुमार गांव के एक ग्रामीण के यहां ट्रैक्टर चलाता था, रविवार को वह अपने मजदूरी के रुपये मांगने के लिए गया हुआ था, जहां ट्रैक्टर की चपेट में आ जाने से मौत हो गयी. इस मामले में आरोपी ट्रैक्टर का मालिक फरार है. मृतक के पिता शंभू राम ने कहा कि उनका बेटा गांव के एक ग्रामीण के यहां मजदूरी पर ट्रैक्टर चलाया करता था, कुछ महीनों के रुपये उनके यहां बाकी थे, रविवार को वह रुपये लेने के लिए गया था.

### प्रतिबंधित लॉटरी टिकट के साथ दो गिरफ्तार

**अररिया ।** फारबिसगंज थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर सुभाष चौक बस स्टैंड के पास कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में प्रतिबंधित लॉटरी टिकट के साथ दो कारोबारियों को गिरफ्तार किया है. फारबिसगंज एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा को मिली गुप्त सूचना पर फारबिसगंज थाना पुलिस ने यह कार्रवाई की. पुलिस ने 52 हजार 500 प्रतिबंधित लॉटरी टिकट के साथ नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 16 शिवाजी चौक निवासी 40 वर्षीय शंकर यादव और गोढ़ीयारी चौक वार्ड संख्या 18 निवासी 24 वर्षीय तिलक साह को गिरफ्तार किया है.

## कारोबार

### कीस्टोन रियलटर्स की बिक्री बुकिंग 41% बढ़ी


**नयी दिल्ली ।** 'रुस्तमजी ब्रांड' के तहत संपत्तियां बेचने वाली कीस्टोन रियलटर्स लिमिटेड की वित्त वर्ष 2023-24 में बिक्री बुकिंग में 41 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2,266 करोड़ रुपये रही. वित्त वर्ष 2022-23 में यह 1,604 करोड़ रुपये रही थी. कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 में 12.1 लाख वर्ग फुट क्षेत्र बेचा गया, जो उससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 के 10.4 लाख वर्ग फुट से 17 प्रतिशत अधिक है.

### पांच गीगावाट क्षमता विस्तार का लक्ष्य रखा

**नयी दिल्ली ।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी ने सोमवार को कहा कि उसने वित्त वर्ष 2024-25 में अपनी उत्पादन क्षमता को पांच गीगावाट तक बढ़ाने का लक्ष्य तय किया है. कंपनी ने बयान में कहा कि एनटीपीसी का लक्ष्य तीन गीगावाट तक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को जोड़ना है, जो पर्यावरण संरक्षण के लिए उसकी प्रतिबद्धता का उदाहरण है. इसके अलावा कंपनी अपनी तापीय ऊर्जा क्षमता में दो गीगावाट की वृद्धि करेगी. इस समय समूह की स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 3.5 गीगावाट है.

### प्रेस्टीज एस्टेट्स ने रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की

**नयी दिल्ली ।** रियल एस्टेट कंपनी प्रेस्टीज एस्टेट्स प्रोजेक्ट्स



लिमिटेड की वित्त वर्ष 2023-24 में बिक्री बुकिंग सालाना आधार पर 63 प्रतिशत बढ़कर 21,040 करोड़ रुपये रही. प्रेस्टीज एस्टेट्स ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि उसने अभी तक की सर्वाधिक वार्षिक बिक्री हासिल की है. कंपनी ने कहा, प्रेस्टीज समूह ने 2023-24 में 21,040 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड बिक्री हासिल की, जो सालाना आधार पर 63 प्रतिशत की बढ़ोतरी है. वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी की बिक्री बुकिंग 12,931 करोड़ रही थी.

### इंडियन मार्केट में सोने ने तोड़े सारे रिकॉर्ड

# पहली बार सोना 71 हजार के पार और चांदी 81,000 रुपये पर पहुंची

**एजेंसी ।मुंबई**

भारत में सोने-चांदी के दाम लगातार नए रिकॉर्ड बना रहे हैं और सोना मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर पहली बार 71,000 रुपये के पार निकल गया है. चांदी में भी शानदार उछाल के बाद 81,000 रुपये से ऊपर के दाम देखे जा रहे हैं और इसमें 1000 रुपये से ज्यादा का उछाल है तो ये 82,000 रुपये के भी बेहद करीब आ चुकी है. चांदी में कभी भी 82,000 रुपये के लेवल भी पार हो सकते हैं. सोना अभी तक के सबसे महंगे भाव पर चला गया है और एमसीएक्स पर इसका सर्वाधिक ऊंचा दाम 71057 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट पर है. सोने में करीब सोमवार को 400 रुपये से ज्यादा का उछाल देखा जा रहा है और ये अब तक के सबसे हाई रेट पर कारोबार कर रहा है.

**विदेशी बाजार में भी चमक बढ़ी :** विदेशी बाजार में भी सोना और चांदी दोनों धमाकेदार तेजी का प्रदर्शन कर रहे हैं. कॉमैक्स पर गोल्ड जून फ्यूचर्स 15.60 डॉलर प्रति औंस की बढ़त के साथ 2,361.25 डॉलर प्रति औंस पर बना हुआ है. वहीं कॉमैक्स पर ही चांदी मई फ्यूचर्स कॉन्ट्रेक्ट 27.902 डॉलर प्रति औंस के रेट पर ट्रेड कर रही है. अक्षय तृतीया का पर्व आने वाली 10 मई को है और इससे पहले ही सोने के दाम में जोरदार बढ़त से गहने खरीदने वालों के सामने चिंता है कि इस बार सोने-चांदी के सिक्के या गहने कैसे खरीदे जाएंगे. दरअसल भारत में अक्षय तृतीया का पर्व काफी शुभ माना जाता है और इस दिन जमकर सोने-चांदी और अन्य वस्तुओं की खरीदारी की जाती है.



#### 1040 रुपये से ज्यादा की तेजी देखी गयी

चांदी की चमक तो सोमवार को बेहतरीन रूप से बढ़ी है और कारोबार खुलते ही इसमें 1040 रुपये से ज्यादा की तेजी देखी गई है. चांदी 81,000 रुपये की कीमतों को तो पार कर ही चुकी है और अब ये 82,000 रुपये के करीब जा रही है. एमसीएक्स पर चांदी का मई वायदा 81955 रुपये प्रति किलो के रेट पर आ चुका है जो इसका ऑलटाइम हाई लेवल है. सुनहरी मेटल सोना और चमकीली मेटल चांदी के लिए ये ड्रीम रन या शानदार तेजी का दौर चल रहा है. सोना और चांदी के दाम बेतहाशा ऊंचाई के बाद आसमान छू रहे हैं.

#### शेयर बाजार नई ऊंचाइयों पर

### 75000 की दहलीज पर पहुंचा सेंसेक्स, निफ्टी 22650 के पार

**मुंबई ।** सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सेंसेक्स और निफ्टी एक बार फिर नई ऊंचाइयों पर पहुंच कर बंद हुए. सोमवार को सेंसेक्स 494.28 (0.66%) अंकों की बढ़त के साथ 74,742.50 के स्तर पर जबकि निफ्टी 152.60 (0.68%) अंक चढ़कर 22,666.30 पर बंद हुआ. इस दौरान सेंसेक्स अपने ऑल टाइम हाई 74,869.30 के स्तर पर पहुंचते हुए 75000 के दहलीज पर पहुंच गया. निफ्टी भी 22,697.30 के ऑल टाइम हाई पर पहुंचा. सोमवार को बाजार में बंपर खरीदारी के दौरान बीएसई पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों के शेयरों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण 1.3 लाख करोड़ रुपये बढ़कर पहली बार 400 लाख करोड़ रुपये के स्तर को पार कर गया.

### मुथूट माइक्रोफिन का एयूएम 32 प्रतिशत बढ़ा

**नयी दिल्ली ।** मुथूट माइक्रोफिन की प्रबंधन अधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) 31 मार्च तक सालाना आधार पर 32 प्रतिशत बढ़कर 12,194 करोड़ रुपये हो गईं. मुथूट माइक्रोफिन ने अद्यतन व्यावसायिक रिपोर्ट में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में उसका ऋण वितरण रिकॉर्ड 10,662 करोड़ रुपये रहा जो गत वित्त वर्ष 2022-23 की तुलना में 32 प्रतिशत अधिक है. मुथूट माइक्रोफिन ने कहा, एयूएम सालाना आधार पर 32 प्रतिशत बढ़कर 31 मार्च 2024 तक 12,194 करोड़ रुपये हो गया. यह 31 मार्च 2023 तक 9,208 करोड़ रुपये था.

### एयरइंडिया ने शनमुगम को वैश्विक हवाई अड्डा परिचालन प्रमुख बनाया

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया ने जयराज शनमुगम को अपने वैश्विक हवाई अड्डा परिचालन का प्रमुख नियुक्त किया है. टाटा समूह की एयरलाइन की ओर से सोमवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, शनमुगम 15 अप्रैल को कार्यभार संभालेंगे. वह मुख्य परिचालन अधिकारी कैप्टन क्लॉस गोएर्श के अधीन काम करेंगे. इससे पहले शनमुगम बैंगलोर इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (बीआईएएल) में मुख्य परिचालन अधिकारी थे.

# आरईसी ने 3.59 लाख करोड़ रुपये का कर्ज मंजूर किया

- कंपनी ने 2022-23 में 2.68 लाख करोड़ रुपये का कर्ज मंजूर किया था

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**

सार्वजनिक क्षेत्र की आरईसी लि. ने बीते वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान रिकॉर्ड 3.59 लाख करोड़ रुपये के कर्ज को मंजूरी दी है. यह सालाना आधार पर 33.66 प्रतिशत अधिक है. कंपनी ने शेयर बाजार को दी यह जानकारी दी है. कंपनी ने 2022-23 में 2.68 लाख करोड़ रुपये का कर्ज मंजूर किया था.

कुल 3.59 लाख करोड़ रुपये के कर्ज में से 1.36 लाख करोड़ रुपये नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के लिए मंजूर किये गये. यह इससे पिछले साल में हरित परियोजनाओं के लिए मंजूर 21,371 करोड़ रुपये के कर्ज से अधिक है. बिजली मंत्रालय के अधीन आने वाली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी ने कहा, आरईसी लि. ने अपनी वृद्धि यात्रा जारी रखी है. कंपनी ने वर्ष 2023-24 के दौरान 3.59 लाख करोड़ रुपये का कर्ज स्वीकृत किया जो अबतक का सर्वाधिक है. जबकि 1.61 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड कर्ज वितरण किया.

# अडाणी की इकाई ईवी चार्जिंग स्टेशन करेगी स्थापित

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**

अडाणी समूह और फ्रांसीसी ऊर्जा कंपनी टोटलएनर्जीज के संयुक्त उद्यम की एक इकाई चार्जिंग नेटवर्क को मजबूत करने के लिए नई एमजी डीलरशिप में ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित करेगी. कंपनी ने सोमवार को एक बयान में कहा, अडाणी टोटल गैस लिमिटेड (एटीजीएल) की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी अडाणी टोटलएनर्जीज ई-मोबिलिटी लिमिटेड (एटीईएल) और एमजी मोटर इंडिया ने भारत में ईवी चार्जिंग बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए. एमओयू के तहत एटीईएल चार्जिंग नेटवर्क को मजबूत करने और ग्राहक पहुंच बढ़ाने के लिए आगामी एमजी डीलरशिप पर सीसी2 60 किलोवाट डीसी चार्जर स्थापित करेगा.

## योजना

### ऐपल की इस योजना के तहत 78,000 से अधिक यूनिट्स का निर्माण किया

# अब मकान बनाने की तैयारी में जुट रहा है ऐपल

**भाषा ।नयी दिल्ली**

आईफोन बनाने वाली अमेरिकी टेक कंपनी ऐपल भारत में अब कारोबार का विस्तार करने की योजना पर काम कर रही है. इसी क्रम में ऐपल 78,000 से अधिक मकान बनाने की तैयारी में है. ऐपल ने पिछले ढाई साल में भारत में 150,000 डायरेक्ट जॉब पैदा किए हैं. अब ऐपल ईकोसिस्टम चीन और वियतनाम के इंडस्ट्रियल हाउसिंग के तर्ज पर भारत में भी अपने फैक्ट्री कर्मचारियों को आवासीय सुविधाएं प्रदान करने की तैयारी में है. सरकारी अधिकारियों के मुताबिक ऐपल के कॉन्ट्रैक्ट मैन्यूफैक्चरर्स और सप्लायर्स अपने कर्मचारियों के लिए मकान बनाने की योजना बना रहे हैं. इनमें फॉक्सकॉन, टाटा और सालकोंप भी शामिल हैं. ये मकान पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत बनाए जा रहे हैं. इस योजना के तहत 78,000 से अधिक यूनिट्स का निर्माण किया जाना है. इनमें से तमिलनाडु को सबसे ज्यादा करीब 58,000 मकान मिलेंगे. तमिलनाडु में सबसे ज्यादा मकान स्टेट इंडस्ट्री प्रमोशन कॉरपोरेशन ऑफ तमिलनाडु द्वारा बनाए जा रहे हैं. टाटा ग्रुप और एसपीआर इंडिया भी घर बना रहे हैं. योजना के तहत, केंद्र सरकार 10-15% फंडिंग प्रदान करेगी जबकि बाकी पैसा राज्य सरकारें और कंपनियां देंगी.

अधिकारियों ने कहा कि निजी क्षेत्र को निर्माण और हैंडओवर की प्रक्रिया 31 मार्च, 2025 को खत्म होने वाले फाइनेंशियल ईयर में पूरा होने की संभावना है. एक अधिकारी ने कहा कि इस योजना का मकसद एफिशियंसी में सुधार करना और खासतौर पर प्रवासी महिला कर्मचारियों को सुरक्षा प्रदान करना है. इनमें से अधिकांश की उम्र 19 से 24 वर्ष के बीच है. अधिकारियों ने कहा कि खासकर महिलाओं के लिए एक ही लोकेशन पर इतनी बड़ी हाउसिंग योजना भारत में अपनी तरह की पहली स्कीम है. अधिकांश कर्मचारी किराये पर रहते हैं और फैक्ट्रीज तक पहुंचने के लिए उन्हें बसों में घंटों यात्रा करनी पड़ती है. चूंकि कई कर्मचारी महिलाएं हैं. इसलिए इससे सुरक्षा संबंधी समस्याएं भी पैदा होती हैं. कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री लोकेशन सेंसिटिव है. उसे एक बड़े हवाई अड्डे के पास होना चाहिए, ताकि कार्गो को आसानी से बाहर भेजा जा सके. सरकार वर्कर्स के लिए आरामदायक हाउसिंग सुनिश्चित करना चाहती है क्योंकि उनमें से कई देश के विभिन्न हिस्सों से आते हैं. इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय के सचिव एस कृष्णन ने कहा कि आपको यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि वर्कर्स को फैक्ट्री के करीब अच्छी क्वालिटी वाले मकान दिए जाएं.

#### टाटा ग्रुप व एसपीआर इंडिया भी घर बना रहे हैं



#### आवासीय सुविधा


- तमिलनाडु को सबसे ज्यादा 58,000 मकान मिलेंगे
- इसमें केंद्र सरकार 10-15% फंडिंग प्रदान करेगी

# जेएसडब्ल्यू वन प्लेटफॉर्म्स ने रंजन पई को निदेशक बनाया

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**

#### पई को शिक्षा व स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्रों में मार्गदर्शन प्रदान करने का अनुभव है

जेएसडब्ल्यू वन प्लेटफॉर्म्स ने अपने निदेशक मंडल में स्वतंत्र निदेशक के



रूप में रंजन पई की नियुक्ति की सोमवार को घोषणा की. कंपनी 23 अरब अमेरिकी डॉलर वाले जेएसडब्ल्यू समूह का ई-कॉमर्स उद्यम है. जेएसडब्ल्यू वन प्लेटफॉर्म्स ने बयान में कहा, अपनी इस भूमिका में पई कंपनी के भविष्य को आकार देने और हितधारकों के दीर्घकालिक लाभ के लिए रणनीतिक मार्गदर्शन प्रदान करेंगे. पई को शिक्षा व स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्रों और भारत में प्रौद्योगिकी स्टार्टअप में निवेश तथा मार्गदर्शन प्रदान करने का अनुभव है. जेएसडब्ल्यू वन प्लेटफॉर्म्स के निदेशक पार्थ जिंदल ने कहा, मैं उनके अमूल्य अनुभव की प्रतीक्षा कर रहा हूं क्योंकि हम जेएसडब्ल्यू वन को भारत के 400 अरब डॉलर के बी2बी (व्यवसाय से व्यवसाय) बाजार में सबसे बड़े प्रौद्योगिकी मंच के रूप में स्थापित तथा विस्तारित कर रहे हैं. उन्होंने कहा, ई-कॉमर्स परिवेश और मार्गदर्शन के बारे में उनका गहरा ज्ञान हमारे विकास तथा शासन संरचनाओं को बढ़ाने में महत्वपूर्ण होगा. चूंकि हम अगले 18 से 24 महीने में आईपीओ (आरंभिक सार्वजनिक निर्गम) लाने की दिशा में काम कर रहे हैं.




हर हर गंगे: सोमवती अमावस्या के अवसर पर हरिद्वार की हर की पौड़ी पर पतित पावनी गंगा में स्नान करने के लिए श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब. -फोटो : पीटीआई

सीएए को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा-

# किसी की नागरिकता नहीं जाएगी

भाषा। नामक्कल (तमिलनाडु)

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि नागरिकता (संशोधन) अधिनियम के लागू होने से किसी भी भारतीय की नागरिकता नहीं जाएगी, भले ही वह किसी भी धर्म से संबंध रखता हो. उन्होंने विपक्षी दल कांग्रेस और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) पर इस मुद्दे को लेकर भ्रम पैदा करने का आरोप लगाया. राजनाथ ने लोकसभा चुनाव में नामक्कल से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार के पी रामलिंगम के समर्थन में यहां एक रोड शो करने के बाद कहा कि भाजपा ने जो वादा किया, उसे हमेशा पूरा किया और अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण



करना और धारा 370 एवं सीएए को निरस्त करना ऐसे ही वादे थे.

उन्होंने कहा कि हमने नागरिकता अधिनियम का वादा किया था और हमने इसे पूरा किया. मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि भारत के किसी भी नागरिक की नागरिकता नहीं जाएगी - चाहे वह हिंदू हो, मुसलमान हो, ईसाई हो, पारसी हो या यहूदी हो. उन्होंने कहा कि द्रमुक और कांग्रेस इस मामले पर भ्रम पैदा कर रहे हैं. तीन तलाक को समाप्त किए जाने पर उन्होंने कहा कि किसी भी धर्म की माताएं और बहनें हमारी माताएं और बहनें हैं. राजनाथ सिंह ने कहा कि किसी भी धर्म की हमारी माताओं और बहनों पर हर अत्याचार के खिलाफ हम उनके साथ खड़े हैं और हमने तीन तलाक को खत्म करके यह साबित कर दिया है.

### खास बातें

- भाजपा ने जो वादा किया, उसे हमेशा पूरा किया
- द्रमुक व कांग्रेस इस मामले पर भ्रम पैदा कर रहे हैं

## ब्रीफ खबरें

### पूर्ण सूर्य ग्रहण देखने उमड़ी लोगों की भीड़

**मेस्क्वाइट (अमेरिका)।** मेक्सिको से अमेरिका और कनाडा तक फैले एक संकरे गलियारे में लाखों दर्शक सोमवार को होने वाली पूर्ण सूर्य ग्रहण का उत्सुकता से इंतजार कर रहे हैं. ऐसे में उत्तरी अमेरिका में, ग्रहण देखने वालों की अब तक की सबसे बड़ी भीड़ जुटने की उम्मीद है. घनी आबादी वाले रास्ते, टेक्सास और अन्य पसंदीदा स्थानों में दोपहर में चार मिनट तक अंधेरा छाए रहने की उम्मीद आकर्षण का बड़ा कारण है.

### असम के तीन दिवसीय दौरे पर आतिशी

**नयी दिल्ली ।** आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता आतिशी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपनी पार्टी के चुनाव प्रचार के लिए सोमवार से असम के तीन दिवसीय दौरे पर जाएंगी. 'आप' के अनुसार, वह डिब्रूगढ़ और तेजपुर जिलों में चुनाव प्रचार करेंगी. आतिशी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि असम में भी केजरीवाल की क्रांति आएगी. अगले तीन दिन मैं असम जाकर, विकसित भारत के केजरीवाल के सपने और तानाशाही के खिलाफ उनकी जंग को सभी के साथ साझा करूंगी.

### इजराइल ने गाजा से कुछ सैनिकों को वापस बुलाया

**यरुशलम।** इजराइल की सेना ने रविवार को घोषणा की कि उसने गाजा के दक्षिणी शहर खान यूनुस से अपने सैनिक वापस बुलाए हैं. इजराइल ने खान यूनुस में हमास के चरमपंथियों के खिलाफ जमीनी हमले के अपने चरण को पूरा कर लिया है और अपने सैनिकों को वापस बुलाया है. लेकिन रक्षा अधिकारियों ने कहा कि सैनिकों को खान यूनुस से बुलाकर पुनः एकत्रित किया जा रहा है क्योंकि सेना हमास के आखिरी गढ़ रफह में घुसने की तैयारी कर रही है.

### 'पुष्पा 2: द रूल' फिल्म का टीजर जारी

**नयी दिल्ली।** 'पुष्पा 2: द रूल' फिल्म के निर्माताओं ने सोमवार को अभिनेता अल्लू अर्जुन के 42वें जन्मदिन के अवसर पर बहुप्रतीक्षित फिल्म का टीजर जारी किया. पुष्पा 2: द रूल'' का निर्देशन सुकुमार ने किया है. यह 'पुष्पा 1: द राइज' का सीक्वल है, जिसमें अर्जुन ने मुख्य किरदार निभाया था और मलयालम स्टार फहद फासिल एक पुलिस निरीक्षक भंवर सिंह शेखावत की भूमिका में थे. माइथ्री मूवी मेकर्स ने 'एक्स' पर अपने आधिकारिक पेज पर टीज़र साझा किया.

पीएम ने छत्तीसगढ़ के गांव 'छोटे आमाबाल' में रैली को किया संबोधित, कहा-

# कांग्रेस के दौर में भ्रष्टाचार थी देश की पहचान

भाषा। जगदलपुर

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस सरकार के दौर में भ्रष्टाचार देश की पहचान बन गई थी. प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र के गांव 'छोटे आमाबाल' में 'विजय संकल्प शंखनाद' रैली को संबोधित कर रहे थे. इस अवसर पर बस्तर और कांकेर से पार्टी के प्रत्याशी महेश कश्यप और भोजराज नाग मौजूद थे. बता दें कि छत्तीसगढ़ की 11 सीट के लिए तीन चरणों में 19 अप्रैल, 26 अप्रैल और सात मई को मतदान होगा. बस्तर में 19 और कांकेर में 26 अप्रैल को वोट होगा.

**कांग्रेस का पलटवार:** इधर, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि पीएम मोदी छत्तीसगढ़ के बस्तर जा रहे हैं. लेकिन, भाजपा के व्यवहार से साफ पता चलता है कि कॉरपोरेट पूंजीपतियों के साथ उनकी मित्रता लोगों के प्रति उनके कर्तव्यों से कहीं अधिक गहरी है. उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि एक आदिवासी बहुल जिले में पीएम इस पर थोड़ी बात तो कर ही सकते हैं कि वह राज्य में आदिवासी समुदायों के अधिकारों की रक्षा करने में क्यों विफल रहे हैं.

### हमने लूट का लाइसेंस निरस्त कर दिया : पीएम

पीएम ने कहा कि आजादी के बाद से कांग्रेस समझती थी कि उसे देश को लूटने का लाइसेंस मिला हुआ है. 2014 में सरकार में आने के बाद मोदी ने कांग्रेस की लूट का लाइसेंस निरस्त कर दिया. मोदी यह लाइसेंस इसलिए कैंसिल कर पाया क्योंकि आपने मोदी को लाइसेंस दिया है. उन्होंने कहा कि सारे लोग कान खोलकर सुन लें कि मोदी को चाहे जितनी धमकियां दो लेकिन भ्रष्टाचारियों को जेल जाना ही पड़ेगा, यह मोदी की गारंटी है.



### भाजपा ने 34 लाख करोड़ लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजा

भाजपा सरकार ने अपने 10 साल के कार्यकाल में 34 लाख करोड़ रुपये सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजा है. दिल्ली से एक रुपये भेजा गया और पूरे 100 पैसे गरीब के खातों में जमा हो गए. एक रुपये भेजने पर 85 पैसे गायब होने का जादू का खेल बंद हो गया है. मोदी ने कहा कि अब पैसे सीधे लोगों के बैंक खाते में जाते हैं और एक भी पैसा कांग्रेस लूट नहीं पाई. उन्होंने कहा कि अगर देश में कांग्रेस की सरकार होती तो राजीव गांधी के हिसाब से गरीबों के 34 लाख करोड़ रुपये में से 28 लाख करोड़ रुपये लूट लिये जाते.

### भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो रही है

मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो रही है. उन्होंने कहा कि राज्य के युवाओं को जिन्होंने धोखा दिया है उनकी तेजी से जांच चल रही है, इसलिए अब नाराज होकर वे लाठी से मोदी का सिर फोड़ने की धमकी दे रहे हैं. उन्होंने कहा कि वह कहते हैं कि 'भ्रष्टाचार हटाओ', तो वह कहते हैं कि 'भ्रष्टाचारी बचाओ.' मोदी ने कहा कि वे चुनावी रैलियां नहीं कर रहे हैं, वे भ्रष्टाचारियों को बचाने की रैलियां कर रहे हैं.

### बोले पीएम

- एक रुपये भेजने पर 85 पैसे गायब होने का जादू बंद
- मोदी ने कांग्रेस की लूट की व्यवस्था को बंद कर दिया

### भ्रष्टाचार से गरीबों का ज्यादा नुकसान हुआ

रैली में प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस की सरकार के समय भ्रष्टाचार ही देश की पहचान बन गई थी और भ्रष्टाचार से अगर सबसे ज्यादा नुकसान किसी का होता है तो गरीब का नुकसान होता है. भ्रष्टाचार गरीब का हक मारता है. 2014 से पहले लाखों करोड़ रुपये के घोटाले होते थे. उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार में दिल्ली से एक रुपया भेजा जाता था तो सिर्फ 15 पैसा गांव तक पहुंचता था. यह मैं नहीं कह रहा हूं, कांग्रेस के ही प्रधानमंत्री (पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का जिक्र) ने कहा था कि दिल्ली से हम एक रुपये भेजते हैं तो 15 पैसा ही पहुंचता है. अरे भाई, बताओ ना वह कौन पंजा था जो 85 पैसे मार लेता था. उन्होंने कहा कि मोदी ने कांग्रेस की लूट की इस व्यवस्था को बंद कर दिया है.

### पीएम मोदी के समर्थन में अमेरिका के 16 से अधिक शहरों में निकली रैली

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राजधानी में ऐतिहासिक राष्ट्रीय स्मारक और लिंकन स्मारक से लेकर ईस्ट कोस्ट में प्रतिष्ठित गोल्डन ब्रिज तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सैकड़ों समर्थकों ने आगामी लोकसभा चुनावों में उनकी जीत के लिए रैलियां कीं. 'ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी (ओएफबीजेपी) यूएसए' द्वारा रविवार को 'मोदी का परिवार मार्च' रैलियों का आयोजन किया गया था. एक मीडिया विज्ञप्ति में रविवार को कहा गया कि प्रधानमंत्री मोदी के दोबारा चुनाव और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के भारत में आगामी लोकसभा चुनावों में 400 से अधिक सीटें जीतने के समर्थन में सैन फ्रांसिस्को, ह्यूस्टन और अटलांटा सहित 16 से अधिक शहरों में प्रमुख स्थानों पर रैलियां आयोजित की गईं.

# पीएम के पूर्वजों ने दिया था अंग्रेजों व मुस्लिम लीग का साथ : खड़गे

भाषा। नई दिल्ली



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पार्टी के घोषणा पत्र को लेकर भाजपा नेताओं के आरोपों पर पलटवार करते हुए दावा किया कि प्रधानमंत्री के वैचारिक पूर्वजों ने स्वतंत्रता आंदोलन के समय अंग्रेजों और मुस्लिम लीग का साथ दिया था. खड़गे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि मोदी-शाह के राजनीतिक व वैचारिक पुरखों ने स्वतंत्रता आंदोलन में भारतीयों के खिलाफ, अंग्रेजों और मुस्लिम लीग का साथ दिया था. आज भी वो कांग्रेस के 'न्याय पत्र' के खिलाफ मुस्लिम लीग की दुहाई दे रहे हैं. उन्होंने दावा किया कि मोदी-शाह के पुरखों ने 1942 में 'भारत छोड़ो आंदोलन' के दौरान, महात्मा गांधी के आह्वान व मौलाना आजाद की अध्यक्षता वाले आंदोलन का विरोध किया था. कांग्रेस अध्यक्ष ने सवाल किया कि क्या श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने तत्कालीन अंग्रेज गवर्नर को ये नहीं लिखा था कि 1942 के कांग्रेस के 'भारत छोड़ो आंदोलन' को कैसे दबाना चाहिए और इसके लिए वह अंग्रेजों का साथ देने के लिए तैयार हैं?

# कुछ नेताओं ने नोटिस मिलते कांग्रेस छोड़ दी : वेणुगोपाल

भाषा। अलप्पुझा

वरिष्ठ कांग्रेस नेता के.सी. वेणुगोपाल ने सोमवार को कहा कि कुछ नेता केंद्रीय जांच एजेंसियों से नोटिस मिलते ही पार्टी छोड़ देते हैं और 'भाजपा तथा केंद्र सरकार के चरणों में गिर जाते हैं'. एआईसीसी के महासचिव (संगठन) वेणुगोपाल ने हालांकि कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार जैसे नेताओं की तारीफ की और कहा कि उनके मुताबिक उन्होंने विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी द्वारा डाले गए कथित दबाव को नाकाम कर दिया. शिवकुमार का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री एक ऐसे नेता हैं जिन्होंने केंद्रीय एजेंसियों द्वारा बिना किसी कारण के जेल भेजे जाने के बावजूद पार्टी में बने रहने का साहस दिखाया. कई अन्य नेताओं ने जहां केंद्रीय जांच एजेंसियों से नोटिस मिलने पर कांग्रेस छोड़ दी और (भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के सामने) आत्मसमर्पण कर दिया.

# मोजाम्बिक में नौका पलटने से 90 से अधिक लोगों की मौत

भाषा। हरारे

मोजाम्बिक के उत्तरी तट पर रविवार को एक अस्थायी नौका पलट जाने से उसमें सवार बच्चों समेत 90 से अधिक लोगों की मौत हो गई. स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी. स्थानीय ऑनलाइन प्रसारणकर्ता 'टीवी डियारियो नामपुला' की खबर के अनुसार, नाव में उसकी क्षमता से अधिक लोग सवार थे. उसने बताया कि नौका में 130 लोग सवार थे और डूबने वालों में कई बच्चे थे. रिपोर्ट में कहा गया है कि नौका देश के उत्तर में स्थित नामपुला प्रांत के लुंगा से मोजाम्बिक द्वीप जा रही थी और तभी वह पलट गई. ऐसा बताया जा रहा है कि कई लोग अब भी लापता है. बचाव प्रयास सोमवार को भी जारी रहा. 'टीवी डायरियो नामपुला' की खबर के अनुसार, कुछ लोग एक मेले में



भाग लेने के लिए यात्रा कर रहे थे, जबकि अन्य लोग हैजा के संक्रमण से बचने के लिए लुंगा से मोजाम्बिक द्वीप जाने की कोशिश कर रहे थे.अन्य समाचार रिपोर्ट में नामपुला प्रांत के राज्य सचिव जैमे नेटो के हवाले से कहा गया कि कथित हैजा फैलने के बारे में गलत सूचना के कारण लोग घबरा गए और भागने की कोशिश में नाव पर चढ़ गए. यह नौका आमतौर पर मछली पकड़ने के लिए इस्तेमाल की जाती थी. मोजाम्बिक और उसके पड़ोसी दक्षिण अफ्रीकी देशों जिम्बाब्वे और मलावी हालिया महीनों में हैजा के प्रकोप से प्रभावित हुए हैं.

**फैसला :** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने सास-ससुर के खिलाफ खारिज किया केस

# हिंदू विवाह में 'कन्यादान' नहीं, 'सात फेरे' जरूरी रस्म...

शुभम संदेश नेटवर्क। लखनऊ

इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने एक मामले की सुनवाई करते हुए टिप्पणी की कि हिंदू मैरिज एक्ट के तहत विवाह संपन्न कराने के लिए 'कन्यादान' आवश्यक प्रथा नहीं है. उच्च न्यायालय ने आशुतोष यादव द्वारा दायर पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि एक्ट के मुताबिक केवल 'सप्तपदी' (सात फेरे) हिंदू विवाह का एक आवश्यक समारोह है. यह टिप्पणी जस्टिस सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने की. एक अंग्रेजी अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक आशुतोष यादव ने अपने ससुराल वालों द्वारा दायर वैवाहिक विवाद से संबंधित एक आपराधिक मामले को लड़ते हुए 6 मार्च को लखनऊ के अतिरिक्त सत्र न्यायालय में एक याचिका दायर की थी. अपनी याचिका के जरिए उसने कोर्ट से मामले में दो गवाहों को पुनः समन किए जाने का अनुरोध किया था. अदालत ने उसकी याचिका खारिज कर दी. इस पर उसने हाईकोर्ट की शरण ली.

याची की ओर से हाईकोर्ट में दलील दी गई कि उसकी पत्नी का कन्यादान हुआ था या नहीं, यह स्थापित करने के लिए अभियोजन के गवाहों जिसमें वादी भी शामिल है, को पुनः समन किया जाना आवश्यक है. इस पर हाईकोर्ट ने हिंदू मैरिज एक्ट की धारा 7 का उल्लेख किया, जिसके तहत हिंदू विवाह के लिए सप्तपदी यानी 'साफ फेरे' को ही अनिवार्य परंपरा माना गया है.

### हिंदू विवाह में कन्यादान की परंपरा क्या है

इस अनुष्ठान का महत्व वैदिक युग से है, जिसमें दूल्हे को भगवान विष्णु का अवतार माना जाता है, जबकि दुल्हन को देवी लक्ष्मी का स्वरूप माना जाता है. 'कन्यादान' संस्कार दुल्हन के परिवार द्वारा किया जाता है, जिसमें आमतौर पर उसके माता-पिता अपनी बेटी को मंत्रोच्चार के बीच अग्नि को साक्षी मानकर दूल्हे को अर्पित करते हैं. कन्यादान का अर्थ कन्या का दान नहीं बल्कि आदान होता है. आदान का मतलब है लेना या ग्रहण करना. हिंदू विवाह के दौरान कन्या का आदान करते हुए पिता वर से कहता है, 'अब तक मैंने अपनी कन्या का पालन पोषण किया और उसकी जिम्मेदारी निभाई. आज से मैं अपनी कन्या आपको सौंपता हूं.' इसके बाद वर पिता को कन्या की जिम्मेदारी निभाने का वचन देता है. इस तरह वर कन्या के प्रति पिता के दायित्वों को ग्रहण करता है. इसी रस्म को कन्यादान कहा जाता है. कन्यादान होने तक, दुल्हन के माता-पिता उपवास रखते हैं.



### हिंदू विवाह में सात फेरे की परंपरा क्या है

हिंदू विवाह सात फेरों के बिना पूर्ण नहीं माना जाता. हिंदू धर्मग्रंथों के मुताबिक ये सात फेरे पति और पत्नी के बीच संबंधों में स्थिरता के मुख्य स्तंभ माने जाते हैं. इसे संस्कृत में सप्तपदी कहा जाता है. शादी के दौरान वर-वधू अग्नि को साक्षी मानकर 7 फेरों के साथ 7 वचन या संकल्प लेते हैं, जिनका उन्हें जीवनपर्यंत पालन करना होता है. पहले वचन में वर संकल्प लेता है कि वह अपने होने वाली पत्नी को हमेशा तीर्थ यात्रा या धार्मिक कार्य में अपनी बायीं तरफ स्थान देगा. दूसरे वचन में वर संकल्प लेता है कि वह अपने माता-पिता की तरह ही वधू के माता-पिता का भी सम्मान करेगा. तीसरे वचन में वधू अपने जीवनसाथी से कहती है कि यदि वह हर परिस्थिति में उसका पालन करने, ध्यान रखने का संकल्प लेता है तो वह उसके वामांग में आने को तैयार है.

## कॅरियर-काउंसिलिंग

# 10-12वीं के बाद करें कंप्यूटर साइंस के ये कोर्स, बनेगा बेहतरीन कॅरियर

रजनीश प्रसाद। रांची


**कंप्यूटर साइंस में डिप्लोमा एक सर्टिफिकेट कोर्स है, जहां शिक्षार्थी कंप्यूटर में डिजाइन, सॉफ्टवेयर के विकास और प्रोग्रामिंग तथा कोडिंग पर ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं. कोर्स को पूरा होने में एक से तीन साल का समय लगता है. इच्छुक उम्मीदवार जो कंप्यूटर साइंस में डिप्लोमा करना चाहते हैं, उन्हें अपनी कक्षा 10 या 12 वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करनी चाहिए. इस कोर्स को करने के लिए उनके अंक 50-55% से अधिक होने चाहिए.**

### कंप्यूटर साइंस डिप्लोमा क्यों चुनें?

- **एटिविटी को बढ़ाना**– जब आप कंप्यूटर सॉफ्टवेयर के लिए कोडिंग करने की क्षमता रखते हैं तो उसकी कोई सीमा नहीं है. आप मैन्युअल कार्यों को स्वचालित कर सकते हैं, उपयोगकर्ताओं के लिए चीजों को तेज और आसान बना सकते हैं या लगभग किसी भी समस्या का समाधान कर सकते हैं.
- **समस्या को सुलझाना**– कंप्यूटर प्रोग्रामिंग आपके समस्या-समाधान स्किल को तेज करती है. आप एक बड़ी समस्या का विवरण लेते हैं और इसे छोटे टुकड़ों में तोड़ देते हैं, तब सॉल्व करते हैं इसलिए प्रोग्रामिंग द्वारा आप जो समस्या-समाधान स्किल सीखते हैं, वह आपके जीवन के हर पहलू में काम आती है.
- **वर्क रिमोटली**– डिजिटल दुनिया कंप्यूटर नेटवर्क से जुड़ी हुई है, और अब अधिकांश चीजें क्लाउड में रहती हैं, इसलिए आपको किसी विशिष्ट स्थान से बंधे रहने की आवश्यकता नहीं है. आप अपना काम उतनी ही प्रभावी ढंग से अपनी पसंद के स्थान पर कर सकते हैं.
- **फ्यूचर स्कोप**– आवश्यक प्रशिक्षण और शिक्षा के स्तर के कारण एक्सपीरियंस कंप्यूटर विशेषज्ञ मुश्किल से आते हैं और अच्छे वेतन प्राप्त करते हैं. एक छात्र के रूप में, टेक्नोलॉजी की प्रगति से हमेशा नए अवसर पैदा होते हैं. अपने लाभ के लिए इन अवसरों का उपयोग करें और अपने करियर को आगे तक ले जाएं.

### कंप्यूटर साइंस डिप्लोमा के लिए भारतीय विश्वविद्यालय

- बनारस हिंदू विश्वविद्यालय
- इलाहाबाद विश्वविद्यालय
- दिल्ली विश्वविद्यालय
- गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय
- अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय
- अन्ना विश्वविद्यालय
- लखनऊ विश्वविद्यालय
- मुंबई विश्वविद्यालय
- पुणे विश्वविद्यालय
- लोयोला कॉलेज चेन्नई
- मिरांडा हाउस (दिल्ली)
- मद्रास क्रिश्चियन कॉलेज
- हिंदू कॉलेज (दिल्ली विश्वविद्यालय)
- श्री वेंकटेश्वर कॉलेज (दिल्ली विश्वविद्यालय)



### भारत में आवेदन प्रक्रिया

- सबसे पहले अपनी चुनी हुई यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट में जाकर रजिस्ट्रेशन करें.यूनिवर्सिटी की वेबसाइट में रजिस्ट्रेशन के बाद आपको एक यूजर नेम और पासवर्ड प्राप्त होगा.
- फिर वेबसाइट में साइन इन के बाद अपने चुने हुए कोर्स का चयन करें जिसे आप करना चाहते हैं.
- अब शैक्षिक योग्यता, वर्ग आदि के साथ आवेदन फॉर्म भरें.
- इसके बाद आवेदन फॉर्म जमा करें और आवश्यक आवेदन शुल्क का भुगतान करें.
- यदि एडमिशन, प्रवेश परीक्षा पर आधारित है तो पहले प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करें और फिर रिजल्ट के बाद काउंसलिंग की प्रतीक्षा करें. प्रवेश परीक्षा के अंकों के आधार पर आपका चयन किया जाएगा और लिस्ट जारी की जाएगी.

### कंप्यूटर साइंस डिप्लोमा के लिए स्किल्स

- सी , जावा, वेब डेवलपमेंट जैसी प्रोग्रामिंग भाषाओं का ज्ञान होना चाहिए.
- पाइथन, कोटलिन जैसी प्रोग्रामिंग भाषाओं का ज्ञान होना चाहिए.
- समस्या समाधान करने का हुनर.
- क्रिएटिविटी.
- महत्वपूर्ण विचार करने की स्किल्स.
- तकनीकी स्किल्स.
- ऑर्गेनाइजेशन के हुनर.
- टीम वर्क का हुनर.
- डिजिटल मार्केटिंग की नॉलेज.
- प्रोग्रामिंग की नॉलेज.
- विश्लेषणात्मक स्किल्स.
- कंप्यूटर एल्गोरिदम, ऑपरेटिंग सिस्टम, सॉफ्टवेयर, डेटाबेस हैंडलिंग आदि का गहन ज्ञान.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **दीपक कुमार अम्बष्ठ***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)